@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
गुरूवार, 23 अप्रैल 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 168 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# 'भाजपा की सरकार बनी तो तीन हजार रुपये मिलेंगे'

## फॉर्म भर दिया ना; हुगली में अमित शाह ने की महिलाओं से बात

**एजेंसी**

**हुगली।** पश्चिम बंगाल के हुगली में बुधवार को चुनाव प्रचार करने पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह का अलग अंदाज देखने को मिला।



वह रैली स्थल पर लोगों से बातचीत करते दिखाई दिए और भाजपा को वोट देने की अपील की। हुगली के सप्तग्राम में चुनाव प्रचार के बाद गृह मंत्री वहां मौजूद भीड़ के पास पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से हालचाल जाना। शाह ने पूछा कि आप सभी लोग ठीक हैं ना? उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा महिलाओं को तीन हजार रुपए महीना देने वाली है। आप लोगों ने फॉर्म भर दिया या नहीं? महिलाओं ने जवाब में कहा कि हां, हमने फॉर्म भर दिया है। इसके बाद अमित शाह ने पूछा कि आप लोगों को ममता सरकार से मुक्त होना है ना? सभी ने हां में जवाब दिया। इसके बाद अमित शाह ने जय श्रीराम का नारा लगाया और निकल गए।वीडियो शेयर करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि बंगाल में कमल खिलने के लिए तैयार है। जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि 7 बजे के बाद माताएं घर से न निकलें। आप भाजपा की सरकार बना दो, मोदी जी के हाथ मजबूत करो। रात को एक छोटी सी बच्ची भी स्कूटी से बाहर निकल पाए और किसी गुंडे की आंख उठाकर देखने की हिम्मत न हो। घुसपैठियों के मुद्दे पर अमित शाह ने कहा कि हमें सीमा पर बाड़ लगाने की जरूरत है, लेकिन ममता दीदी इसके लिए जमीन नहीं देतीं। बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 600 एकड़ जमीन चाहिए। भाजपा सरकार को चुनिए और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि 45 दिनों के भीतर हम सीमा पर बाड़ लगवा देंगे। घुसपैठिए नौकरियां छीन रहे हैं, गरीबों के लिए बने संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं और देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता दीदी घुसपैठियों को बचाने की चाहे जितनी भी कोशिश करें, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी पहचान हो और उन्हें बंगाल से खदेड़ दिया जाए।

> *उन्होंने कहा कि ममता दीदी घुसपैठियों को बचाने की चाहे जितनी भी कोशिश करें, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी पहचान हो और उन्हें बंगाल से खदेड़ दिया जाए।*

# प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी मामले में चुनाव आयोग ने खड़गे को भेजा नोटिस

## 24 घंटे में मांगा जवाब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कथित रूप से 'आतंकवादी' शब्द के इस्तेमाल पर कड़ा रुख अपनाया है और उन्हें 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, आयोग ने इस टिप्पणी को चुनाव आचार संहिता के संभावित उल्लंघन के रूप में देखा है, खासकर उन प्रावधानों के तहत जो चुनावी अवधि के दौरान शालीनता बनाए रखने और भड़काऊ या आपत्तिजनक भाषा से बचने से संबंधित हैं। चुनाव आयोग की यह कार्रवाई उस समय आई जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को आयोग से मिला और खड़गे की टिप्पणी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। भाजपा ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इससे अन्य लोगों के लिए भी 'नजीर' स्थापित होनी चाहिए। भाजपा के उच्चस्तरीय



प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, निर्मला सीतारमण और अर्जुन राम मेघवाल के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह शामिल थे। सभी नेताओं ने चुनाव आयोग से हस्तक्षेप कर कांग्रेस अध्यक्ष के 'जहरीले बयान' पर कार्रवाई करने की अपील की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई आपत्तिजनक भाषा पर गहरा दुख और आक्रोश जताया है तथा तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है।

उन्होंने कहा, 'खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को 'आतंकवादी' कहना सिर्फ एक टिप्पणी नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का गंभीर अपमान है। इस तरह के शर्मनाक आचरण को सामान्य नहीं बनाया जा सकता। '

यह विवाद मंगलवार को उस समय शुरू हुआ जब चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खड़गे ने एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री के संदर्भ में 'आतंकवादी' शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बयान को 'गलत तरीके से समझा गया' है।

# बारामती सीट पर उपचुनाव के मतदान में नहीं शामिल हो पाएंगे शरद पवारः सुनेत्रा पवार

## बारामती के लोग पवार साहब की अपील पर निश्चित रूप से उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया देंगे।

**एजेसी**

**बारामती।** महाराष्ट्र की बारामती विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार मतदान नहीं कर पाएंगे। यह जानकारी महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने सोशल मीडिया पर साझा की। उपमुख्यमंत्री और एनसीपी चीफ सुनेत्रा पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि खराब स्वास्थ्य के कारण पवार साहब (शरद पवार) बारामती विधानसभा उपचुनाव के मतदान में शामिल नहीं हो पाएंगे। हालांकि, उनका आशीर्वाद मेरे और बारामती की जनता के लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि पवार साहब का बारामती, महाराष्ट्र और देश के विकास में योगदान प्रेरणादायक है। उनके मार्गदर्शन में दादा ने भी विकासोन्मुखी राजनीति की समृद्ध परंपरा को कायम रखा है। बारामती के लोग पवार साहब की अपील पर निश्चित रूप से उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया देंगे। बारामती के लोग विकास के विचारों से जुड़े हुए हैं, और भविष्य में भी यह दिशा दृढ़ बनी रहेगी।उन्होंने कहा कि पवार साहब के स्वास्थ्य में शीघ्र स्वस्थ होने की मेरी हार्दिक प्रार्थना है! इससे पहले शरद पवार ने क्षेत्र की जनता के नाम एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने बताया कि वह मतदान करने के लिए बारामती पहुंचने वाले थे, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि वे जल्द स्वस्थ होकर फिर से जनता के बीच लौटेंगे।



# राजनाथ सिंह व जर्मनी के रक्षामंत्री की मुलाकात

## डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप पर हुए हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्लिन में जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस से महत्वपूर्ण मुलाकात की। यह बैठक उनकी तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा का अहम हिस्सा रही, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करना है। इस मुलाकात की एक प्रमुख उपलब्धि 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' पर हस्ताक्षर करना रहा। यह रोडमैप और समझौता दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग में सहयोग को नई दिशा देगा। बुधवार को हुई इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापक मुद्दों पर चर्चा की। राजनाथ सिंह ने भारत का पक्ष दोहराते हुए कहा कि आतंकवाद की उसके हर रूप में बिना किसी अपवाद या औचित्य के स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। वहीं भारत-जर्मनी रक्षा सहयोग को गहरा करने, वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य में हो रहे बदलावों, तथा उभरती भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा भी शामिल रही। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि वर्तमान समय में बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत और भरोसेमंद साझेदारी बेहद




आवश्यक है। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सहयोग को लेकर एक कार्यान्वयन व्यवस्था (इम्प्लीमेंटिंग अरेंजमेंट) पर भी हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति अभियानों में समन्वय बढ़ाना, प्रशिक्षण और अनुभव साझा करना तथा वैश्विक शांति प्रयासों में प्रभावी योगदान सुनिश्चित करना है। बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जर्मनी के रक्षा मंत्री से मुलाकात अत्यंत सकारात्मक और सार्थक रही। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर विचार-विमर्श किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की यह यात्रा भारत और जर्मनी के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों का संकेत है। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और वैश्विक शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साझा करते रहे हैं। ऐसे में रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी योगदान देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इससे पहले जर्मनी की राजधानी बर्लिन में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की थी।

## रक्षामंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से खुलकर संवाद किया

इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी भारत और जर्मनी के बीच एक 'जीवंत सेतु' हैं। राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों को बताया कि आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और बुनियादी ढांचे में बड़े स्तर पर विकास हो रहा है। इसके साथ ही भारत में स्टार्टअप का माहौल भी तेजी से बढ़ा है, जहां युवा नए-नए विचारों के साथ आगे आ रहे हैं। राजनाथ सिंह ने अंतरिक्ष और डिजिटल क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि भारत इन क्षेत्रों में भी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राजनाथ सिंह ने बर्लिन में अपने तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन जर्मन संसद की रक्षा और सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति को भी संबोधित किया था। रक्षा मंत्री ने यहां कहा कि आज दुनिया नए प्रकार के सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है। तकनीकी बदलावों ने स्थिति को और अधिक जटिल बना दिया है। ऐसे में बदलते माहौल के अनुरूप ढलने की क्षमता और नई सोच अपनाना समय की मांग है।

# उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन गुरुवार को उत्तराखंड दौरे पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन 23 अप्रैल को उत्तराखंड के दौरे पर जाएंगे।



उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, उपराष्ट्रपति अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश के छठे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और स्नातक विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। दीक्षांत समारोह में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 386 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट (सेवानिवृत्त) जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# उच्च स्तरीय केंद्र से बासमती का उत्पादन बढ़ेगा, जिससे खेती की आमदनी बढ़ने और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में कमी आने की उम्मीद

**कौमी पत्रिका**

चंडीगढ़, 22 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के प्रयासों से राज्य में बासमती के लिए एक उच्च स्तरीय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जिससे राज्य में फसली विविधता को बढ़ावा मिलेगा और किसानों के भविष्य को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। नीदरलैंड दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कृषि और उद्योग क्षेत्र की बेहतरीन कार्यप्रणालियों का अध्ययन किया, जिन्होंने उस देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि देश की भलाई के लिए पंजाब के किसानों ने उपजाऊ भूमि और पानी जैसे अनमोल प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक उपयोग किया है, जिसके कारण किसानों को गेहूं-धान के चक्र से बाहर निकालना समय की मांग बन गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसके लिए राज्य में फसली विविधता को बड़े स्तर पर प्रोत्साहन देने की जरूरत है और इस दिशा में नीदरलैंड पंजाब की बड़ी मदद कर सकता है। मुख्यमंत्री ने रॉटरडैम में एलटी फूड्स की सुविधा का दौरा किया, जहां कंपनी ने 80 से अधिक देशों में अपनी मौजूदगी और एक लाख से अधिक किसानों के साथ मजबूत संबंधों की जानकारी दी। उन्होंने टिकाऊ खेती की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने के लिए कीटनाशकों के उपयोग में कमी लाना और वैश्विक बाजार में बासमती चावल को बढ़ावा देना जरूरी है। भगवंत सिंह मान के प्रयासों से एलटी फूड्स ने पंजाब में बासमती चावल के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने तथा सुनिश्चित खरीद और कम कीटनाशक उपयोग वाली खेती को बढ़ावा देने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने शोध और



टिकाऊ खेती पद्धतियों के लिए डच बहुराष्ट्रीय कंपनियों और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) के बीच सहयोग मजबूत करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि घटते मुनाफे के कारण खेती अब लाभकारी व्यवसाय नहीं रह गई है, जिससे किसानों को जीवनयापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने वाली तकनीकों का पहले ही आवश्यकता से अधिक उपयोग हो चुका है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह केंद्र वास्तविक कृषि आय बढ़ाने और बासमती उत्पादन में वृद्धि के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने में उत्प्रेरक साबित होगा। इसी दौरान उन्होंने आल्समीयर स्थित फ्लोरीकल्चर ऑक्शन मार्केट का भी दौरा किया, जो दुनिया का सबसे बड़ा फूल और पौधा बाजार है। यहां उन्होंने डच नीलामी प्रणाली के उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और वैश्विक वितरण के उच्च स्तर के समन्वय को समझा। भगवंत सिंह मान ने पंजाब में भी इसी तरह का मॉडल अपनाने की इच्छा जताई, जिससे कृषि वैल्यू चेन मजबूत होगी और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कृषि डायरेक्टर-जनरल सहित वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में नीदरलैंड सरकार के कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के साथ विस्तृत बैठक भी की। भारत और नीदरलैंड के बीच लंबे समय से चले आ रहे कृषि सहयोग का उल्लेख करते हुए उन्होंने जल दक्षता आधारित खेती, फसली विविधता, तकनीक आधारित उत्पादकता वृद्धि और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए डच विशेषज्ञता की मांग की। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब, नीदरलैंड की उन्नत कृषि प्रणालियों को अपनाने के लिए उत्सुक है, जिसमें ऑटोमेशन, ए.आई., ड्रोन, डेटा आधारित फसल प्रबंधन के प्रयोग के साथ-साथ ग्रीनहाउस कृषि में नवीनताएं शामिल हैं। **शेष पृष्ठ 3 पर**

# ऑन्धकार हटबे, सूरोज उठेबे, कोमोल खिलबे, दीदी... ए बार खेला शेष, उन्नयन शुरू : सीएम

## *'4 मई के बाद टीएमसी के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू होगी'*

**एजेंसी**

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। उदयनारायणपुर में टीएमसी के गुंडों की अराजकता व धमकी के बावजूद हजारों की भीड़ चिलचिलाती धूप में सिर पर गमछा और छाता लिए सीएम योगी को देखने-सुनने के लिए उमड़ पड़ी। भाजपा उम्मीदवार प्रभाकर पंडित के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने लोगों को आश्वस्त किया कि 4 मई के बाद तृणमूल कांग्रेस के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।

सीएम योगी मंच पर भाजपा कार्यकर्ता स्व. सुबोध जीत की मां से मिले और उनका दर्द बांटा, फिर कहा कि टीएमसी के गुंडों ने सुबोध को मारकर उनके जैसे हजारों कार्यकर्ताओं को पैदा किया है। मुझे यह भी पता लगा कि टीएमसी के गुंडे यहां भाजपा प्रत्याशी की सभा नहीं होने दे रहे हैं, टेंट नहीं लगने दे रहे हैं। तब मैंने कहा कि धूप में खड़े होकर भी उनके लिए सभा करूंगा, मैं कई कार्यक्रम स्थगित कर उदयनारायणपुर आया हूं। सीएम ने उदयनारायणपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं को बहादुर बताते हुए उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि 4 मई के बाद टीएमसी के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू होगी,



उन्हें जवाब दिया जाएगा। सीएम योगी ने धूप में खड़े मतदाताओं के उत्साह को प्रणाम किया और कहा कि आज यहां पंडाल नहीं लगाने दिया गया, कहा गया कि प्रभाकर पंडित की सभा में टेंट व माइक नहीं जाएगा। टीएमसी के गुंडों ने हमारे कार्यकर्ताओं को भी धमकाया। लेकिन, धूप व गर्मी की परवाह किए बिना आप लोग मां दक्षिणेश्वर काली को नमन करते हुए, बंगाल के वीर बलिदानियों की परंपरा के अनुरूप जो शपथ लेकर आए हैं, वह देखकर मैं कह रहा हूं कि उदयनारायणपुर समेत हावड़ा की सभी विधानसभा सीटों पर कमल खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में जैसे धारा-370 हमेशा के लिए समाप्त की गई।

# कोलकाता के शहीद मीनार मैदान में राहुल गांधी की सभा को मिली अनुमति

**एजेसी**

**कोलकाता।** आगामी 25 अप्रैल को कोलकाता के शहीद मीनार मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी जनसभा होगी। इसके लिए सेना की ओर से पार्टी को अनुमति मिल गई है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सभी 294 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की तीन सीटों पर चुनाव प्रचार कर चुके हैं। लेकिन दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए कई जगहों पर सभा की अनुमति नहीं मिल रही थी। पार्टी की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक सेना की तरफ से यह मंजूरी अब मिल गई है। आगामी 25 अप्रैल को कोलकाता के शहीद मीनार मैदान में राहुल गांधी की जनसभा होगी। प्रदेश कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, शनिवार दोपहर को शहीद मीनार में राहुल गांधी की सभा होगी। संगठन के महासचिव सौरभ घोष ने बताया कि इससे पहले रानी रश्मोनी रोड और मैदान में राहुल गांधी की सभा के लिए पुलिस से अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम रद्द करना पड़ा था। लेकिन इस बार शहीद मीनार में सभा की अनुमति सेना ने दे दी है।



# दिल्ली, हरियाणा समेत कुछ राज्यों में 4 से 5 दिनों तक लू चलने का पूर्वानुमान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के साथ ही कई राज्यों में भीषण गर्मी के हालात हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि अगले चार से पांच दिनों में उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के बड़े हिस्सों में लू की स्थिति और भी तीव्र होने की आशंका है। आईएमडी ने बुधवार को बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में 24 एवं 25 अप्रैल को, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 से 25 अप्रैल के बीच और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 से 26 अप्रैल के बीच लू चलने की आशंका है। राजस्थान में 24 से 26 अप्रैल, मध्य प्रदेश में 23 से 26 अप्रैल के बीच, छत्तीसगढ़ में 24 से 27 अप्रैल के बीच और गंगा के मैदानी पश्चिमी बंगाल, बिहार एवं झारखंड में 22 एवं 23 अप्रैल



को लू चलने की आशंका है। लू की चेतावनी के साथ ही मौसम विभाग ने 22 से 25 अप्रैल के बीच ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और तटीय गुजरात के कुछ इलाकों में गर्म और आर्द्र परिस्थितियों का पूर्वानुमान लगाया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा के कुछ हिस्सों के साथ ही कोंकण और गोवा में रात के समय गर्म मौसम रहने की संभावना है। इसके साथ ही पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में बारिश से हालात में थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने पूरे सप्ताह छिटपुट से लेकर व्यापक स्तर पर गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान लगाया है, साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

## चरोतर में भूकंप के झटके से दहशत, आणंद समेत कई इलाकों में लोग घरों से बाहर निकले

आणंद(एजेंसी)। गुजरात में पिछले कुछ समय से भू-स्तरीय हलचलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसी बीच आज आणंद जिले के चरोतर में आए भूकंप के झटकों ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया। शाम के समय आणंद और आसपास के क्षेत्रों में धरती हिलने से लोग घबरा गए। सावधानी के तौर पर कई लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकलकर खुले मैदानों में एकत्र हो गए। हालांकि अब तक किसी बड़े नुकसान की सूचना सामने नहीं आई है, लेकिन लोगों में डर का माहौल अभी भी बना हुआ है। गांधीनगर स्थित सिस्मोलॉजी रिसर्च सेंटर (आईएसआर) के अनुसार, आज शाम 4ः35 बजे आणंद और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके दर्ज किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र आणंद से लगभग 36 किलोमीटर दूर बताया गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में गुजरात में आए हल्के भूकंप के झटकों ने स्थानीय लोगों में चिंता और घबराहट बढ़ा दी है। राहत की बात यह है कि इस बार भी झटका हल्का होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि अचानक आए इन झटकों से लोगों में कुछ समय के लिए भय का माहौल जरूर बना रहा।

## ऑनलाइन गेम से शुरू हुआ प्यार, शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केरल से आरोपी गिरफ्तार

सूरत (एजेंसी)। शहर के पुना क्षेत्र की एक युवती ऑनलाइन गेम फ्री फायर और पबजी खेलने की शौकीन थी। गेम खेलने के दौरान उसकी पहचान केरल निवासी हिशाम मुनीर नामक युवक से हुई। खेल के दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिलाया। प्रेम संबंध बनने के बाद युवती केरल में पीजी में रहने चली गई। इस दौरान आरोपी हिशाम मुनीर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। लगातार शोषण के कारण युवती गर्भवती हो गई। जब युवती ने गर्भवती होने और शादी करने की बात कही, तब आरोपी ने अपना असली चेहरा दिखाते हुए उसे बेसहारा हालत में छोड़ दिया और फरार हो गया। अपने साथ हुए विश्वासघात और अन्याय के खिलाफ युवती सूरत लौट आई और पुना पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। युवती की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केरल निवासी आरोपी हिशाम मुनीर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ऑनलाइन गेम से शुरू हुआ प्यार, शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केरल से आरोपी गिरफ्तार

सूरत (एजेंसी)। शहर के पुना क्षेत्र की एक युवती ऑनलाइन गेम फ्री फायर और पबजी खेलने की शौकीन थी। गेम खेलने के दौरान उसकी पहचान केरल निवासी हिशाम मुनीर नामक युवक से हुई। खेल के दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिलाया। प्रेम संबंध बनने के बाद युवती केरल में पीजी में रहने चली गई। इस दौरान आरोपी हिशाम मुनीर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। लगातार शोषण के कारण युवती गर्भवती हो गई। जब युवती ने गर्भवती होने और शादी करने की बात कही, तब आरोपी ने अपना असली चेहरा दिखाते हुए उसे बेसहारा हालत में छोड़ दिया और फरार हो गया। अपने साथ हुए विश्वासघात और अन्याय के खिलाफ युवती सूरत लौट आई और पुना पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। युवती की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केरल निवासी आरोपी हिशाम मुनीर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लेंसकार्ट विवाद पर धीरेंद्र शास्त्री ने कंपनी के प्रमोटर्स से कहा, 'तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईवियर कंपनी लेंसकार्ट के ड्रेस कोड को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू संगठनों से जुड़े लोग 4 दिनों से कई शहरों के लेंसकार्ट स्टोर में जाकर कर्मचारियों को तिलक लगाकर कलावा बांध रहे हैं। इस बीच बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने कंपनी के प्रमोटर्स से कहा, 'तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले, भारत में काहे को मर रहा है? तेरो कक्का का भारत है क्या? हां! हमारे बाप का भारत है।' बीते सप्ताह सोशल मीडिया पर कंपनी का एक पॉलिसी डॉक्यूमेंट वायरल हुआ था। इसमें कर्मचारियों को बिंदी, तिलक, कलावा और बुर्का पहनने पर रोक की बात थी। हिजाब और पगड़ी को कुछ शर्तों के साथ अनुमति थी। सामाजिक कार्यकर्ता शेफाली वैद्य ने लेंसकार्ट का ड्रेस कोड को लेकर डाक्यूमेंट शेयर किया। उन्होंने कंपनी के फाउंडर से पूछा कि पीयूष बंसल, क्या आप स्पष्ट कर सकते हैं कि लेंसकार्ट में हिजाब ठीक है लेकिन बिंदी और कलावा क्यों नहीं? इसके बाद लोगों ने लेंसकार्ट को ट्रोल कर कंपनी की नीति पर सवाल उठाए। इसके बाद कंपनी के फाउंडर पीयूष बंसल ने 15 अप्रैल को बताया कि वायरल डॉक्यूमेंट पुराना है। यह कंपनी की मौजूदा गाइडलाइन नहीं दिखाता है। कंपनी सभी धर्मों का सम्मान करती है। देश में हमारे हजारों टीम मेंबर्स हैं, जो हर दिन अपने विश्वास और संस्कृति को गर्व के साथ अपनाते हैं।

## कर्नाटक में होमस्टे में अमेरिकी महिला के साथ रेप, दो आरोपी गिरफ्तार

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के कोडागु जिले के कुट्टा गांव स्थित होमस्टे में अमेरिकी महिला के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि घटना करीब एक हफ्ते पहले हुई थी। पुलिस के अनुसार, होमस्टे में काम करने वाले एक स्टाफ को मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी झारखंड निवासी है। पुलिस ने होमस्टे के मालिक को भी गिरफ्तार किया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और फिर रेप किया। जब पीड़ित महिला ने होमस्टे मालिक से शिकायत की, तब मालिक ने मामला दबाने की कोशिश की। होमस्टे मालिक ने तीन दिनों तक वाई-फाई सेवा बंद कर दी, जिससे वह किसी से संपर्क नहीं कर सकी। बाद में इंटरनेट सेवा मिलने पर वह मैसूर जाने के बहाने वहां से निकली।

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर मायावती ने किया साफ... कार्यकर्ता किसी भी भ्रम से बचें



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का रुख एक बार फिर स्पष्ट कर कार्यकर्ताओं को किसी भी प्रकार के भ्रम से बचने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल 2026 को पार्टी द्वारा जो आधिकारिक स्टैंड तय किया गया था, वहीं अब भी लागू है और उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने संगठन को मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया।

मायावती ने पोस्ट के जरिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पार्टी की नीतियों और दिशा-निर्देशों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पालन करें। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्यों के सिलसिले में दिल्ली जा रही हैं और जल्द ही वापस लौटेंगी, लेकिन इस दौरान संगठनात्मक कार्यों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से 31 मार्च 2026 को लखनऊ में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक का जिक्र कर कहा कि उसमें संगठन को मजबूत करने, कैडर के जरिए जनाधार बढ़ाने और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के जो निर्देश दिए गए थे, उन पर लगातार काम किया जाना चाहिए। इसके अलावा 22 फरवरी को आयोजित ऑल-इंडिया स्तर की बैठक में दिए गए निर्देशों को भी समयबद्ध तरीके से लागू करने पर जोर दिया। मायावती ने कहा कि वे जनता के बीच जाकर बीएसपी सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में बने कई एक्सप्रेस-वे और नोएडा में विकसित हो रहे जेवर एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं की रूपरेखा बीएसपी सरकार के दौरान ही तैयार की गई थी। उनका आरोप था कि तब केंद्र में रही कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण इन योजनाओं को पूरा होने में बाधाएं आईं।ं उन्होंने 'कानून द्वारा कानून का राज' और 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की विचारधारा पर कहा कि उत्तर प्रदेश के समग्र विकास, बेहतर कानून व्यवस्था और सभी वर्गों की उन्नति के लिए बीएसपी का शासन मॉडल ही सबसे उपयुक्त है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन मुद्दों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर मायावती ने साफ कहा कि पार्टी इसका समर्थन करती है, लेकिन इस कानून को पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए सामाजिक संतुलन बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि यदि महिला आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित नहीं किया गया, तब समाज के वंचित वर्गों को इसका पूरा लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण तभी सार्थक होगा जब सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर और प्रतिनिधित्व मिले। महिलाओं की आबादी के अनुपात को ध्यान में रखते हुए उन्हें पर्याप्त हिस्सेदारी मिलनी चाहिए और कमजोर वर्गों की महिलाओं के हितों की विशेष सुरक्षा भी जरूरी है।

## यासीन मलिक को मौत की सजा देने की एनआईए की मांग वाली याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली (एजेंसी)। कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को मौत की सजा देने की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टली है। अब मामले में 21 जुलाई को सुनवाई होगी। दिल्ली हाईकोर्ट में मलिक की ओर से दाखिल जवाब पर एनआईए ने भी अपना जवाब दाखिल किया। साथ ही कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में चल रहे सबरीमाला मामले में व्यस्त हैं, इसकारण सुनवाई टाल दी जाए। दिल्ली हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 21 जुलाई तय कर एनआईए के जवाब की कॉपी यासीन मलिक को देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि कि पूरा मामला 2017 के टेरर फंडिंग केस से जुड़ा है, इसमें मलिक पर हवाला, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से फंडिंग और जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के आरोप हैं। मलिक को पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने 24 मई 2022 को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद एनआईए ने 2023 में फैसले को चुनौती दी थी। एनआईए ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मलिक को मौत की सजा देने की मांग की है। एनआईए का दावा है कि मलिक ने 1990 के दशक में कई हत्याओं और अपहरणों में भूमिका निभाई, जिसमें वायुसेना के चार अधिकारियों की हत्या भी शामिल है। जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का हवाला देकर कहा कि इसतरह के मामले रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी में आते हैं और मलिक को मौत की सजा मिलनी चाहिए। वहीं, अलगाववादी नेता मलिक ने दिल्ली हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा था कि 1990 के बाद से केंद्र में सत्ता में रही छह सरकारों ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए मुझसे बात की थी। इसमें वी.पी. सिंह, चंद्रशेखर, पी.वी. नरसिम्हा राव, एच.डी. देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकारें शामिल हैं।

## देश में बढ़ रहा तापमान, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में लू का अलर्ट जारी

**-जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और लद्दाख में बारिश या बर्फबारी और चल सकती हैं तेज हवाएं**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में लू चलने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और दक्षिण भारत के कई इलाकों में गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर सकती है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र, कोंकण, गोवा, गुजरात और केरल में भी चिपचिपाने वाली गर्मी पड़ेगी। कुछ जगहों पर रात में भी गर्मी बनी रहने के आसार हैं, जिससे लोगों को राहत कम मिलेगी।

मौसम विभाग का कहना है कि इस बार सामान्य से ज्यादा दिन लू चल सकती है। खासतौर पर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, पूर्वी तट और पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा सकता है। गर्मी से बचाव के लिए विभाग लगातार अलर्ट जारी कर रहा है। खासकर बाहर काम करने वाले लोगों जैसे रेहड़ी-पटरी वाले और खेतों में काम करने वाले मजदूरों को मोबाइल और अन्य माध्यमों से जानकारी दी जा रही है, ताकि वे सावधानी बरत सकें। जहां एक तरफ गर्मी बढ़ रही है, वहीं देश के कुछ हिस्सों में मौसम बदलने के संकेत भी हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बारिश या बर्फबारी के साथ गरज-चमक और तेज हवाएं चल सकती हैं। पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में भी आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे थोड़ी राहत मिल सकती है।

दिल्ली में आने वाले दिनों में गर्मी और तेज होगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ सकता है, जिससे हीटवेव जैसे हालात बनेंगे। इस दौरान तापमान सामान्य से ऊपर या काफी ज्यादा रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय धूप में कम निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# मई में नॉर्वे, नीदरलैंड और इटली यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी, शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

**दौरे का उद्देश्य यूरोपीय संघ के साथ व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी मई के मध्य में यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यूरोपीय संघ के साथ व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना और महाद्वीप के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी को नई दिशा देना है। इस यात्रा में पीएम मोदी कई विदेश दौरे करेंगे। वे नॉर्वे, नीदरलैंड और इटली भी जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी की यात्रा का एक प्रमुख पड़ाव नॉर्वे की राजधानी ओस्लो होगा, जहां वे तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड और आइसलैंड के नेता भी शामिल होंगे। इससे पहले यह सम्मेलन 2018 में स्टॉकहोम और 2022 में कोपेनहेगन में हो चुका है। नॉर्वे यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ का एक अहम सदस्य है। अक्टूबर 2025 में लागू हुए भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते के बाद इस दौरे की अहमियत काफी बढ़ गई है।

इस समझौते के तहत ईएफटीए देशों ने अगले 15 सालों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया है, जिससे देश में करीब 10 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। साथ ही इससे कपड़ा, चमड़ा और खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में भारतीय निर्यातकों के लिए नए बाजार खुलेंगे। ओस्लो में होने वाली द्विपक्षीय वार्ताओं में हरित ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, ब्लू इकॉनमी, इनोवेशन, डिजिटलीकरण और आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग पर विस्तार से चर्चा होगी।

ओस्लो के बाद पीएम मोदी नीदरलैंड जाएंगे। यहां उनकी पिछली यात्रा 2017 में हुई थी। द हेग जल प्रबंधन, कृषि, तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों में भारत का एक प्रमुख भागीदार रहा है। पिछले साल कुछ कारणों से टल गए कार्यक्रमों और बैठकों की तारीखों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया जा सके। पीएम मोदी के कार्यक्रम में इटली भी शामिल है। यह उनकी इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। हालांकि वे 2021 में जी20 शिखर सम्मेलन और 2024 में जी7 आउटरीच के लिए रोम जा चुके हैं। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ उनकी चर्चा का मुख्य केंद्र रक्षा, ऊर्जा और निवेश से जुड़े मुद्दे होंगे। इस बात की भी संभावना है कि पीएम मोदी वेटिकन सिटी का दौरा करें और ईसाई धर्मगुरु पोप से मुलाकात कर सकते हैं।

इस दौरे से एफटीए को तेजी से लागू करने, सप्लाई चेन को विविधतापूर्ण बनाने और स्वच्छ तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। यूरोप के साथ इस सघन कूटनीति के क्रम में,



पीएम मोदी जून के महीने में फ्रांस भी जाएंगे, जहां वे जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत को 2019 से लगातार इस प्रभावशाली समूह के आउटरीच कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता रहा है, जो वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है।

## सबरीमाला मंदिर मामले की सुनवाई कर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा, हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बांटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते। यह सोच सही नहीं है। अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तब वहां कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तब क्या इस काम को सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तब वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया।

# चार धामों में व्यापार करने की सिर्फ सनातनी को ही अनुमति दी जाए: टी राजा

**-कालसी के हरिपुर को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जाए**



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरु हो गई है। 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री के बाद केदारनाथ धाम के कपाट खुल चुके हैं। 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। हैदराबाद विधायक टी राजा सिंह ने भी चारधाम यात्रा शुरू कर दी है। इससे पहले देहरादून में उन्होंने कहा कि चारों धाम की पवित्रता को बनाए रखने के लिए इन धामों में व्यापार करने के लिए सिर्फ सनातनी को ही अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे धामों में थूक जिहाद और व्यापार जिहाद की घटनाएं न हों।

हैदराबाद के गोशामहल से विधायक टी राजा ने यह बात जौनसार बावर के प्रवेश द्वार हरिपुर स्थित यमुना हरिघाट से चारधाम यात्रा की शुरुआत के दौरान कही। उन्होंने हरिपुर में यमुना पर हरिघाट के निर्माण के लिए उत्तराखंड सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि इससे हरिपुर कस्बे को उसका पुराना वैभव मिलेगा। विधायक ने कहा कि हरिद्वार और चारधाम में गैर-हिंदुओं को प्रतिबंधित करना उत्तराखंड सरकार का सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि कालसी के हरिपुर को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जाए। मान्यता है कि पूर्व में चार धाम यात्रा की शुरुआत हरिपुर के यमुना घाट से ही होती थी, जो किसी कालखंड में बंद हो गई थी, लेकिन अब घाट के बनने से यह दोबारा शुरू हो सकती है जिससे यहां के विकास के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

चारधाम यात्रा में पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को आवाजाही में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। आरटीओ प्रशासन ने रोटेशन से जुड़ी बस कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने बेड़े की 40 फीसदी बसों का संचालन लोकल रूटों पर करें। चारधाम यात्रा के पीक सीजन में बस कंपनियां अधिकांश बसें यात्रा रूटों पर लगा देती हैं, जिससे ग्रामीण रूटों पर परिवहन सेवा ठप हो जाती है। आरटीओ प्रशासन ने बताया कि रोटेशन से जुड़ी सभी बस कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि गांवों के रूटों पर समय पर बस सेवा मिले।

चारधाम यात्रा के मद्देनजर चमोली पुलिस की ओर से बदरीनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया गया है। सभी प्रवेश मार्गों, प्रमुख स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के जरिए सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियमित चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।

# बंगाल चुनाव में महिला मतदाता इस बार ममता सरकार का बुरा हाल करने वाली : सैनी

**इंडिया गठबंधन को प्रियंका गांधी वाड्रा ही चला सकती**

**गुरुग्राम(एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में बयान देकर पश्चिम बंगाल की राजनीति और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधकर कहा कि आगामी चुनावों में राज्य की जनता उनका ÷बहुत बुरा हाल÷ करने वाली है। सीएम सैनी के अनुसार, बंगाल की महिला मतदाता ऐसी सरकार चाहती हैं जो उन्हें सम्मान और 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करे, जबकि उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस दिशा में काम करने को इच्छुक नहीं है। सीएम सैनी ने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को 'निराशा का प्रतीक÷ बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास देश को विकसित बनाने के लिए दशकों का समय था, लेकिन कांग्रेस वहां स्वर्णिम मौका गंवा दिया गया। उनके अनुसार, आज कांग्रेस के पास न ठोस मुद्दे हैं और न ही व्यापक जनसमर्थन, जिसके कारण वह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तक सीमित होकर रह गई है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना कर सीएम सैनी ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धि बताया। उनके अनुसार, खेलों में बेटियों की सफलता, सेना में महिलाओं की भागीदारी और विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं परिवर्तन का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण और आवास योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आया है। गुरुग्राम में आयोजित हरियाणा कैबिनेट बैठक में 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया। इस सत्र में ÷हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज बिल, 2026' पेश किया जाएगा। साथ ही, 'नारी शक्ति वंदन' से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की संभावना भी जाहिर की गई है।

वहीं अपने संबोधन के अंत में सीएम सैनी ने 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमला को याद करते हुए पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश इस तरह के कायरतापूर्ण हमलों को कभी नहीं भूलेगा और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर मजबूती से खड़ा रहेगा।

# उम्मीदवार बटन पर रंग, स्याही, परफ्यूम, केमिकल लगाना या छिपाना अपराध

**ईवीएम बटनों से छेड़छाड़ रोकने चुनाव आयोग ने जारी किए कड़े निर्देश**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता,(ईएमएस)। भारत के चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारियों को कई कड़े निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश मुख्य रूप से ईवीएम के बटनों के साथ होने वाली छेड़छाड़ को रोकने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने दिए गए हैं। ये हैं ईवीएम बटनों से छेड़छाड़ रोकने के लिए सख्त नियम जिसमें बैलट यूनिट पर लगे हर उम्मीदवार के बटन पूरी तरह से खुलकर और साफ-साफ दिखाई देने चाहिए। किसी भी बटन को टेप, गोंद, चिपकने वाले पदार्थ या किसी अन्य सामग्री से ढकना या छिपाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

आयोग का कहना है कि मतदाता को अपना वोट डालने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए और यह तय होना चाहिए कि कोई भी बटन जानबूझकर छिपाकर मतदान को प्रभावित न किया जाए।

बैलट यूनिट के उम्मीदवार बटन पर किसी भी प्रकार का रंग, स्याही, परफ्यूम, केमिकल या अन्य कोई पदार्थ लगाना निषिद्ध है। ऐसा करने का उद्देश्य वोट की गोपनीयता भंग करना हो सकता है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाएगा। कभी-कभी कुछ लोग बटन पर ऐसे पदार्थ लगाकर बाद में पता लगाने की कोशिश करते हैं कि किस बटन को दबाया गया था, जिससे मतदान की गोपनीयता खतरे में पड़ जाती है। आयोग इसे वोट की पवित्रता पर हमला मानता है।

यदि प्रिसाइडिंग अधिकारी को मतदान केंद्र पर ऊपर बताई गई कोई भी बात नजर आए, जैसे बटन ढका हुआ हो या उस पर कोई पदार्थ लगा हो तो उन्हें तुरंत सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करना होगा। आयोग ने साफ कहा कि ऐसे सभी मामले को ईवीएम से छेड़छाड़ माना जाएगा जो चुनावी अपराध है। आयोग ने चेतावनी दी है कि वह ऐसे दोषियों के खिलाफ सख्त फौजदारी कार्रवाई करने में बिल्कुल नहीं हिचकेगा।

पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि यदि उन्हें मतदान केंद्र पर ऐसी किसी भी संदिग्ध घटना का पता चलता है, तो वे बिना देरी किए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को इसकी सूचना दें। यदि किसी बूथ पर ऐसी घटना की पुष्टि होती है, तो आयोग वहां पुनर्मतदान का आदेश भी दे सकता है। चुनाव आयोग के ये निर्देश पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में होने वाले मतदान से ठीक पहले लागू किए गए हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में गुरुवार 23 अप्रैल को मतदान होगा। बंगाल में दो चरणों में चुनाव हो रहा है। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा।

वहीं केरल, पुडुचेरी और असम में इस महीने की शुरुआत में ही मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन सभी राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे 4 मई को घोषित किए



जाएंगे। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव संपन्न कराने में लगे किसी भी अधिकारी की ओर से यदि कोई लापरवाही, कदाचार, पक्षपात या विफलता पाई जाती है तो इसे बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। चूक की गंभीरता के आधार पर कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्मान में कम लोगों के पहुंचने पर वीडियो वायरल करने वाले खिलाड़ी ने पंचायत में मांगी माफी

**एजेंसी**

**हिसार।** हांसी जिले के गांव खेड़ी जालब में बॉडी बिल्डिंग में पदक जीतने पर खिलाड़ी ने वीडियो वायरल करके ग्रामीणों पर आरोप लगाया कि उसका गांव में मान सम्मान नहीं किया गया। अब खिलाड़ी अपने बयान से पलटतेहुए गांव कि पंचायत में अपनी गलती का अहसास हुआ। बोला कि मेरी सोच छोटी थी और गांव वालों ने मेरे बारे में कुछ बड़ा सोच रखा था। मेरी नादानी की वजह से ही मामला ज्यादाबढ़ गया था जो कि पंचायत में अब यह विवाद सुलझ गया है। इसी विवाद को गांव की चौपाल में मंगलवार को शेरा सिंह की अध्यक्षता में पंचायत आयोजित की गई। जिसमें गांव के सरपंच युद्धवीर सिंह, रामनिवास खेड़ी, पूर्व सरपंच सुरेश शर्मा, परसा राम, करतारा, मान सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि गांव खेड़ी जालब के बॉडी बिल्डिंग खिलाड़ी राहुल एक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव में पहुंचा था। आनन फानन में उसका स्वागत का कार्यक्रम किया गया। गेहूं की फसल का काम होने के कारण गांव के कम लोग ही कार्यक्रम में पहुंच पाए थे। इससे आहत होकर राहुल ने एक भावुक वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो वायरल के बाद सोशल मीडिया पर उसकी काफी वीडियो बनाकर डाली गई।

## पुलिस ने बंबीहा गैंग से जुड़े एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने पंजाब के आपराधिक गैंग बंबीहा से एक आरोपी को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी सिरसा में हत्या प्रयास मामले में वांछित था। आरोपी के खिलाफ पंजाब व हरियाणा में करीब दस मामले दर्ज हैं। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने बताया कि सिरसा जिले के गांव सुखचैन निवासी तरसेम सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि मोटरसाइकिलों पर सवार करीब आधा दर्जन युवकों ने उस पर जान से फायर किए। जान बचाने के लिए वह भागकर ढाणी में घुस गया, वहां पर शोर सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गए। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए मामले में संलिप्त आरोपी रामबख्श को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने हत्या के प्रयास, लड़ाई-झगड़े और अवैध हथियार रखने से संबंधित मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पंजाब और हरियाणा में लगभग 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा मानसा जिला के बुढलाडा थाना क्षेत्र में भी वह अवैध हथियारों के साथ पकड़ा जा चुका है।

## यूपी से पानीपत में हेरोइन बेचने आया नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने एक युवक को 261 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यूपी में सहारनपुर के गंगोह निवासी अयान के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उनकी टीम बीती शाम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गांव नवादा आर में थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली कि यूपी निवासी एक युवक मादक पदार्थ लेकर नवादा पार की और से सनौली की तरफ जाएगा। सूचना को पुख्ता मानकर पुलिस टीम ने नवादा आर से नवादा पार रोड पर पुराना यमुना बंधा के पास नाकाबंदी कर दी। कुछ देर पश्चात नवादा पार की ओर से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को मौके पर ही काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सहारनपुर निवासी अयान के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई जींस पेंट की जेब से पोलिथीन में पैक हेरोइन (नशीला पदार्थ) बरामद हुई। बरामद हेरोइन का वजन करने पर 261 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह यूपी से कम कीमत पर हेरोइन खरीदकर सनौली क्षेत्र में बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में आया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## चंडीगढ़ में होगी किसान महापंचायत : राकेश टिकैत

**जींद।** भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की समस्याओं व मांगों को लेकर सरकार कुछ नहीं कर रही है। जल्द ही किसानों के आंदोलन को अगले चरण में ले जाते हुए चंडीगढ़ में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत को लेकर सभी जानकारी समय-समय पर किसानों को उपलब्ध करवा दी जाएगी। भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता राकेश टिकैत नई अनाज मंडी मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचे थे और वहां पिछले 15 दिन से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को समाप्त करवाया। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि महापंचायत को लेकर जो भी निर्णय लिए जाएंगे, उसके बारे में किसानों को अवगत करवा दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने धरना स्थल पर बनी 10 सदस्यीय कमेटी के साथ बंद कमरे में लगभग आधे घंटे तक रणनीतिक मंथन किया। बैठक के बाद मंच से संबोधित करते हुए टिकैत ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान अपने आंदोलन को और मजबूत करते हुए चंडीगढ़ की ओर कूच करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि महापंचायत की तिथि की औपचारिक घोषणा जल्द की जाएगी।

# भाजपा की राजनीति का आधार वोट बैंक नहीं, बल्कि जन जन का सम्मान व विकास है : नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा की राजनीति का आधार वोट नहीं, बल्कि हर नागरिक का सम्मान और उसका विकास है। सरकार तुष्टिकरण की नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करती है।

यह सरकार वोट बैंक नहीं बनाती बल्कि विकास बैंक बनाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता बदलाव के लिए तत्पर रहे और पंजाब को खुशहाल बनाने की दिशा में कार्य करें। भाजपा की सरकार बनने पर पंजाब में नशे का धंधा करने वाले पंजाब छोड़कर भाग जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात संत कबीर कुटीर चण्डीगढ़ में आए 'राय सिख समाज' के प्रतिनिधि मंडल को सम्बोधित करते हुए कही। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब सरकार ने केवल लुभावने वादे किए, वहीं वर्तमान हरियाणा सरकार ने धरातल पर 'आरक्षण के अंदर आरक्षण' लागू कर यह सुनिश्चित किया है कि राय



सिख युवाओं को सरकारी तंत्र और प्रशासन में उनकी आबादी के अनुसार उचित प्रतिनिधित्व मिले। जब हम पंजाब की स्थिति से तुलना करते हैं, तो हरियाणा में सुशासन का मॉडल सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। पंजाब में भी राय सिख समाज की बड़ी आबादी है, लेकिन वहां आज भी नीतियां केवल घोषणाओं तक सीमित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की 'अंत्योदय' की राजनीति है। संत कबीर कुटीर नाम ही समानता और भाईचारे का प्रतीक है। सरकार हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो राष्ट्र निर्माण में अपना पसीना बहा रहा है। राय सिख समाज केवल पड़ोसी राज्य से आए मेहमान नहीं हैं, बल्कि उस सांझा विरासत, त्याग व बलिदानों के उदाहरण हैं, जिसने सदियों से इस देश की सीमाओं और इसकी संस्कृति की रक्षा की है। समाज का इतिहास साहस, बलिदान और पुरुषार्थ की अमर गाथा है।

किसी समाज की पहचान उसके अतीत से नहीं, बल्कि वर्तमान, सामर्थ्य और परिश्रम से होती है तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत बदल रहा है। नये भारत में अब किसी समाज की पहचान उसके अतीत से नहीं, बल्कि उसके वर्तमान, उसके सामथर्य और उसके परिश्रम से तय होती है। आज अवसर, मंच और आगे बढ़ने का अधिकार भी सबका है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि राय सिख ऐसा समाज है जिसने कभी झुकना नहीं सीखा, बल्कि हमेशा सत्य और राष्ट्र के लिए डटना सीखा है। इस समाज ने खेतों में पसीना बहाकर, शिक्षा, सेवा और व्यापार के क्षेत्र में मेहनत को अपना धर्म बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है और गुरूओं की वाणी को सात्विक चरितार्थ किया है।

## भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व जज सुधीर परमार और भतीजा बरी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सीबीआई विशेष अदालत ने चर्चित भ्रष्टाचार मामले में पूर्व जज सुधीर परमार, उनका भतीजा अजय परमार और तीन बड़े बिल्डर्स - एम3एम के मालिक रूप बंसल, आईआरईओ के वाइस चेयरमैन ललित गोयल और वटिका लिमिटेड के मालिक अनिल भल्ला को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है।मामले की शुरूआत अप्रैल 2023 में हुई थी, जब हरियाणा के राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की। इसमें आरोप लगाया गया कि जज सुधीर परमार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रियल एस्टेट कंपनियों से जुड़े लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए संपर्क बनाए। जांच एजेंसी का कहना था कि जज और उनके परिवार से जुड़े लोगों ने उस समय 7 से 8 करोड़ रुपये की संपत्तियां खरीदीं, जब इन कंपनियों के खिलाफ जांच चल रही थी। एजेंसी ने यह भी दावा किया कि इन खरीदारी के लिए पर्याप्त वित्तीय स्रोत नहीं दिखाए गए।इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी जांच की थी। ईडी ने पहले 2021 में ललित गोयल को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था और जनवरी 2022 में अभियोजन शिकायत दर्ज की थी। ईडी के अनुसार, होमबायर्स के करीब 1777 करोड़ रुपये को विदेशों में डायवर्ट किए जाने का आरोप था। इसी दौरान कंपनियों की संपत्तियों की अटैचमेंट प्रक्रिया भी चल रही थी।मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने कहा कि किसी भी आरोपित के खिलाफ रिश्वत का सीधा प्रमाण नहीं है। किसी प्रकार के अनुचित लाभ या प्रभाव का ठोस सबूत नहीं मिला। संपत्तियों की खरीद को अवैध साबित करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज नहीं हैं। अदालत ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए कहा कि उपलब्ध साक्ष्य आरोप तय करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अदालत के इस फैसले के साथ ही फिलहाल इस मामले में सभी आरोपितों को राहत मिल गई है।

## हमले के आरोपियों को पुलिस ने करवाई उठक-बैठक

**एजेंसी**

**कैथल।** थाना कलायत क्षेत्र के गांव बात्ता में जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों पर हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी रोहताश कुमार ने मंगलवार को बताया कि गांव बात्ता निवासी संजीव ने शिकायत दी थी कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है और उसका अपने पड़ोसियों के साथ करीब एक साल से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है, जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। शिकायत के अनुसार 18 अप्रैल 2026 की शाम वह अपने भाई राजीव के साथ खेत में बने अपने ढाबे 'जय बाबा राजपुरी भोजनालय' के सामने तूड़ी डलवा रहा था। इसी दौरान पंकज, अशोक और एक अन्य युवक मोटरसाइकिल पर वहां आए और उन्हें देखकर लौट गए। कुछ देर बाद नरेंद्र, सुरेंद्र सहित अन्य आरोपी अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर लाठी, गंडासी, पिस्तौल व अन्य हथियारों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने मिलकर दोनों भाइयों को घेर लिया और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में राजीव को गंभीर चोटें लगीं, जबकि दोनों भाइयों के साथ लात-घूंसे और डंडों से मारपीट की गई। हमलावरों ने दोनों को ढाबे के अंदर जाने से भी रोका और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर सीआईए-1 पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव बात्ता निवासी सुरेंद्र, धर्मवीर, ओमबीर, सलिंद्र और आशु को गिरफ्तार कर लिया। उनकी जमकर उठक-बैठक करवाई गई।

# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं : आरती सिंह राव

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने लोगों से आह्वान किया कि वे किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन मुफ्त में लगाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री आज चंडीगढ़ में राज्य भर से आए लोगों की जनसमस्याएं सुन रही थी। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार द्वारा राज्य में लगभग 3 लाख किशोर लड़कियों (मुख्यतः 14-15 वर्ष की आयु वर्ग) को यह वैक्सीन लगाई जाएगी। यह अभियान बेटियों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है।

आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत 28 फरवरी को हरियाणा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन लांच की थी। यह इंजेक्शन एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देता है, जो



सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार है। साथ ही टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा देता है। इसकी टारगेट लाभार्थी वे किशोरियां हैं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) में शुरू होने वाला कैंसर है, जिसका मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) का लंबे समय तक संक्रमण होता है। विशेष रूप से HPV-16 और HPV-18 प्रकार अधिक खतरनाक माने जाते हैं। धूम्रपान, कम उम्र में विवाह और गर्भधारण, बार-बार प्रसव और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली जैसे कारक इसके जोखिम को बढ़ाते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वैक्सीन देने से पहले सभी मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरी टीकाकरण के समय खाली पेट न हो। टीकाकरण से पहले माता-पिता/अभिभावकों से ओटीपी आधारित सहमति या लिखित सहमति प्राप्त करनी जरूरी है। आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और सर्वाइकल कैंसर की घटनाओं व मृत्यु दर को कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार जागरूकता, समय पर जांच और बेहतर उपचार सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई ठोस कदम उठा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर महिला को समय पर जांच और उचित उपचार मिले, ताकि सर्वाइकल कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान जरूरी: विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा सचिवालय की ओर से 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' के प्रति जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण और डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में पंजाब विश्वविद्यालय के कानून विभाग की चेयरपर्सन डॉ. वंदना अरोड़ा ने विषय विशेषज्ञ के तौर पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि कार्य स्थल पर महिलाओं के सम्मान की रक्षा का विषय सामाजिकता, नैतिकता के साथ-साथ कानूनी जिम्मेदारी के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि विधानसभा प्रदेश स्तर तक कानूनी निर्माण की सर्वोच्च संस्था है। यहां के सभी कर्मचारी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कानून निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जागरुकता से बेहतर कानून का निर्माण होता है तो प्रशिक्षण से



हमारी कार्य क्षमता बढ़ती है। सभ्य नागरिक परिवार, समाज और अपने कार्यस्थल पर आदर्श भूमिका का निर्वहन करता है। महिला की सुरक्षा और सम्मान का विषय आता है तो हमें इस दृष्टिकोण से सोचना होगा कि जब हमारी बेटियां कार्य के लिए बाहर जाती हैं, तो हम कैसा वातावरण चाहते हैं।

डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने अनेक रीति रिवाजों और परंपराओं का उदाहरण देते हुए भारतीय समाज में मातृशक्ति के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. मिड्ढा ने कहा कि जिस घर में नारी शक्ति मुस्कुराती है, लक्ष्मी वहां स्वयं चलकर आती हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियां अपने पिता और पति दोनों परिवारों की खुशहाली चाहती हैं। पंजाब विश्वविद्यालय के कानून विभाग की चेयरपर्सन डॉ. वंदना अरोड़ा ने कहा कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी कानून पहली बार सर्वोच्च न्यायालय की ओर से 1997 में जारी 'विशाखा दिशा-निर्देशों' के बाद अस्तित्व में आया। बाद में भारतीय संसद ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) पारित किया। यह अधिनियम सार्वजनिक, निजी, संगठित, असंगठित सभी क्षेत्रों पर लागू होता है। इसके तहत दस या इससे अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों को एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन करना होता है। जिला स्तर पर स्थानीय शिकायत समितियां (एलसीसी) उन मामलों को संभालती हैं जहां आईसीसी उपलब्ध नहीं है। इस समितियों के पास दीवानी अदालतों के समान शक्तियां हैं।गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में व्यापक जनजागरण अभियान निरंतर चलाया जाएगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी पहुंचे और अधिक से अधिक महिलाएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित हों। यह अधिनियम केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।

## पांच सौ विद्यार्थियों ने नहीं लौटाए टैब, रुक सकता है परिणाम

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्कूलों में परीक्षाएं समाप्त होने के बावजूद पांच सौ से अधिक विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने टैब जमा नहीं करवाए हैं। शिक्षा विभाग इसे लेकर गंभीर हो गया है। टैब जमा नहीं करवाने वाले बच्चों का परीक्षा परिणाम रोका जा सकता है।

विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, फरीदाबाद में सबसे ज़्यादा मामले पेंडिंग हैं, जहां करीब 100 विद्यार्थियों ने अभी तक अपने टैबलेट जमा नहीं किए हैं। दूसरे ज़िलों से भी ऐसे ही मामले सामने आए हैं, जिससे विभाग में चिंता बढ़ गई है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने कहा कि जो विद्यार्थी तय समय के अंदर डिवाइस जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसे मामलों की रिपोर्ट हरियाणा शिक्षा बोर्ड को भेजें। इस रिपोर्ट के आधार पर दंडात्मक उपाय, जिनमें रिज़ल्ट रोकना भी शामिल है, लागू किए जा सकते हैं।

विभाग के अनुसार यह टैबलेट राज्य सरकार की डिजिटल शिक्षा पहल के तहत पूरी तरह से पढ़ाई-लिखाई के मकसद से बांटे गए थे। ये डिवाइस सरकारी संपत्ति हैं, इसलिए हर विद्यार्थी की ज़िम्मेदारी है कि परीक्षा खत्म होने के बाद वे इन्हें अपने-अपने स्कूलों में वापस जमा करें। अधिकारियों ने विद्यार्थियों और उनके माता-पिता से भी अपील की है कि वह समय पर डिवाइस जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि उनके अकादमिक रिकॉर्ड या भविष्य की दाखिला प्रक्रियाओं में कोई रुकावट न आए।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार अगर टैबलेट तय समय के अंदर वापस कर दिए जाते हैं, तो स्टूडेंट्स के रिज़ल्ट और आगे की एकेडमिक प्रक्रियाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## पहली बार गुरुग्राम में होगी मंत्रिमंडल की बैठक

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में प्रशासनिक कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। आमतौर पर मंत्रिमंडल की बैठकें राजधानी चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में की जाती हैं लेकिन 22 अप्रैल को पहली बार मंत्रिमंडल की बैठक चंडीगढ़ से बाहर गुरुग्राम में होने जा रही है। गुरुग्राम हरियाणा की आर्थिक राजधानी के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। वर्ष 2014 के दौरान सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने पहले व दूसरे कार्यकाल के दौरान भी कई तरह के बदलाव के तजुर्बे किए हैं। गुरुग्राम में होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। चंडीगढ़ से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। लगभग एक दशक में यह पहला ऐसा मौका होगा जब राज्य की राजधानी चंडीगढ़ के बाहर गुरुग्राम में इस तरह की बैठक होगी। दिल्ली में पहले भी बैठकें हो चुकी हैं। इस कदम को राज्य के भीतर शहर के बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक महत्व के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। गुरुग्राम हरियाणा के राजस्व में बड़ा योगदान देता है। मंत्रिमंडल की बैठक का समय भी काफी महत्वपूर्ण है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार मंत्रिमंडल की बैठक सुबह 9 बजे पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में



शुरू होगी। मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए इस संदेश में एक सूत्रीय एजेंडा बताया गया है, जिसमें चर्चा के लिए लगभग 12 मुख्य प्रस्तावों पर विचार किए जाने की उम्मीद है। हरियाणा में मनोहर सरकार के कार्यकाल के दौरान विभिन्न बड़े सरकारी आयोजनों की शुरूआत गुरुग्राम में की गई। राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन जैसे बड़े कार्यक्रम भी हरियाणा सरकार की तरफ से गुरुग्राम में आयोजित किए जा चुके हैं, लेकिन कैबिनेट की बैठक गुरुग्राम में होना एक दुर्लभ घटना है। एजेंडे में फिर से शामिल हो सकने वाले मुद्दों में से एक प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से जुड़ा है, जिसमें उनके सरकारी आवास के किराए की माफी का मामला शामिल है। गुरुग्राम में होने वाली इस कैबिनेट बैठक में पूरे राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा किए जाने की भी उम्मीद है।

## गुरुग्राम पुलिस ने बदमाशों द्वारा किए अवैध कब्जों पर चलाया बुल्डोजर

**ज्योति दर्पण**

**गुरुग्राम।** जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गुरुग्राम पुलिस ने भूमि माफियाओं और आदतन अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। शहर में उनके द्वारा किए गए अवैध कब्जों को ढहाया। पुलिस को पुख्ता खुफिया सूचना मिली थी कि गैंगस्टर कौशल गिरोह के सदस्यों ने नजदीक फायर स्टेशन सेक्टर-1 पटौदी स्थित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किए हुए हैं। ये कब्जे गिराकर पुलिस ने सरकारी भूमि को मुक्त कराया। पुलिस की ओर से अपराधी नरेंद्र मोनू व प्रदीप पारले निवासी गांव जनौला गुरुग्राम को चिन्हित किया गया। उन्होंने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे कर रखे थे। उनका अपराधिक इतिहास रहा है। वे कुख्यात गैंगस्टर कौशल गिरोह के सदस्य हैं। आरोपी प्रदीप पारले पर चोरी करने, लूट करने, मारपीट, हत्या का प्रयास करने व शस्त्र



अधिनियम जैसे 13 केस दर्ज हैं। साथ ही नरेंद्र मोनू पर 21 केस दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया कि इन अपराधियों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था। आरोपियों ने अपने मकान के साथ लगती ग्रीन बेल्ट की जमीन पर तथा मुख्य रास्ते पर जाने वाले रोड को भी बंद करके अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था। कब्जे हटाने की कार्रवाई अपराध शाखा सेक्टर-31 की ओर से की गई। यह कार्रवाई हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व डीटीपी की ओर से की गई। पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सभी अवैध कब्जों को हटाकर जमीन को कब्जामुक्त कराया।

## गुरुग्राम में होगा श्रमिक जागरुकता सम्मान समारोह, सीएम होंगें मुख्य अतिथि

**ज्योति दर्पण**

**गुरुग्राम।** हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड श्रम विभाग द्वारा 26 अप्रैल को सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल खेल परिसर में श्रमिक जागरुकता सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगें। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक की गई। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समयबद्ध तरीके से सभी इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त उत्तम सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कानून व्यवस्था व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, ट्रैफिक मैनेजमेंट की प्रभावी योजना तैयार करने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त श्रम आयुक्त कुशल कटारिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ऐसे में आयोजन से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी उनके




साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

उपायुक्त ने कहा कि आयोजन में हरियाणा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रमिकों पहुंचेंगे। ऐसे में पार्किंग स्थल से आयोजन स्थल तक उनके सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने फायर एवं इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखने, एम्बुलेंस व स्वास्थ्य सेवाओं की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एडीसी सोनू भट्ट, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त श्रम आयुक्त कुशल कटारिया, जीएम रोडवेज मेजर (रिटायर्ड) गायत्री अहलावत, बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला, जीएमसीबीएल के सीईओ रविंद्र कुमार, गुरुग्राम के एसडीएम हितेंद्र कुमार, सीटीएम ज्योति नागपाल, एसीपी ट्रैफिक सत्यपाल, डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार, डीईओ सुमन, एडीआईओ नवीन सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने जीरो टोलरेंस नीति के तहत बदमाश द्वारा किए कब्जे कराए खाली

**ज्योति दर्पण**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की करीब 25 करोड़ रुपये कीमत की आधा एकड़ जमीन से पुलिस ने कब्जा हटवाया है। आरोपी कब्जाधारी के खिलाफ पुलिस ने जीरो टोलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की। यह कार्रवाई अपराध शाखा सेक्टर-31 गुरुग्राम, जीएमडीए व डीटीपी ने मिलकर की। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी कब्जाधारी यहां झुग्गियां बनाकर अवैध रूप से लाखों रुपये किराया वसूलता था। पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि कादरपुर रोड नजदीक बिरला नाव्या कम्युनिटी सेंटर स्थित सरकारी भूमि पर एक अपराधी द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है। पुलिस ने उसकी पूरी कुंडली खंगाली और पूरी तैयारी के



साथ अवैध कब्जों पर बुल्डोजर चलाने पहुंची। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। इस कार्रवाई में अपराधी नितेश बंदर निवासी गुरुग्राम को चिन्हित किया गया। आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है, जिनमें मारपीट, छीना झपटी, अपहरण व जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि इस अपराधी ने सरकारी जमीन पर अवैध झुग्गी बस्तियां बसाकर कमजोर वर्गों का शोषण किया। उनसे अवैध रूप से किराया वसूला और इन स्थानों का उपयोग संगठित अपराध गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार के लिए किया। आरोपी द्वारा जीएमडीए के बांध की आधा एकड़ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके लगभग 50 झुग्गियां बनाई हुई थी, जिससे वह लगभग पांच लाख रुपये महीना अवैध रूप से वसूलता था।

## भारतीय रियल एस्टेट में पूंजी निवेश बढ़कर रिकॉर्ड 5.1 अरब डॉलर- सीबीआरई

**बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर ने आकर्षित किया सर्वाधिक पूंजी**

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र ने जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में रिकॉर्ड पूंजी निवेश आकर्षित किया है। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में कुल 5.1 अरब डॉलर (लगभग 42,500 करोड़ रुपये) का निवेश हुआ, जो सालाना आधार पर 72 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। यह आंकड़ा पिछली तिमाही और पिछले वर्ष की समान अवधि के निवेश से काफी अधिक है, जो क्षेत्र के बढ़ते आत्मविश्वास को रेखांकित करता है। सीबीआरई की भारत बाजार निगरानी, पहली तिमाही 2026 निवेश रिपोर्ट बताती है कि इस रिकॉर्ड पूंजी प्रवाह में डेवलपर्स की अहम हिस्सेदारी (लगभग 42 फीसदी) रही, जिसके बाद रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) का स्थान रहा, जिन्होंने किराये पर देने वाले कार्यालयों और खुदरा परिसंपत्तियों के अधिग्रहण एवं निर्माण में लगभग 40 फीसदी निवेश किया। उल्लेखनीय है कि कुल निवेश का 96 प्रतिशत हिस्सा घरेलू निवेशकों से आया, जिसमें डेवलपर्स की भूमिका प्रमुख रही। भौगोलिक रूप से, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर ने संयुक्त रूप से कुल निवेश का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आकर्षित किया। सीबीआरई के एक अे धिकारी ने इस वृद्धि को भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में घरेलू और संस्थागत निवेशकों के उच्च विश्वास का प्रमाण बताया, जो भारत की मजबूत आर्थिक संरचना को दर्शाता है।

## पोस्ट ऑफिस की किसान विकास पत्र योजना, अब 115 महीने में करें अपनी पूंजी दोगुनी

**7.5 फीसदी की सालाना ब्याज दर से पाएं आकर्षक रिटर्न, सिर्फ 1000 रुपये से शुरुआत**



**नई दिल्ली ।** शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव और जोखिमों से दूर, सुरक्षित निवेश की तलाश कर रहे लोगों के लिए पोस्ट ऑफिस की किसान विकास पत्र (केवीपी) ज्योजना एक भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरी है। भारत सरकार द्वारा 100 फीसद ी समर्थित यह स्कीम, निवेशकों को तय समय में अपनी पूंजी दोगुनी करने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है, वो भी बिना किसी बाजार जोखिम के। केवीपी की सबसे बड़ी खासियत इसका गारंटीड रिटर्न है। मौजूदा ब्याज दरों के अनुसार इसमें निवेश किया गया पैसा लगभग 115 महीने यानी 9 साल 7 महीने में दोगुना हो जाता है। उदाहरण के लिए, यदि आप इसमें 5 लाख रुपये का निवेश करते हैं, तो परिपक्वता अवधि पूरी होने पर आपको लगभग 10 लाख रुपये मिलेंगे। यह सुविधा इसे दीर्घकालिक और सुरक्षित बचत के लिए अत्यंत लोकप्रिय बनाती है। वर्तमान में, किसान विकास पत्र पर 7.5 फीसदी की सालाना ब्याज दर मिल रही है, जो कई पारंपरिक निवेश विकल्पों जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट की तुलना में अधिक आकर्षक है। इस योजना में निवेश की शुरुआत मात्र 1,000 रुपये से की जा सकती है, जबकि इसमें निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। इससे छोटे से छोटे निवेशक से लेकर बड़े निवेशक तक, सभी अपनी वित्तीय क्षमता के अनुसार लाभ उठा सकते हैं। कोई भी वयस्क भारतीय नागरिक अकेले या संयुक्त रूप से केवीपी खाता खोल सकता है। माता-पिता अपने बच्चों के नाम पर भी इसमें निवेश कर सकते हैं। इसमें नॉमिनेशन की सुविधा भी उपलब्ध है, जो भविष्य में राशि प्राप्त करना आसान बनाती है। निवेशक देश के किसी भी पोस्ट ऑफिस से यह खाता खोल सकते हैं और जरूरत पड़ने पर इसे दूसरे पोस्ट ऑफिस में ट्रांसफर भी कराया जा सकता है। केवीपी में लगभग 2.5 साल का लॉक-इन पीरियड होता है, जिसके बाद निवेशक जरूरत पड़ने पर अपना पैसा निकाल सकते हैं। इसके अतिरिक्त केवीपी सर्टिफिकेट को बैंक में गिरवी रखकर लोन लेने की सुविधा भी मिलती है, जिससे आकस्मिक वित्तीय जरूरतों को पूरा किया जा सकता है, वहीं आपका मूल निवेश सुरक्षित बना रहता है। ये विशेषताएं केवीपी को उन लोगों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती हैं जो सुरक्षित, भरोसेमंद और स्थिर रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 756, निफ्टी 198 अंक गिरा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 756.84 अंक टूटकर 78,516.49 पर बंद हुआ। वहीं 50शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 198.50 अंक नीचे आकर 24,378.10 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह 831 अंक की गिरावट के साथ सेंसेक्स 79,019.34 पर खुला था। वहीं निफ्टी 224 अंक नीचे आकर 24,470.85 पर खुला।

आज कारोबार के दौरान व्यापक बाजार सूचकांक का प्रदर्शन अच्छा रहा। ।

निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स और निफ्टी मिडकैप में बढ़त रही। निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मीडिया, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी फार्मा में भी तेजी रही जबकि निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा 3.89 फीसदी की गिरावट आई।

इसके बाद निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.87 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.73 फीसदी और निफ्टी ऑटो में 0.66 फीसदी की गिरावट रही।

दूसरी ओर निफ्टी में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एचयूएल, एनटीपीसी, टीएमपीवी, हिंडाल्को, अदाणी इंटरप्राइजेज, इटरनल और नेस्ले इंडिया के शेयरों में तेजी रही।

एचसीएल टेक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके साथ ही इंफोसिस, एमएंडएम, टीसीएस, टेक महिंद्रा, बजाज-ऑटो, मैक्सहेल्थ, एचडीएफसी लाइफ और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी 3-1.5 गिरावट आई।जानकारों के अनुसार ये गिरावट अमेरिकी-ईरान में तनाव बने रहने और होर्मुज को लेकर संघर्ष बढ़ने से आई है।

## रुपया 31 पैसे टूटकर 93.75 प्रति डॉलर पर

**रुपया पिछले कारोबारी दिन 93.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था**

**मुंबई ।**

रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में लगातार तीसरे सत्र में कमजोर बना रहा और 31 पैसे टूटकर 93.75 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया शांति समझौते को लेकर अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी ने भारतीय मुद्रा पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.69 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 93.76 तक लुढ़क गया। बाद में यह 93.75 प्रति डॉलर पर कारोबार करने लगा जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया मंगलवार को 28 पैसे की गिरावट के साथ 93.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## आरबीआई गवर्नर ने विदेशी निवेशकों को किया आश्वस्त, भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत

**अल्पकालिक उतार-चढ़ाव पर केंद्रीय बैंक करीब से रख रहा है नजर**

न्यूयॉर्क । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने न्यूयॉर्क में विदेशी निवेशकों को आश्वस्त किया है कि शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) निकासी और विनिमय दर में बदलाव जैसे अल्पकालिक उतार-चढ़ाव चक्रीय प्रकृति के होते हैं और इन पर केंद्रीय बैंक करीब से नजर रख रहा है। उन्होंने नियामकीय ढांचे को सरल बनाने, कारोबार सुगमता बढ़ाने, विदेशी निवेशकों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और घरेलू व विदेशी बाजारों के एकीकरण को मजबूत करने के लिए जारी सुधारों का भी उल्लेख किया। गवर्नर मल्होत्रा ने यह बात न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा हाल ही में आयोजित एक गोलमेज बैठक में कही। इस महत्वपूर्ण सत्र में वित्तीय संस्थानों, निवेश कंपनियों और नीतिगत क्षेत्र से जुड़े 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें बैंक, परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां, फैमिली ऑफिस, कैपिटल मैनेजमेंट कंपनी, संस्थागत निवेशक और धन प्रबंधक शामिल थे। सत्र के दौरान, आरबीआई की मुख्य महाप्रबंधक डिंपल भांडिया ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें देश की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद, स्थिर वित्तीय क्षेत्र और सुसंगत नीतिगत ढांचे को रेखांकित किया गया। उन्होंने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताया और आने वाले वर्ष में वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में उसकी प्रगति को भी दर्शाया। चर्चा के दौरान, निर्धारित सीमा के भीतर कम मुद्रास्फीति, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 1.1 प्रतिशत का प्रबंधनीय चालू खाता घाटा और 700 अरब अमेरिकी डॉलर का मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर विशेष प्रकाश डाला गया, जो भारत की आर्थिक स्थिरता और आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उसकी स्थिति को पुष्ट करते हैं।

# गेल इंडिया का अत्याधु निक एलएनजी पोत एनर्जी फिडेलिटी भारत रवाना

**1.74 लाख घन मीटर क्षमता का यह पोत दोनों देशों के मजबूत ऊर्जा संबंधों का प्रतीक**

**ह्यूस्टन।**

सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड का अत्याधुनिक एलएनजी मालवाहक पोत 'एनर्जी फिडेलिटी' 20 अप्रैल को अमेरिका के साबाइन पास टर्मिनल से भारत के लिए रवाना हो गया है।

1,74,000 घन मीटर क्षमता वाला यह पोत देश की ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ईंधन आपूर्ति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गेल ने एक बयान में बताया कि पोत के प्रस्थान समारोह की अध्यक्षता ह्यूस्टन (टेक्सास) में भारत के महावाणिज्य दूत डी. सी. मंजूनाथ ने की।

मंजूनाथ ने इस अवसर पर कहा कि यह समारोह भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी के मजबूत और बढ़ते संबंधों का प्रतीक है, जो विश्वसनीयता, नवाचार और दीर्घकालिक सुरक्षा जैसी साझा प्राथमिकताओं पर आधारित है। उन्होंने जोर दिया कि यह भारत के 3टी व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन पर केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो ऊर्जा सुरक्षा के साझा लक्ष्यों पर आधारित सहयोग को दर्शाता है। एनर्जी फिडेलिटी गेल के भविष्य-उन्मुख शिपिंग बेड़े का एक प्रमुख हिस्सा है। अधिकतम दक्षता के लिए डिज़ाइन किया गया यह पोत उन्नत एयर लुब्रिकेशन सिस्टम और विशेष प्रणोदन प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जिससे समुद्री यात्रा के दौरान कार्बन उत्सर्जन काफी कम होता है। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार यह उन्नत एलएनजी पोत भारत को एक मजबूत और




भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा प्रणाली बनाने की बढ़ती क्षमता का प्रमाण है, जो देश की वृद्धि को समर्थन देने के लिए स्वच्छ ईंधन की स्थिर एवं विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

इसकी तैनाती भारत के मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047 का भी समर्थन करती है, जिसका उद्देश्य एक विश्वस्तरीय और टिकाऊ बेड़ा तैयार कर देश को गैस-आधारित आर्थिक गतिविधियों की ओर अग्रसर करना है। गेल के लिए, 'एनर्जी फिडेलिटी' केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि भारत की आंतरिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# खुलासा 500 का नोट छापने में सरकार को आता है सिर्फ 2.29 रुपए का खर्च!

**भारतीय रिजर्व बैंक ने साझा की अहम जानकारी, जानें नोटों की छपाई की पूरी प्रक्रिया और वास्तविक लागत**

**नई दिल्ली ।**

रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाले 500 रुपए के नोट की असली लागत कितनी है? यह सवाल अक्सर लोगों के मन में आता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में इस जिज्ञासा को शांत करते हुए नोटों की छपाई से जुड़ी अहम जानकारी साझा की है।

इसके अनुसार, 500 रुपए का एक नोट बनाने में सरकार को बेहद कम खर्च उठाना पड़ता है, जो उम्मीद से कहीं ज्यादा किफायती है।

आरबीआई ने न केवल छपाई की लागत बताई है, बल्कि नोटों के बाजार में आने से लेकर पुराने नोटों के निस्तारण तक की पूरी प्रक्रिया का भी विवरण दिया है। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 500 के एक नोट को छापने में मात्र 2.29 रुपए का खर्च आता है।

यह लागत विभिन्न सुरक्षा विशेषताओं और गुणवत्ता को बनाए रखने के बावजूद काफी कम है। अन्य नोटों की बात करें तो, 200 के नोट पर लगभग 2.37, 100 के नोट पर 1.77 रुपए और 10 व 20 जैसे छोटे नोटों पर करीब 95 पैसे का खर्च आता है। नोट बनाने की यह प्रक्रिया किसी भी सामान्य छपाई से काफी अलग और सुरक्षित होती है। नोटों की छपाई के लिए पहले उनका डिजाइन, रंग और सुरक्षा फीचर्स तय किए जाते हैं। इसके बाद विशेष प्रकार के कागज और स्याही का इस्तेमाल होता है, जो नोटों को विशिष्ट पहचान और



सुरक्षा प्रदान करते हैं। भारत में नोटों की छपाई चार हाई-सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस में होती है- महाराष्ट्र के नासिक, मध्य प्रदेश के देवास, कर्नाटक के मैसूर और पश्चिम बंगाल के सालबोनी।

## अजंता फार्मा के पैठण प्लांट पर यूएसएफडीए की तलवार, निरीक्षण में 5 आपत्तियां

**पैठण विनिर्माण इकाई में 13 से 21 अप्रैल 2024 तक चला था अमेरिकी नियामक का निरीक्षण**

**नई दिल्ली।** भारतीय फार्मा कंपनी अजंता फार्मा को अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक यूएसएफडीए (यूएसएफडीए) से एक महत्वपूर्ण सूचना मिली है। नियामक ने महाराष्ट्र के पैठण स्थित उसके विनिर्माण संयंत्र के हालिया निरीक्षण के बाद फॉर्म-483 जारी किया है, जिसमें पांच आपत्तियां दर्ज की गई हैं। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह निरीक्षण 13 अप्रैल से 21 अप्रैल 2024 तक चला था। निरीक्षण पूरा होने के बाद यूएसएफडीए ने अजंता फार्मा को फॉर्म-483 जारी किया, जिसमें विनिर्माण प्रक्रियाओं से संबंधित कुल पांच आपत्तियां दर्ज की गई हैं। अजंता फार्मा ने आश्वस्त किया है कि वह इन टिप्पणियों पर निर्धारित समयसीमा के भीतर अमेरिकी नियामक को विस्तृत जवाब प्रस्तुत करेगी और सभी आवश्यक सुधारवादी कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि यूएसएफडीए फॉर्म-483 किसी भी दवा कंपनी को तब जारी करता है, जब उसके निरीक्षक को खाद्य, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम और संबंधित कानूनों के संभावित उल्लंघन से जुड़ी स्थितियां या कमियां मिलती हैं। यह आमतौर पर अच्छी विनिर्माण प्रथाओं के पालन में संभावित खामियों को इंगित करता है।

## अक्षय तृतीया पर महिंद्रा ने बनाया कीर्तिमान.. एक दिन में 610 से अधिक ईवी की ब्रिकी की

**मुंबई।**

भारतीय वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता के बीच महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अक्षय तृतीया के शुभ मौके पर एक नया कीर्तिमान बनाया है। कंपनी ने एक ही दिन में 610 से अधिक इलेक्ट्रिक एसयूवी की डिलीवरी कर बता दिया कि ग्राहकों के बीच उसकी इलेक्ट्रिक वाहनों की श्रृंखला को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

यह उपलब्धि केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलती ग्राहक पसंद और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बढ़ते रुझान का स्पष्ट संकेत है। महिंद्रा ने यह जानकारी साझा की, जिसमें बताया गया कि इस खास दिन पर महिंद्रा बीई6, महिंद्रा एक्सईवी 9ई और महिंद्रा एक्सईवी 9एस जैसे मॉडलों की सबसे ज्यादा मांग रही। इसके पहले भी कंपनी उगादी के मौके पर एक दिन में 600 से अधिक इलेक्ट्रिक एसयूवी ग्राहकों तक पहुंचा चुकी है, जिससे ग्राहकों के मजबूत भरोसे और कंपनी की इलेक्ट्रिक रणनीति की सफलता का पता चलता है।महिंद्रा की इस उपलब्धि को और भी खास बनाता है, जब प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों से तुलना की जाती है। मार्च 2026 में हुंडई मोटर इंडिया ने 508, किआ इंडिया ने 469 और बीवाईडी ने 428 इलेक्ट्रिक वाहन की ब्रिकी की थी, जबकि महिंद्रा ने केवल मार्च महीने में ही 5461 इलेक्ट्रिक एसयूवी बेचकर करीब 71 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हासिल की, जो इस क्षेत्र में उसकी मजबूत पकड़ को दिखाता है।

इस सफलता का सबसे बड़ा कारण महिंद्रा की आधुनिक इलेक्ट्रिक श्रृंखला है, जिसमें बीई6, विशेष संस्करण बीई6 फॉर्मूला ई, एक्सईवी 9ई, एक्सईवी 9ई सिनेलक्स और हाल ही में शामिल एक्सईवी 9एस जैसे मॉडल शामिल हैं। ये सभी मॉडल आधुनिक प्लेटफॉर्म पर आधारित हैं, जो दमदार लुक, आकर्षक डिजाइन और विभिन्न क्षमता वाले बैटरी विकल्पों के साथ ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। महिंद्रा आने वाले समय में अपनी इलेक्ट्रिक श्रृंखला को और विस्तारित करने की तैयारी में है, जिसमें बीई 07 और एक छोटे आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी जैसे नए मॉडल शामिल हो सकते हैं।

## एसीएमई सोलर ने राजस्थान में दो गीगावाट से अधिक बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता चालू की

**कंपनी ने 2027 तक 10 गीगावाट क्षमता चालू करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा**



**नई दल्ली ।**

एसीएमई सोलर ने बुधवार को घोषणा की कि उसने राजस्थान में 2 गीगावाट-घंटे (जीडब्ल्यूएच) से अधिक बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) क्षमता को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। इस उपलब्धि के साथ, कंपनी भारत की उन पहली नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में शामिल हो गई है जिसने इतनी बड़ी ऊर्जा भंडारण क्षमता हासिल की है। कंपनी का लक्ष्य 2027 तक अपनी बीईएसएस क्षमता को बढ़ाकर 10 जीडब्ल्यूएच करना है। राजस्थान में विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के अंतर्गत, एसीएमई सोलर की कुल परिचालन बीईएसएस क्षमता अब 591.18 मेगावाट/2031.24 मेगावाट-घंटा हो गई है। ये बीईएसएस परियोजनाएं ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ाने, बिजली उपयोग को बेहतर बनाने और ऊर्जा आपूर्ति एवं मांग के बीच संतुलन सुनिश्चित करके समग्र ग्रिड स्थिरता में सुधार के लिए तैयार की गई हैं।

एसीएमई सोलर के पास वर्तमान में सौर, पवन, ऊर्जा भंडारण और हाइब्रिड समाधान सहित 8,071 मेगावाट का एक विविध पोर्टफोलियो है। कंपनी की अनुबंधित परिचालन क्षमता 2,990 मेगावाट है, जिसमें 2.0 गीगावाट बीईएसएस भी शामिल है।

इसके अलावा, 5,081 मेगावाट की अनुबंधित क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 15 गीगावाट बीईएसएस स्थापना शामिल है।

बिजली खरीद समझौतों के साथ निर्माणाधीन परियोजनाओं का इसका खंड 3,280 मेगावाट का है।

## 1800 करोड़ के भुगतान से एनएसई आईपीओ का रास्ता साफ

**सेबी के विशेषज्ञ पैनल ने प्रमुख नियामकीय मामलों को सुलझाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली।**

लंबे समय से प्रतीक्षित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बहुप्रतीक्षित आईपीओ अब जल्द ही शेयर बाजार में दस्तक दे सकता है। बाजार नियामक सेबी (सेबी) के एक विशेषज्ञ पैनल ने एनएसई के प्रमुख नियामकीय मामलों को करीब 1800 करोड़ रुपये का भुगतान कर सुलझाने के प्रस्ताव को अपनी हरी झंडी दे दी है। इस मंजूरी से दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव्स एक्सचेंज के आईपीओ का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है, जो गवर्नेंस से जुड़े विवादों के कारण लगभग एक दशक से अटका हुआ था। एक रिपोर्ट के अनुसार सेबी ने एक बाहरी पैनल का गठन किया था, जिसने एनएसई को अपने पुराने कानूनी मामलों को सुलझाने के लिए 1800 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक भुगतान करने का सुझाव दिया था।

एनएसई पर गवर्नेंस में कमी और सभी ट्रेडिंग सदस्यों को समान अवसर न देने जैसे आरोप लगे थे, जिसके चलते यह आईपीओ अक्टूबर 2016 में ड्राफ्ट दस्तावेज जमा करने के बावजूद लगभग 10 साल से अटका हुआ था। कोलोकेशन




मामले और तकनीकी सिस्टम व आंतरिक नियंत्रणों में खामियां भी इसकी प्रमुख वजहें थीं। पिछले एक साल में एनएसई ने कई कानूनी मामलों को निपटाया है और अब मार्च तिमाही के नतीजों के बाद अगले महीने के अंत तक आईपीओ के लिए आवेदन कर सकता है। सेबी भी जल्द ही भुगतान के लिए डिमांड लेटर जारी करेगा, जिसके बाद सेटलमेंट को अंतिम रूप दिया जाएगा। एनएसई ने अपने आईपीओ प्रबंधन के लिए रिकॉर्ड 20 बैंकों को नियुक्त किया है। भारत के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज होने के साथ-साथ, एनएसई देश की सबसे बड़ी गैर-सूचीबद्ध कंपनी भी है जिसके लगभग 1,90,000 निवेशक हैं। इन मौजूदा निवेशकों को आईपीओ में अपने शेयर बेचने के लिए 27 अप्रैल तक रुचि जताने का निमंत्रण भेजा गया है।

# ईरान तनाव से कच्चा तेल और डॉलर मजबूत, गैस सस्ती

**होरमुज में गतिरोध और अमेरिका-ईरान वार्ता टूटने से अनिश्चितता बढ़ी**

**नई दिल्ली ।**

ईरान से जुड़ा बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक बाजारों में बड़ी हलचल पैदा कर रहा है। इसके चलते कच्चे तेल के दाम आसमान छू रहे हैं, डॉलर मजबूत हो रहा है,

जबकि प्राकृतिक गैस की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा रही है। ईरान से तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें 89 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई हैं, जिसमें हाल ही में 2 फीसदी से अधिक की तेजी आई।

वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग होरमुज जलडमरूमध्य में व्यवधान और अमेरिका-ईरान वार्ता के टूटने से बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति से रोजाना 4-5 मिलियन बैरल तेल की मांग प्रभावित हो सकती है, जिसका सबसे ज्यादा असर एशिया पर दिखेगा। इस माहौल में डॉलर इंडेक्स 98.3 के पार मजबूत बना हुआ है, क्योंकि निवेशक अनिश्चितता के बीच इसे सुरक्षित निवेश मान रहे हैं।

फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक नीति के संकेत भी डॉलर को सहारा दे रहे हैं। दूसरी ओर, अमेरिका में प्राकृतिक गैस की कीमतें 2.67 डॉलर गिर गई हैं। उच्च एलएनजी आपूर्ति, औसत से 7 फीसदी अधिक भंडार और गर्म मौसम से कम मांग के कारण गैस की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। बाजारों में डर और सतर्कता स्पष्ट नजर आ रही है।

# पुस्तकें हैं जीवन का दीप, समाधान का सेतु



ललित गर्ग

**पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। यही कार्य पुस्तकें करती हैं, वे मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सहिष्णुता का विकास करती हैं।**



हर वर्ष 23 अप्रैल को समूचा विश्व ज्ञान, सृजनशीलता और मानवीय सभ्यता की अमूल्य धरोहर पुस्तकों का उत्सव मनाता है। यूनेस्को द्वारा 1995 में प्रारंभ किया गया यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लेखकों के सम्मान, सृजनाधिकार की रक्षा और पठन संस्कृति के संवर्धन का वैश्विक संकल्प है। इस तिथि का चयन भी अत्यंत अर्थपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन विलियम शेक्सपियर और मिगुएल डी सर्वांटिस जैसे महान साहित्यकारों का अवसान हुआ, जिनकी रचनाओं ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी। वर्ष 2026 में इस दिवस का मुख्य संदेश यह है कि व्यक्ति अपनी रुचियों के अनुसार पढ़े और पठन को आनंदमय अनुभव बनाए। आज आवश्यकता इस बात की है कि पढ़ने को बोझ नहीं, बल्कि आत्मविकास और आत्मानंद का माध्यम माना जाए। इसी क्रम में मोरक्को की राजधानी रबात को वर्ष 2026 के लिए विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया गया है, जो इस तथ्य को रेखांकित करता है कि पुस्तक संस्कृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि समूची मानवता की साझा धरोहर है।

पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। यही कार्य पुस्तकें करती हैं, वे मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सहिष्णुता का विकास करती हैं। संकट के समय में पुस्तकें सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं, यह तथ्य वैश्विक महामारी के दौर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जब लोगों ने अकेलेपन और अनिश्चितता के बीच पुस्तकों में ही आश्रय पाया। भारत में पुस्तक संस्कृति का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवपूर्ण रहा है। वेद, उपनिषद, रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों ने न केवल भारतीय समाज को दिशा दी, बल्कि समूचे विश्व को ज्ञान का प्रकाश प्रदान किया। नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला विश्वविद्यालय जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय ज्ञान के ऐसे केंद्र थे, जहाँ दूर-दूर से विद्यार्थी अध्ययन हेतु आते थे। ताड़पत्रों और भोजपत्रों पर लिखी गई पांडुलिपियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित रखा। यह परंपरा केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और दर्शन के विविध आयाम समाहित थे।

जीवन के अंधकारमय क्षणों में पुस्तकें सचमुच एक दीपक की तरह मार्ग को प्रकाशित करती हैं। जब मनुष्य समस्याओं, तनाव और द्वंद्व से घिर जाता है, तब पुस्तकें उसे नया दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। वे केवल ज्ञान का भंडार नहीं, बल्कि एक सच्चे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में उसकी चेतना को जागृत करती हैं। पुस्तकें हमें यह सिखाती हैं कि हर समस्या का समाधान बाहर नहीं, भीतर की समझ और दृष्टि में छिपा होता है। चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने भी कहा था कि ह्लअज्ञानता मन का अंधकार है और ज्ञान ही उसका प्रकाश।ह्व इसी प्रकार महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ ने जीवन की सरलता और संतुलन पर बल देते हुए बताया कि सच्चा ज्ञान वही है जो मन को शांत और संतुलित बनाए। पुस्तकें इसी संतुलन की साधना कराती हैं-वे हमें सोचने, समझने और धैर्यपूर्वक निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती हैं। आधुनिक भारत में भी पुस्तक संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। आचार्य विनोबा भावे द्वारा स्थापित सर्वोदय साहित्य भंडार तथा आचार्य तुलसी द्वारा स्थापित आदर्श साहित्य संघ जैसे संस्थानों ने नैतिक और प्रेरणादायक साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों का संवर्धन भी रहा है। वर्तमान समय में जब तकनीकी साधनों का विस्तार हुआ है, तब भी पुस्तकों की उपयोगिता और महत्ता में कोई कमी नहीं आई है। यद्यपि अध्ययन के अनेक नए माध्यम विकसित हुए हैं, फिर भी मुद्रित पुस्तकों का आत्मीय स्पर्श और उनकी गहराई अद्वितीय है। पुस्तकें मनुष्य के विचारों को विस्तार देती हैं, उसे सही और गलत का बोध कराती हैं तथा जीवन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती हैं।

भारत में पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहित करने में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई उल्लेखनीय पहलें हुई हैं। उन्होंने उपहार के रूप में पुष्पगुच्छ के स्थान पर पुस्तक देने का संदेश देकर समाज में ज्ञान के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल किया है। इसके साथ ही देशभर में पठन-पाठन और पुस्तकालयों के विकास को लेकर विभिन्न अभियान चलाए गए हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं में अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना है। यह प्रयास केवल साक्षरता बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक जागरूक, संवेदनशील और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था कि एक अच्छी पुस्तक अनेक मित्रों के समान होती है। वास्तव में पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास में अत्यंत सहायक होती हैं। वे व्यक्ति को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती हैं, समाज की विसंगतियों को समझने का दृष्टिकोण देती हैं और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करती हैं। प्रसिद्ध लेखिका टोनी मोरिसन का यह कथन भी उल्लेखनीय है कि यदि वह पुस्तक उपलब्ध नहीं है जिसे आप पढ़ना चाहते हैं, तो आपको स्वयं उसे लिखना चाहिए। यह विचार सृजनशीलता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करता है। आज के त्वरित सूचना युग में जब ध्यान भटकाने वाले साधनों की भरमार है, तब गहन अध्ययन और मनन की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। पुस्तकें ही वह माध्यम हैं जो मनुष्य को एकाग्रता, धैर्य और गहराई प्रदान करती हैं। वे केवल जानकारी नहीं देतीं, बल्कि जीवन को दिशा देती हैं और व्यक्ति को बेहतर मनुष्य बनने के लिए प्रेरित करती हैं। पुस्तकें मानसिक शांति और भावनात्मक स्थिरता का आधार भी हैं। जब जीवन की भागदौड़ मन को विचलित करती है, तब एक अच्छी पुस्तक ध्यान के समान कार्य करती है, जो मन को एकाग्र और शांत बनाती है। महान चीनी चिंतक मेन्शियस ने कहा था कि मनुष्य का स्वभाव मूलतः शुभ होता है, उसे केवल सही दिशा की आवश्यकता होती है। पुस्तकें वही दिशा प्रदान करती हैं। वे अकेलेपन में सच्चा साथी बनती हैं, दुःख में सहारा देती हैं और निराशा में आशा का संचार करती हैं। पुस्तक के माध्यम से हम अनेक महापुरुषों के अनुभवों से जुड़ते हैं, उनके संघर्षों को समझते हैं और अपने जीवन के लिए प्रेरणा प्राप्त करते हैं। वास्तव में पुस्तकें जीवन-निर्माण का कल्पवृक्ष और कामधेनु हैं। उनकी छाया में बैठकर मनुष्य ज्ञान, विवेक, शांति और समाधान सब कुछ प्राप्त कर सकता है। वे हमारे भीतर ऐसी मानसिकता का विकास करती हैं, जिसमें हम हर परिस्थिति में समाधान खोजने लगते हैं। पुस्तकें हमारे विचारों को व्यापक बनाती हैं, हमारी संवेदनाओं को परिष्कृत करती हैं और हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की दिशा में अग्रसर करती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि पुस्तकें केवल जीवन को प्रकाशित ही नहीं करतीं, बल्कि उसे सार्थक, संतुलित और समृद्ध भी बनाती हैं।

विश्व पुस्तक दिवस मनाते हुए यह स्पष्ट है कि पुस्तकें केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की आधारशिला हैं। वे समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती हैं। ऐसा परिवर्तन जो किसी बाहरी दबाव से नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना से उत्पन्न होता है। इसलिए आवश्यक है कि हम पुस्तक संस्कृति को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं, घर-घर में अध्ययन का वातावरण निर्मित करें और आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान के इस अमूल्य स्त्रोत से जोड़ें। विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम पढ़ने की आदत को विकसित करें, पुस्तकों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करें और एक ऐसे समाज के निर्माण में योगदान दें, जो ज्ञान, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों पर आधारित हो।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

---

## संपादकीय

### इलाज का बोझ

किसी लोक कल्याणकारी सरकार का पहला दायित्व बनता है कि वो अपने नागरिकों के लिए सस्ती व प्रभावी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये। दुनिया के तमाम देशों में सरकारों के स्तर पर ऐसी नीतियां बनी हैं कि लोगों को स्वास्थ्य संकट आने पर उपचार खर्च के तनाव का रोग अलग से नहीं लेना पड़ता है। विशेषकर बुजुर्ग आबादी का विशेष ख्याल रखा जाता है। जिस उम्र में उनका शरीर क्षीण हो रहा होता है और आय के साधन न के बराबर होते हैं, सरकारी चिकित्सा का सुरक्षा कवच बड़ा संबल होता है। विडंबना यह है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं गहरे विरोधाभास से जूझ रही हैं। हमारी सरकारी चिकित्सा व्यवस्था खुद बीमार है। देश में कम स्वास्थ्य बजट, राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के चलते सरकारी अस्पतालों में सब कुछ होते हुए भी गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को गुणवत्ता का उपचार नहीं मिल पाता है। हाल ही में सामने आए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के एक नये सर्वेक्षण में बताया गया है कि देश की लगभग आधी आबादी के पास किसी न किसी प्रकार का स्वास्थ्य बीमा कवर है। लेकिन विडंबना यह है कि स्वास्थ्य बीमा कवर होने के बावजूद उनकी जेब से खर्च होने वाला चिकित्सा व्यय अधिक बना हुआ है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सरकार द्वारा समर्थित योजनाओं ने बीमा कवरेज के विस्तार को गति दी है। उल्लेखनीय है कि देश के ग्रामीण इलाकों में अब शहरी क्षेत्रों के मुकाबले बीमा कवरेज अधिक है। इसके बावजूद दुखद स्थिति यह है कि देश के करोड़ों परिवारों के लिए आज भी बीमार पड़ना गंभीर आर्थिक संकट पैदा कर देता है। वहीं दूसरी ओर, इस सर्वेक्षण ने एक स्पष्ट खामी को भी उजागर किया है कि आज भी अस्पताल में भर्ती होने के प्रत्येक मामले के लिए मरीज के जेब से होने वाले खर्च के औसत बिल 34,000 रुपये से अधिक हैं। यह हकीकत है कि बीमा कवरेज के बाद भी मरीजों के उपचार पर होने वाला खर्च भारत के अधिकांश आम परिवारों की वहन क्षमता से कहीं अधिक है। आखिर देश में बीमा दायरा बढ़ने के बावजूद, मरीजों पर चिकित्सा उपचार का आर्थिक बोझ लगातार क्यों बढ़ रहा है? क्या बीमा कवरेज कारोबार के लिए उत्साहित रहने वाली बीमा कंपनियों और बड़े अस्पतालों की कमाई का ही जरिया बनकर रह गया? हाल के वर्षों में इस अपवित्र गठबंधन के कई मामलों का खुलासा भी हुआ है। लेकिन नियामक तंत्र की सख्ती के अभाव में मरीजों के दोहन का यह खेल बदस्तूर जारी है। जानकार बताते हैं कि चिकित्सा उपचार की बढ़ती दर अक्सर मुद्रास्फीति से भी अधिक होती है। निस्संदेह, यह अपवित्र कारोबार मरीजों से मुनाफा कमाने वालों के मानवीय सरोकारों पर सवालिया निशान लगाता है। वैसे चिकित्सा सेवा में मुनाफा बढ़ते देख निजी स्वास्थ्य सेवाओं का दबदबा भी बढ़ा है।

#### चिंतन-मनन

### कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।

एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।

---

# नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम रुंदन भरा संबोधन



निर्मल रानी

मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी कतारों के साथ ही हजारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुये प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहाँ के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी चुनावी मोड में हैं। प्रायः ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफा जरूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में,चुनाव को प्रभावित करने,विपक्ष को बदनाम करने,चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरूपयोग करने वाला हो। परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मजबूत जो कर ली है ?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही हाई प्रोफाइल राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक़्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33% महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131 वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिये लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिये तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिये उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यतः 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूँकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिये यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना,सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी जरूरी नहीं समझा।

अब इस नारी शक्ति वंदन नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया जिस के तहत पहले तो प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन,संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चैनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे गोदी मीडिया के अधिकांश निजी चैनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने,कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फजीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज्यादा इस तथाकथित राष्ट्र संबोधन से हो गयी। 18 अप्रैल को राष्ट्र के नाम सम्बोधन के नाम पर दिये गये इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे खूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाई गयीं और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टी वी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौका था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आलोचना करने के लिए राष्ट्र को संबोधित करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया हो। इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिसतरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गये। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुनः पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ये दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साजिश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लायें और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा। साथ ही इस विधेयक के गिरने के बाद महिलाओं की हमदर्दी में घड़ियाली आंसू बहाने व विपक्ष पर ही हमलावर होने वाली भाजपा से इसी विपक्ष ने ऐसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जिसका भाजपा के लफ़्फ़ाजी नेताओं के पास कोई जवाब नहीं। महिला आरक्षण के इन स्वयंभू सत्ताधारी हमदर्दों से विपक्ष ने यह भी पूछा कि सबसे ज्यादा सांसद होने के बाद भी बीजेपी की महिला सांसदों की संख्या का अनुपात अन्य राजनैतिक दलों की तुलना में सबसे कम क्यों है ? गौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा में बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों में केवल 31 महिलाएं हैं अर्थात उनकी संख्या मात्र 12.90% है। जबकि कांग्रेस के 98 सांसदों में 14 यानी 14.30% इसी प्रकार टीएमसी के 29 में 11 महिला सांसद यानी 37.90% महिलाएं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी 37 में 5 यानी 13.50% महिला सांसद हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने भाजपा का यह चिट्ठा भी खोलकर रख दिया कि भाजपा के शासन में यहाँ तक कि स्वयं अनेक भाजपा नेताओं द्वारा नारियों का किस तरह शोषण व अपमान किया गया है व किया जा रहा है। इसलिये यह कहना गलत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के गिरने पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम रुन्दन भरा संबोधन कोरी राजनीति,आचार संहिता का उल्लंघन ,जनता के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग और भाजपा की हताशा के सिवा और कुछ नहीं था।

---

# ईरान की ताकत बरकरार, अमेरिका के घटे हथियार! क्या इसी वजह से ट्रंप ने बढ़ाया युद्धविराम?



नीरज कुमार दुबे



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी संघर्षविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया है। यह फैसला उस समय लिया गया जब संघर्षविराम समाप्त होने में कुछ ही घंटे बाकी थे और हालात तेजी से बिगड़ते नजर आ रहे थे। ट्रंप ने कहा कि यह कदम ईरान को एक साझा और स्पष्ट प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के लिए उठाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह निर्णय पाकिस्तान के अनुरोध पर लिया गया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस फैसले के लिए ट्रंप का धन्यवाद किया और इसे क्षेत्रीय शांति के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। ट्रंप ने भी अपने संदेश में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की भूमिका का जिक्र किया।

हालांकि, संघर्षविराम के ऐलान के बावजूद जमीन पर हालात पूरी तरह शांत नहीं हैं। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ समुद्री नाकाबंदी जारी रखी है और अपनी सैन्य तैयारियों को बरकरार रखा है। वहीं ईरान ने साफ कर दिया है कि वह धमकियों और दबाव के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत के लिए तैयार नहीं है।

इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले जारी रखे हैं, जिसमें कई लोग घायल हुए और कई घरों को नुकसान पहुंचा। गाजा में भी हमले जारी हैं, जिससे क्षेत्र में मानवीय संकट और गहरा गया है। इस स्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संघर्षविराम केवल कागजी राहत है, जबकि वास्तविकता में तनाव बना हुआ है।

राजनयिक स्तर पर भी स्थिति उलझी हुई है। इस्लामाबाद में बातचीत को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और ईरानी प्रतिनिधिमंडल के नहीं पहुंचने से आंतरिक मतभेदों के संकेत मिल रहे हैं। चीन ने भी स्थिति को गंभीर बताते हुए हस्तक्षेप किया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की मांग की है।

अब यदि अमेरिकी रक्षा विभाग की खुफिया शाखा के ताजा आकलन की बात करें, तो यह तस्वीर और जटिल हो जाती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान अब भी अपनी प्रमुख सैन्य क्षमताएं बनाए हुए है और वह एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति बना हुआ है। यह आकलन उन दावों के विपरीत है, जिनमें कहा गया था कि ईरान की सैन्य ताकत को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया गया है। खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की वायु और नौसेना पूरी तरह नष्ट नहीं हुई है और उसकी रणनीतिक क्षमता अभी भी प्रभावी बनी हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिका के सार्वजनिक बयान और वास्तविक स्थिति में अंतर है। यह अंतर भविष्य की रणनीति और निर्णयों को प्रभावित कर सकता है।

इसी बीच, एक और महत्वपूर्ण रिपोर्ट सामने आई है, जिसने अमेरिका की सैन्य तैयारियों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। रक्षा विश्लेषकों और पेंटागन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, ईरान के साथ सात सप्ताह तक चले संघर्ष में अमेरिका ने अपने कई महत्वपूर्ण मिसाइल भंडार का बड़ा हिस्सा खर्च कर दिया है। एक अध्ययन के अनुसार, अमेरिका ने अपने प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल का लगभग 45 प्रतिशत, थाड इंटरसेप्टर का लगभग आधा और पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों का करीब 50 प्रतिशत इस्तेमाल कर लिया है। इसके अलावा टॉमहॉक मिसाइल का लगभग 30 प्रतिशत और अन्य लंबी दूरी की मिसाइलों का भी बड़ा हिस्सा खर्च हो चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के पास फिलहाल ईरान के खिलाफ अभियान जारी रखने के लिए पर्याप्त हथियार मौजूद हैं, लेकिन यदि उसे चीन जैसे किसी बड़े प्रतिद्वंद्वी के साथ संघर्ष करना पड़ा, तो मौजूदा भंडार पर्याप्त नहीं होगा। इन हथियारों को फिर से तैयार करने में एक से चार साल तक का समय लग सकता है, जबकि पूरी क्षमता हासिल करने में और ज्यादा समय लग सकता है।

रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि हथियारों की इस तेजी से खपत ने पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की रणनीतिक स्थिति को कमजोर किया है। यह स्थिति भविष्य में अमेरिका की सैन्य रणनीति के लिए चुनौती बन सकती है। हालांकि, पेंटागन ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा है कि अमेरिकी सेना के पास अपने मिशनों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। ट्रंप प्रशासन ने भी हथियारों की कमी से इंकार किया है, हालांकि अतिरिक्त बजट की मांग की गई है। विश्लेषकों का मानना है कि घटते भंडार का असर केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे यूक्रेन और अन्य सहयोगी देशों को मिलने वाली सैन्य सहायता भी प्रभावित हो सकती है। अमेरिकी संसद में भी इस मुद्दे को लेकर चिंता जताई गई है।

इन तमाम घटनाक्रमों के बीच एक बड़ा सवाल उभरकर सामने आता है कि क्या ईरान की सैन्य ताकत के बने रहने और अमेरिकी हथियार भंडार में कमी से जुड़ी रिपोर्टों ने ही ट्रंप के फैसले को प्रभावित किया है। जब खुफिया आकलन यह संकेत दे रहे हैं कि ईरान अब भी एक मजबूत शक्ति है और दूसरी ओर अमेरिका को अपने मिसाइल भंडार को फिर से भरने में वर्षों लग सकते हैं, तो ऐसे में संघर्षविराम का ऐलान केवल कूटनीतिक कदम नहीं बल्कि एक रणनीतिक जरूरत भी हो सकता है। यह भी संभव है कि अमेरिका फिलहाल टकराव को टालकर अपनी सैन्य तैयारी को मजबूत करना चाहता हो। ऐसे में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या यह युद्धविराम वास्तव में शांति की दिशा में कदम है या फिर एक बड़े और लंबे संघर्ष से पहले की रणनीतिक विराम स्थिति है।

बहरहाल, मौजूदा स्थिति कई स्तरों पर अस्थिर बनी हुई है। एक ओर संघर्षविराम ने अस्थायी राहत दी है, लेकिन दूसरी ओर सैन्य तनाव, खुफिया आकलनों में अंतर और हथियारों की कमी से जुड़ी चिंताएं भविष्य में बड़े संकट की ओर इशारा कर रही हैं। आने वाले समय में यह देखना अहम होगा कि क्या कूटनीतिक प्रयास सफल होते हैं या यह संकट एक बड़े युद्ध में बदल जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### इस्राइल-लेबनान के बीच वाशिंगटन में होगी दूसरे दौर की बातचीत, संघर्ष खत्म करने पर होगी चर्चा

**यरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल और लेबनान के अधिकारी शांति वार्ता के दूसरे दौर के लिए गुरुवार को बैठक करेंगे। एक इस्राइली अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। दोनों देशों के प्रतिनिधि वाशिंगटन में सीधी बातचीत के लिए इकट्ठा होंगे। यह बैठक अमेरिकी विदेश विभाग में आयोजित होगी। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अन्य अमेरिकी राजनयिक इस बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे। इस्राइल की ओर से वाशिंगटन में उनके राजदूत येचिएल लीटर चर्चा में शामिल होंगे। वहीं, लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय ने जानकारी दी है कि उनके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व राजदूत साइमन करम करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में इस्राइल, लेबनान और अमेरिका के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इस्राइल और हिजबुल्लाह के बीच हफ्तों तक चली लड़ाई के बाद यह पहली सीधी बातचीत है। हाल ही में दोनों देशों के बीच 10 दिनों का संघर्ष विराम लागू हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद यह संघर्ष विराम 16 और 17 अप्रैल की आधी रात से शुरू हुआ था। लेबनान ने सोशल मीडिया पर अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया है। उनका मुख्य उद्देश्य युद्ध को पूरी तरह रोकना और दक्षिणी क्षेत्रों से इस्राइली कब्जे को खत्म करना है। वे अपनी सेना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त दक्षिणी सीमा पर तैनात करना चाहते हैं। लेबनान ने साफ कहा है कि इस मिशन में उनकी जगह कोई और शामिल नहीं होगा। कार्यालय ने कहा कि यह प्रस्तावित वार्ता किसी भी अन्य बातचीत के ट्रैक से अलग है। उसने इस स्थिति को एक ऐसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें एक तरफ लंबे समय तक चलने वाला युद्ध है जिसके मानवीय, सामाजिक, आर्थिक और संप्रभुता संबंधी दुष्परिणाम होंगे, और दूसरी तरफ बातचीत के जरिए निकाला गया कोई समाधान है।

### अमेरिका की लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर ने छोड़ा पद, सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों के बीच इस्तीफा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की राजनीति में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कैबिनेट की सदस्य लोरी शावेज-डीरेमर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। व्हाइट हाउस की ओर से सोमवार को इसकी पुष्टि की गई। लोरी चावेज-डीरेमर पर अपने पद के दुरुपयोग से जुड़े कई आरोप लगे थे। इनमें एक अधीनस्थ के साथ संबंध और ड्यूटी के दौरान शराब पीने जैसे आरोप शामिल हैं। हालांकि शुरुआत में इन आरोपों को खारिज किया गया था, लेकिन समय के साथ मामले ने तूल पकड़ लिया। व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने जानकारी दी कि लोरी चावेज-डीरेमर अब प्रशासन छोड़कर निजी क्षेत्र में नई जिम्मेदारी संभालेंगी। उनके पद छोड़ने के बाद डिप्टी लेबर सेक्रेटरी कीथ सोंडरलिंग को कार्यवाहक लेबर सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है, जो फिलहाल इस पद की जिम्मेदारियां संभालेंगे। जांच आगे बढ़ने के साथ श्रम विभाग के कई अधिकारियों पर भी कार्रवाई हुई है। अब तक कम से कम चार अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। इनमें चावेज-डीरेमर के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ, डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ और उनकी सुरक्षा टीम का एक सदस्य शामिल है, जिनके साथ उनके संबंधों के आरोप लगे थे। इस बीच, सीनेटर जॉन केनेडी ने उनके इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा मुझे लगता है कि सचिव ने इस्तीफा देने में समझदारी दिखाई है।

### यूएस-ईरान के बीच पाक में दूसरे दौर की वार्ता, कुशनर इस्लामाबाद रवाना ; वेंस पर संशय बरकरार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान तनाव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद भेजकर वार्ता को निर्णायक मोड़ देने की कोशिश की है। लेकिन जेडी वेंस के दौरे पर जारी संशय ने इस पहल की गंभीरता और रणनीतिक स्पष्टता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे वार्ता की दिशा अब भी अनिश्चित बनी हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक खतरनाक मोड़ पर खड़ा है, जहां कूटनीति और टकराव के बीच सीधी जंग छिड़ती दिख रही है। इसी तनावपूर्ण माहौल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान में प्रस्तावित दूसरे दौर की बातचीत के लिए अपने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद के लिए भेजा है। हालांकि इस वार्ता को लेकर तस्वीर अभी भी पूरी तरह से साफ नहीं पाई है। कारण है कि इस वार्ता में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के जाने को लेकर संशय अभी तक बरकरार है। ऐसे में जहां एक तरफ ट्रंप ने स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद भेजकर साफ संकेत दे दिया है कि अब निर्णायक लड़ाई बातचीत की मेज पर लड़ी जाएगी। वहीं दूसरी ओर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के पाकिस्तान जाने पर छाया संशय इस वार्ता की गंभीरता और रणनीति दोनों पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

# यूएस में वसूले गए टैरिफ का रिफंड शुरू: वॉलमार्ट को 10 बिलियन डॉलर मिल सकते हैं, बाकी कंपनियों को कितना मिलेगा?



**अमेरिका , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए कुछ आयात शुल्क (टैरिफ) अब अमेरिकी कंपनियों को वापस मिल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इन टैक्सों को असंवैधानिक बताया है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (छ्क्क्ष) इस हफ्ते एक ऑनलाइन सिस्टम शुरू करने जा रहा है। इसके जरिए कंपनियां और आयातक अपना रिफंड क्लेम कर सकेंगे। इस फैसले से उन अमेरिकी कंपनियों को अरबों डॉलर वापस मिल सकते हैं, जिन्होंने विदेशों से सामान मंगाने पर अतिरिक्त टैक्स चुकाया था। वॉलमार्ट जैसी बड़ी कंपनियों को भारी रिफंड मिलने की संभावना है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार वॉलमार्ट को लगभग 10.2 अरब डॉलर मिल सकते हैं, जबकि टारगेट (2.2 अरब डॉलर) और नाइकी (1 अरब डॉलर) को भी अरबों डॉलर की वापसी की उम्मीद है। अन्य खुदरा विक्रेताओं को कम राशि मिलेगी, जिनमें गैप (400 मिलियन डॉलर), कोहल्स (550 मिलियन डॉलर) और होम डिपो (540 मिलियन डॉलर) शामिल हैं। वॉलमार्ट के मुख्य वित्तीय अधिकारी जॉन रेनी ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि वापसी की प्रक्रिया बहुत जल्दी पूरी हो जाएगी, और जब यह राशि प्राप्त होगी, तो इसे कंपनी के वित्तीय विवरणों में दर्शाया जाएगा। सीबीपी के अनुसार, 3.3 लाख से ज्यादा आयातकों ने 5.3 करोड़ से अधिक शिपमेंट पर करीब 166 अरब डॉलर टैरिफ के रूप में जमा किए थे। 14 अप्रैल तक 56,497 आयातकों ने एजेंसी के इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम में रजिस्ट्रेशन कराया था, जिससे वे ब्याज सहित 127 अरब डॉलर तक के रिफंड के पात्र बन सकते हैं।

**कैसे मिलेगा रिफंड :** कंपनियों को उन सामानों का पूरा विवरण देना होगा, जिन पर टैरिफ चुकाया गया था। दावा सही पाए जाने पर 60 से 90 दिनों के भीतर रिफंड जारी किया जा सकता है। हालांकि शुरुआत में सभी मामलों को शामिल नहीं किया जाएगा। पहले चरण में उन्हीं मामलों पर कार्रवाई होगी, जहां टैरिफ का अनुमान लगाया गया था लेकिन अंतिम हिसाब नहीं हुआ था, या जिन दावों की समयसीमा अंतिम लेखांकन के 80 दिनों के भीतर है।

**विशेषज्ञों ने दी सावधानी बरतने की सलाह :** कानूनी विशेषज्ञों ने कंपनियों से आवेदन करते समय सावधानी बरतने को कहा है। विशेषज्ञ मेघन सुपिनो ने कहा कि अगर किसी फाइल में एक भी एंट्री गलत हुई या पात्र नहीं हुई, तो पूरा दावा या संबंधित हिस्सा खारिज हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सिस्टम शुरू होने के शुरुआती दिनों में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, इसलिए कंपनियों को धैर्य रखना चाहिए। विशेषज्ञ न्यी हुइन्ह ने कहा कि कंपनियों को हर आवेदन का रिकॉर्ड रखना होगा, क्योंकि एक फाइल में हजारों एंट्री हो सकती हैं और छोटी गलती से दावा रद्द हो सकता है।

कोर्ट ने क्या कहा था?

20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के फैसले में कहा था कि ट्रंप प्रशासन ने 1977 के इमरजेंसी पावर्स कानून का इस्तेमाल कर टैरिफ लगाकर अपनी सीमा पार कर दी थी। बाद में अमेरिकी कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने कहा कि प्रभावित कंपनियों को पैसा वापस मिलना चाहिए।

**छोटे कारोबारियों को भी राहत :** छोटे कारोबार भी अब रिफंड की तैयारी में हैं। मिनेसोटा की कंपनी आफ्टर एक्शन सिगार्स के सह-संस्थापक ब्रैड जैक्सन ने कहा कि उनकी कंपनी ने पिछले साल 34,000 डॉलर टैरिफ चुकाया था और अब दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं। हालांकि उन्होंने चिंता जताई कि अगर रिफंड आने में कई महीने लगते हैं, तो इससे नकदी संकट की समस्या तुरंत हल नहीं होगी।

**ग्राहकों को मिलेगा फायदा या नहीं :** रिफंड सीधे कंपनियों को मिलेगा, लेकिन जरूरी नहीं कि आम ग्राहकों को भी फायदा मिले। कई कंपनियों ने टैरिफ का बोझ ग्राहकों पर कीमत बढ़ाकर डाला था, और अब उन्हें वह पैसा लौटाना अनिवार्य नहीं है। हालांकि फेडएक्स और यूपीएस जैसी डिलीवरी कंपनियां, जिन्होंने कुछ मामलों में ग्राहकों से सीधे शुल्क लिया था, रिफंड लौटाने की तैयारी कर रही हैं। धीरे-धीरे जारी होंगे भुगतान सीबीपी ने कहा है कि दावों की जांच के बाद चरणबद्ध तरीके से भुगतान किया जाएगा। यह प्रक्रिया टैरिफ से प्रभावित कारोबारों को आर्थिक राहत देने की दिशा में शुरुआती बड़ा कदम मानी जा रही है।

# जापान की नीति में बड़ा बदलाव, घातक हथियार निर्यात पर प्रतिबंध को हटाने को मंजूरी



**टोक्यो, एजेंसी।** जापान ने मंगलवार को एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए घातक हथियारों के निर्यात पर लगी पुरानी रोक हटाने को मंजूरी दे दी है। यह कदम जापान की द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपनाई गई शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कैबिनेट ने नई गाइडलाइन को मंजूरी दी, जिससे अब जापान अपने हथियार दूसरे देशों को बेच सकेगा। इस फैसले के पीछे मुख्य वजह क्षेत्र में बढ़ते सुरक्षा खतरे बताए जा रहे हैं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत और उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों को देखते हुए जापान अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करना चाहता है। इसके साथ ही जापान अपनी रक्षा इंडस्ट्री को भी बढ़ावा देना चाहता है, ताकि वह वैश्विक हथियार बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सके। जापान के इस कदम का उसके सहयोगी देशों ने स्वागत किया है। खासकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने इसे सकारात्मक कदम बताया है। इसके अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोप के कई देशों ने भी जापानी हथियारों में रुचि दिखाई है, जिससे भविष्य में रक्षा सहयोग और मजबूत हो सकता है।

**चीन ने किया जापान के फैसले का विरोध :** हालांकि, इस फैसले का विरोध भी हो रहा है। चीन ने इसकी आलोचना करते हुए कहा है कि इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। जापान के अंदर भी कई लोग इस बदलाव के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि यह कदम जापान के शांतिवादी संविधान की भावना के खिलाफ है और इससे देश की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है।

**बदलते वैश्विक हालात के कारण जापान में बदलाव :** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान ने खुद को एक शांतिप्रिय देश के रूप में स्थापित किया था और हथियारों के निर्यात पर कड़ी पाबंदी लगाई थी। लेकिन अब बदलते वैश्विक हालात और सुरक्षा चुनौतियों के बीच जापान अपनी नीति में बदलाव कर रहा है, जो आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय राजनीति और सुरक्षा समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।

# जर्मनी के गुरुद्वारे में हिंसक झड़प, 11 घायल; बंदूक, कृपाण और पेपर स्प्रे का इस्तेमाल

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी के मोर्स शहर के ड्यूसबर्ग इलाके में स्थित एक गुरुद्वारे में दो गुटों के बीच अचानक हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में कम से कम 11 लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि इस दौरान चाकू, कृपाण, पेपर स्प्रे और यहां तक कि एक पिस्टल का भी इस्तेमाल किया गया। बताया जा रहा है कि करीब 40 लोग इस झगड़े में शामिल थे। जैसे ही गुरुद्वारे में धार्मिक कार्यक्रम शुरू होने वाला था, अचानक दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मामला हाथापाई से होते हुए हिंसा में बदल गया। कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें लोग एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ लोगों ने अचानक पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया, इसके बाद एक व्यक्ति ने पिस्टल से फायरिंग की, जबकि कई लोगों के पास चाकू और किरपान जैसे धारदार हथियार थे। हालांकि पुलिस को अभी तक कोई असली पिस्टल नहीं मिली है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह एक ब्लैंक-फायरिंग पिस्टल हो सकती है (जो असली गोली नहीं चलाती, लेकिन आवाज और धमाका करती है)। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह विवाद गुरुद्वारे की कमेटी के चुनाव और फंड (पैसों) को लेकर था। पुराने और नए प्रबंधन के बीच काफी समय से तनाव चल रहा था, दोनों गुट गुरुद्वारे के नियंत्रण और फैसले लेने के अधिकार को लेकर भिड़े हुए थे। एक अधेड़ के प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हमला पहले से प्लान किया हुआ लग रहा था। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्पेशल टैक्टिकल यूनिट भी तैनात की गई। सभी घायलों का मौके पर ही इलाज किया गया। वहीं, एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि किसने किस पर हमला किया।

# कौन से नए पत्ते खोलने वाला है ईरान?: वार्ता की अटकलों के बीच स्पीकर गालिबाफ ने दिए बड़े संकेत



**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच टकराव अब कूटनीति की पतली डोर पर झूल रहा है, जहां शांति के प्रयासों के बीच युद्ध का साया गहराता जा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में प्रस्तावित वार्ता से ठीक पहले ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने एक आग उगलता बयान देकर पूरे माहौल को और विस्फोटक बना दिया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि ईरान अब युद्ध के मैदान में नए पत्ते खोलने के लिए तैयार है, यानी जरूरत पड़ने पर कठोर और निर्णायक सैन्य कदम उठाए जा सकते हैं। शांति वार्ता को लेकर तेज हो रही अटकलों के बीच गालिबाफ का यह बयान कई बड़े संकेत देता नजर आ रहा है। सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर ईरानी संसद अध्यक्ष कौन नए पत्ते को खोलने की बात कह रहे हैं? सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आखिर इस नए पत्ते में वार्ता को लेकर कैसे संकेत हो सकते हैं? इसके साथ ही ये सवाल तो खूब पूछे जा रहे हैं कि ईरान अगर वार्ता को लेकर सकारात्मक संकेत नहीं दे रहा, तो ट्रंप का अगला कदम क्या होगा? धमकी के माहौल में बातचीत स्वीकार नहीं- गालिबाफ सबसे पहले गालिबाफ के बयान पर नजर डालते हैं। उन्होंने अमेरिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाबंदियां लगाकर और सीजफायर का उल्लंघन कर कूटनीति को कमजोर किया है। उनके मुताबिक अमेरिका बातचीत को समर्पण में बदलना चाहता है या फिर नए युद्ध का बहाना ढूंढ रहा है। गालिबाफ ने दो टूक अंदाज में अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान धमकी के माहौल में बातचीत स्वीकार नहीं करेगा। अब गालिबाफ के बयान के मायने भी समझिए इस पूरी बात को ऐसे समझिए कि एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रतिनिधियों को शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान भेज दिया है। दूसरी ओर अभी तक ईरान की ओर से इस मामले कोई सकारात्मक कदम नहीं देखा गया है। इतना ही नहीं वार्ता के बीच अब ईरान के संसद के स्पीकर गालिबाफ की दो टूक अंदाज में धमकी इस पूरे अटकलों को नया मोड़ दे रही है। गालिबाफ ने कहा है कि अमेरिका के खिलाफ अब ईरान नए पत्ते खोलने जा रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच यह वार्ता 22 अप्रैल को खत्म हो रही युद्धविराम (सीजफायर) की समय सीमा से ठीक पहले हो रही है, इसलिए इसे बेहद अहम माना जा रहा है। हालांकि अभी तक ईरान ने साफ तौर पर यह नहीं कहा है कि वह इन बातचीत में हिस्सा लेगा या नहीं, जिससे स्थिति अनिश्चित बनी हुई है। दूसरी ओर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के शांति वार्ता में जाने को लेकर अभी तक संशय बरकरार है। कई मीडिया रिपोर्टस में ये दावा किया जा रहा है कि वेंस अभी तक पाकिस्तान के लिए रवाना नहीं हुए हैं। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह वार्ता तय समय पर हो पाएगी या नहीं?

# चीन ने ईरान भेजे मिसाइल वाले रसायन?: कार्गो जहाज पर लदा है केमिकल, भारतीय मूल की पूर्व अमेरिकी राजदूत का दावा

**अमेरिका, एजेंसी।** अमेरिकी राजनीतिज्ञ और पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया कि अमेरिकी नौसेना द्वारा जब्त किया गया पहला ईरानी जहाज चीन से ईरान जा रहा था। उन्होंने कहा कि जहाज पर मिसाइल निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक सामान थे और उसे कई बार रुकने के आदेश दिए गए, लेकिन उसने आदेश नहीं माना। हेली ने आगे कहा कि यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि चीन ईरान की सरकार को सहयोग दे रहा है। उनके मुताबिक, ईरान को बाहरी समर्थन मिलने की आशंका अब नजरअंदाज नहीं की जा सकती। जब्त किए गए जहाज की पहचान टोस्का के रूप में हुई है। यह ईरानी झंडे वाला छोटा कंटेनर पोत इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स समूह का हिस्सा बताया गया है। यह वही शिपिंग कंपनी है, जिस पर पहले से अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं। जहाज को रविवार को चाबहार पोर्ट के तट के पास ओमान की खाड़ी में रोका गया। जहाज की गतिविधियों की जानकारी समुद्री ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म समुद्री यातायात के आंकड़ों से सामने आई। ईरान की सेना ने अमेरिकी कार्रवाई को सशस्त्र समुद्री डकैती करार दिया है।

तेहरान ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और अमेरिका को इसके परिणाम भुगतने होंगे। ईरान ने यह भी घोषणा की कि जब तक अमेरिकी नाकेबंदी नहीं हटाई जाती, वह इस्लामाबाद में प्रस्तावित दूसरे दौर की वार्ता में हिस्सा नहीं लेगा। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि वे अमेरिकी बलों का सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन जहाज पर चालक दल के परिवारों की मौजूदगी के कारण जवाबी कार्रवाई को लेकर सावधानी बरती जा रही है। इससे संकेत मिलता है कि स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। दूसरी ओर, अमेरिकी सुरक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि शुरुआती जांच में जहाज पर डुअल-यूज सामान होने की संभावना जताई गई है। ऐसे सामान का इस्तेमाल औद्योगिक और सैन्य, दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। अमेरिकी सैन्य कमान CENTCOM पहले भी धातु, पाइप, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्रियों को इस श्रेणी में रख चुकी है। सूत्रों के अनुसार, यह जहाज पहले भी ऐसे सामान ढो चुका है, जिन्हें डुअल-यूज माना गया था। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने इस बार बरामद वस्तुओं का पूरा विवरण सार्वजनिक नहीं किया है। अमेरिका ने वर्ष 2019 में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स पर प्रतिबंध लगाते हुए आरोप लगाया था कि यह कंपनी ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए सामग्री पहुंचाने का पसंदीदा माध्यम रही है।

# ट्रंप की ईरान को खुली चेतावनी; कहा- संघर्षविराम बढ़ाने की संभावनाएं कम, समझौता नहीं हुआ तो बरसेंगे बम



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया भर की नजरें इस समय अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर टिकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्षविराम की समय सीमा को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। इससे युद्ध की आशंका फिर से गहरा गई है। ट्रंप ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी दबाव में आकर कमजोर समझौता नहीं करेंगे। इस कूटनीतिक रस्साकशी के बीच ट्रंप की 'गले लगाने वाली कूटनीति' कहीं नजर नहीं आ रही है, बल्कि उसकी जगह अब बमों की बरसात वाली चेतावनी ने ले ली है। राष्ट्रपति के इस तेवर ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चिंता में डाल दिया है, क्योंकि बुधवार की शाम वाशिंगटन के समय के अनुसार यह शांति की आखिरी समय सीमा हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक साक्षात्कार के दौरान घोषणा की कि ईरान के साथ चल रहा दो सप्ताह का संघर्षविराम बुधवार शाम को समाप्त हो जाएगा। उन्होंने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस बात की अत्यधिक संभावना नहीं है कि वह इस समय सीमा को आगे बढ़ाएंगे। ट्रंप ने ब्लूमबर्ग को दिए फोन इंटरव्यू में बताया कि यह संघर्षविराम सात अप्रैल की शाम को शुरू हुआ था और इसकी मियाद अब खत्म होने वाली है। ट्रंप के इस बयान से साफ है कि वह ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति अपना रहे हैं और बिना किसी ठोस नतीजे के इस अस्थायी शांति को जारी रखने के पक्ष में बिल्कुल नहीं हैं।

**ट्रंप ने समझौते की जल्दबाजी को लेकर क्या कहा :** राष्ट्रपति ट्रंप ने बातचीत के दौरान साफ किया कि वह किसी भी खराब समझौते के लिए जल्दबाजी नहीं दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझ पर किसी समझौते के लिए दबाव नहीं डाला जा सकता। हमारे पास दुनिया भर का समय है। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका को ईरान की शर्तों पर झुकने की कोई जरूरत नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या समझौता न होने पर क्या युद्ध फिर से शुरू हो जाएगा, तो उन्होंने स्पष्ट उत्तर दिया कि अगर कोई ठोस नतीजा नहीं निकलता है, तो वह निश्चित रूप से संघर्ष के फिर से शुरू होने की उम्मीद कर रहे हैं। उनके इस रुख ने शांति वार्ता की मेज पर बैठे राजनयिकों के लिए चुनौती और बढ़ा दी है। एक तरफ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शांति वार्ता के अगले दौर की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ट्रंप का गुस्सा सातवें आसमान पर है। पीबीएस न्यूज के मुताबिक, एक फोन कॉल के दौरान ट्रंप ने बेहद खतरनाक चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर मंगलवार या बुधवार तक समझौता नहीं हुआ और संघर्षविराम खत्म हुआ, तो फिर ढेर सारे बम फटने शुरू हो जाएंगे।' उनका यह बयान ईरान के लिए एक सीधा अल्टीमेटम माना जा रहा है। ट्रंप यह संकेत दे रहे हैं कि यदि कूटनीति विफल रहती है, तो अमेरिका सैन्य शक्ति का उपयोग करने से पीछे नहीं हटेगा।

# चीन से ईरान जा रहे जहाज पर मिसाइल केमिकल का दावा, दक्षिण लेबनान में इस्राइली हमले से छह घायल

**अमेरिका, एजेंसी।** अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी की नेता और भारतीय मूल की निक्की हेली ने बड़ा दावा किया है कि अमेरिकी नौसेना द्वारा जब्त किए गए ईरानी जहाज में चीन से भेजी गई मिसाइलों से जुड़ी केमिकल सामग्री मौजूद थी। हेली के अनुसार, यह जहाज चीन से ईरान की ओर जा रहा था और बार-बार रुकने के आदेश के बावजूद आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने इस घटना को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि चीन की भूमिका अब छिपी नहीं रह गई है और वह ईरान को परोक्ष रूप से समर्थन दे रहा है।

**एशियाई शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में मजबूती :** वैश्विक बाजारों में अनिश्चितताओं के बावजूद एशियाई शेयर बाजारों ने मंगलवार को मजबूत शुरुआत की। एमएससीआई का एशिया-पैसिफिक शेयरों का व्यापक सूचकांक (जापान को छोड़कर) 0.9% की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 2.1% उछलकर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, जो ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार देखा गया। वहीं, जापान का निक्केई 1.2% चढ़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का प्रमुख स्ङ्क इंडेक्स 0.3% की गिरावट के साथ विपरीत रुख में रहा। कमोडिटी बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल 0.4% गिरकर 95.09 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि अमेरिकी एसएंडपी 500 ई-मिनी फ्यूचर्स 0.1% की हल्की बढ़त में रहे।

**गाजा के उत्तरी तट पर इस्राइली नौसेना की गोलीबारी में फलस्तीनी महिला की मौत :** गाजा पट्टी एक बार फिर हिंसा की चपेट में आ गई है, जहां उत्तरी तट के पास इस्राइली नौसेना की गोलीबारी में एक फलस्तीनी महिला की मौत हो गई। अल जजीरा अरबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब इस्राइली युद्धपोतों ने समुद्री क्षेत्र में मौजूद लोगों को निशाना बनाया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी पुष्टि की है कि सोमवार को हुए अलग-अलग इस्राइली हमलों में कुल पांच फलस्तीनियों की जान चली गई, जिससे क्षेत्र में तनाव और अधिक बढ़ गया है।



**अमेरिका-ईरान वार्ता में अटकी बड़ी बातें क्या हैं :** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर कई अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बन पा रही है। बातचीत में प्रमुख विवाद बिंदु लगातार बाधा बने हुए हैं: ईरान का परमाणु कार्यक्रम: अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह समाप्त करे, जबकि तेहरान का कहना है कि किसी भी प्रतिबंध की समयसीमा सीमित होनी चाहिए। यूरेनियम भंडार: डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ईरान के लगभग 400 किलोग्राम उच्च संवर्धित यूरेनियम पर नियंत्रण चाहता है, लेकिन ईरान ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरान का कहना है कि वह इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर प्रतिबंध तब तक जारी रखेगा जब तक अमेरिका अपने प्रतिबंध नहीं हटाता, जबकि अमेरिका का रुख सख्त बना हुआ है। ईरान करीब 20 अरब डॉलर की फ्रीज़्ड संपत्तियों को जारी करने और प्रतिबंधों में राहत की मांग कर रहा है। तेहरान ने अमेरिका और इस्राइल के हमलों से हुए नुकसान के बदले लगभग 270 अरब डॉलर के मुआवजे की भी मांग उठाई है। पिछले कुछ घंटों में कूटनीतिक स्तर पर तेज गतिविधियां देखी गई हैं, खासकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री की ओर से। वह ईरानी अधिकारियों को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहे हैं।



# हेपेटाइटिस-सी कर सकता है दिल को भी बीमार

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन ने हेपेटाइटिस-बी और सी को खत्म करने के लिए वैश्विक योजना बनाई है।

यह सच है कि हेपेटाइटिस-सी से लोगों के लिवर खराब होने का खतरा होता है। एक अध्ययन के मुताबिक, हेपेटाइटिस-सी का संक्रमण फैल कर दिल के लिए भी समस्या पैदा कर सकता है। अध्ययन इस बात के मजबूत प्रमाण देते हैं कि हेपेटाइटिस-सी से दिल की प्रणाली को नुकसान पहुंच सकता है।

एक विशेषज्ञ के मुताबिक लंबे समय से हेपेटाइटिस-सी से पीड़ित लोगों की रक्त धमनियों में चर्बी और कैल्शियम जम सकता है। उन्होंने बताया कि इसे एरोसिलेसोरिसस कहा जाता है, जो दिल के दौरे और स्ट्रोक की शुरु आत है। इस बात के कारण का तो पता नहीं है कि संक्रमण से धमनियों में जमाव क्यों होने लगता है, लेकिन इस बात के प्रमाण काफी मजबूत हैं कि हेपेटाइटिस-सी के मरीजों में दिल के रोगों संबंधी लक्षणों की जांच होनी चाहिए।

वह कहते हैं कि यह अहम है कि ऐसे मरीजों के लिवर की जांच जरूर हो, लेकिन इसके साथ ही डॉक्टर को दिल के रोगों की जांच भी लगातार करते रहनी चाहिए. कोलेस्ट्रॉल और ग्लूकोज जैसी सालाना जांच, ब्लडप्रेशर की जांच और जीवनशैली से जुड़ी आदतें काफी मददगार साबित होती हैं।

हेपेटाइटिस-सी रक्त के जरिए फैलने वाले वारयस से होने वाला संक्रमण है, जिसकी गंभीरता कई सप्ताह से लेकर जीवनभर तक रह सकती है। असुरक्षित सूई, मेडिकल उपकरणों के उचित स्टेरलाइजेशन न होने



और बिना जांच के रक्त या रक्त तत्व चढ़ाने से हेपेटाइटिस सी हो सकता है।

इससे पीड़ित लोगों को लिवर सिरोसेस या लीवर कैंसर हो सकता है। वैसे तो 90 प्रतिशत मामलों में इस संक्रमण का इलाज एंटीवायरल दवाओं से हो सकता है, लेकिन हेपेटाइटिस-सी का कोई वैक्सीन नहीं है.

विशेषज्ञ ने बताया कि जिन लोगों में हेपेटाइटिस-सी मौजूद हो, उनमें रक्त धमनियों के जाम होने की संभावना 50 प्रतिशत तक बढ़ जाती है. अगर संक्रमण का अच्छे से ध्यान ना रखा जाए तो पूरे शरीर में सूजन फैल सकती है, जिससे रक्त धमनियों के क्षतिग्रस्त होने और दिल की समस्याएं होने का खतरा बढ़ सकता है।

वह कहते हैं कि अगर जांच और इलाज वक्त पर शुरू हो जाए तो हेपेटाइटिस-सी को सेहत पर बिना किसी गंभीर प्रभाव के आसानी से संभाला जा सकता है. यह जरूरी है कि पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर से इस बारे में खुलकर बात करनी चाहिए कि संक्रमण के प्रभावों से लिवर और दिल की पण्राली को बचाने के लिए क्या किया जाए।

उनका सुझाव है कि दिल के रोग से बचने के लिए संतुलित ब्लडप्रेशर और रक्त में चर्बी का अनुपात बनाए रखना जरूरी है, लेकिन जिसे हेपेटाइटिस-सी हो, उसके लिए और बहुत कुछ करना जरूरी हो जाता है। हेपेटाइटिस-सी के वायरस के प्रभाव को कम करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

इस समय पूरी दुनिया में लगभग 40 करोड़ लोग वायरल हैपेटाइटिस से पीड़ित हैं। लिवर की यह बीमारी एचआईवी, मलेरिया और टीबी से भी ज्यादा मौतों के लिए जिम्मेदार है। हर साल हेपेटाइटिस से 10.4 लाख लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। लेकिन सावधानी बरत कर हेपेटाइटिस को रोका जा सकता है। वर्ष 2014 की वर्ल्ड हेल्थ एसेम्बली में 194 सरकारों ने वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम, जांच और इलाज के मसले को हल करने के लिए नियंतण्र स्तर पर जागरु कता फैलाने पर अपनी सहमति दी थी।

**कुछ सुझाव हैं-**

- शराब से परहेज करें, क्योंकि इसके कारण वायरस तीव्र हो जाता है।
- एंटीवायरल कॉम्बीनेशन थैरेपी से लगभग 50 फीसदी लोग वायरस पर जीत हासिल कर लेते हैं।
- एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ सेल्स को सेहतमंद रखें।

डा. अग्रवाल कहते हैं कि संक्रमण को खुला छोड़कर दिल को प्रभावित करने देने की बजाय इसे रोकने के तरीकों पर काम करना आवश्यक है। साथ ही हेपेटाइटिस-सी के वायरस को रोकना लिवर और दिल दोनों के लिए फायदेमंद होगा।

# खनिज पदार्थो से भरपूर सूरजमुखी बीज

**हम** अपने को स्वस्थ रखने के लिए हर चीज अपनाते हैं। शरीर स्वस्थ है तो हर चीज अच्छी लगती है और शरीर बीमारी से ग्रस्त है तो जीवन निरस सा प्रतीत होता है। शरीर को स्वस्ता प्रदान करने के लिए न जाने हमने कितने ही चीजों का जीवन में प्रयोग किया होगा, पर अब आप इनमें सूरजमुखी के बीजों को भी प्रयोग भी करें। सूरजमुखी के बीज खाने के कई स्वास्य लाभ होते हैं। इनके बीजों में काफी सारा विटामिन ''ई' तथा अन्य खनिज पदार्थ होता है, जो सिर से ले कर पांव तक फायदा पहुंचाते हैं। इन दिनों लोग खुद को स्वस्थ रखने के लिए अलसी, कद्दू, तिल और सूजरमुखी के बीजों का सेवन करने लगे हैं। ये बीज न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि इन्हें खाने से पोषण भी मिलता है और यह पेट भी भरते हैं। सूरजमुखी के बीजों को खाने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है, कोलेस्ट्रॉल घटता है, त्वचा में निखार आता है तथा बालों का ग्रोथ होता है।

**सूरजमुखी के बीज खाने के स्वास्य लाभ**



**1. दिल को रखे स्वस्थ :** इनके बीजों में विटामिन ''सी' होता है जो कि दिल की बीमारी को दूर रखने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद विटामिन ''ई' कोलेस्ट्रॉल को खून की धमनियों में जमने से रोक कर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा टालता है। एक चौथाई कप सूरजमुखी के बीज 90 फीसदी तक का रोज विटामिन ''ई' प्रदान करता है।

**2. कोलेस्ट्रॉल घटाए :** इनमें मोनो और पोलीसैच्युरेटेड फैट्स होते हैं, जो कि एक अच्छे फैट माने जाते हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाने का काम करते हैं। इसके अलावा इनमें ढेर सारा फाइबर भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को घटाता है।

**3. पेट ठीक रखे :** बीज में काफी सारा फाइबर होता है जिससे कब्ज की समस्या ठीक हो जाती है।

**4. कैंसर से बचाव :** इसमें विटामिन ''ई', सेलियम और कॉपर होता है, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। रिसर्च द्वारा कहा गया है कि यह पेट, प्रोस्ट्रेट और ब्रेस्ट कैंसर से रक्षा करता है।

**5. त्वचा निखारे :** सूरजमुखी के बीज का तेल त्वचा की नमी बनाए रखने के रूप में अच्छी तरह से बैक्टीरिया के खिलाफ रक्षा करता है।

**6. हड्डी मजबूत बनाए :** इसमें मैग्नीशियम की भी अधिक मात्रा होती है, जिससे हड्डियों में मजबूती आती है। इसके साथ ही यह हड्डियों के जोड़ों में लचीलापन तथा मजबूती लाता है। गठिया और सूजन के लिए इसमें मौजूद विटामिन ''ई' काफी लाभदायक है।

**7. त्वचा रोग दूर करे :** सूरजमुखी बीज के तेल में फैटी एसिड होते हैं जो कि त्वचा को बैक्टीरिया से बचा कर एक्ने होने से रोकता हैं। सूरजमुखी तेल एक्जिमा और डर्मेटाइटिस की बीमारी से बचाता है।

**8. दिमाग के लिए अच्छा :** यह आपके दिमाग को शांत रखता है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम दिमाग की नसों को शांत करता है तथा स्ट्रेस और माइग्रेन से छुटकारा दिलाता है।

**9. हेयर ग्रोथ :** जिंक से भरे बीज आपके बालों को बढ़ाते हैं। हांलाकि अत्यधिक जिंक के सेवन से बाल झड़ने की समस्या काफी ज्यादा बढ़ सकती है। इसमें मौजूद विटामिन ''ई', सिर में ब्लड सकरुलेशन कर के बालों की ग्रोथ करता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

## लॉफिंग जौक

नाना ने कुछ बड़े हो गए नाती को गुर की बात समझाते हुए कहा- 'बेटा अब कोई काम धन्धा जमा लो, बेकार फिरना अच्छी बात नहीं। जब मैं तुम्हारी उम्र का था तो मैंने दुकान में 50 रूपये की नौकरी की थी। फिर छः साल बाद उतनी ही बड़ी दुकान बना ली थी।'

नाती से रहा न गया । बोल पडा- 'नाना जी, अब वे जमाने लद गए। अब वैसी तिक्ड़म नहीं चलती। हर जगह कायदे के अनुसार हिसाब-किताब रखा जाता है।'

बस में सफर कर रही एक लड़की ने एक हाथ में किताबें पकड रखी थीं तथा दूसरे हाथ में बस का डंडा था।

कण्डक्टर- टिकट ले लो।

लडकी-देखते नहीं, मेरे हाथ खाली नहीं है।

कण्डक्टर- एक चीज मुझे दे दो।

लड़की - तो पकड लो बस का डंडा।

एक बच्चा रात को देर से घर गया। मां ने पूछा-'कहां थे अब तक'

'जी मैं फिल्म देखने गया था, मां का प्यार।'

मां ने कहा-'जाओ ऊपर बाप का गुस्सा भी देखो।'

## काकुरो पहेली - 4062



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 4061 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4062



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4061



## सूडोकु -4062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4061 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली -4062



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

शब्द पहेली -4061 का हल



## पश्चिमी उप्र के मुस्लिम परिवार ने हरिद्वार में अपनाया सनातन धर्म, बदले नाम

एजेंसी

**हरिद्वार।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक मुस्लिम परिवार ने विधिविधान से उत्तराखंड के हरिद्वार में सनातन धर्म अपना लिया। धार्मिक संगठनों और साधु-संतों की उपस्थिति में नमामि गंगे घाट पर विधि-विधान से गंगा स्नान और शुद्धिकरण के बाद परिवार ने धर्म परिवर्तन किया। परिवार के मुखिया ने अपना नाम मौ. शहजाद से बदलकर शंकर और उनकी पत्नी रजिया ने सावित्री रख लिया है। उनके साथ दो बेटियों और एक बेटे ने अपने नाम क्रमशः रुकमणी, दीक्षा व रुद्र रख लिए हैं। कार्यक्रम में बाबा हठयोगी, रामविशाल दास महाराज, अरुण कृष्ण महाराज, अखाड़ा परिषद से जुड़े संतों सहित अन्य साधु-संत मौजूद रहे। पूरे परिवार का हवन-यज्ञ और शुद्धिकरण संस्कार कराया गया। शुद्धिकरण व यज्ञोपवीत संस्कार की पूरी प्रक्रिया संतों के सानिध्य में आचार्य कुलदीप विद्यार्थी और अनुज शास्त्री ने वैदिक विधि विधान के साथ पूरी कराई। बाबा हठयोगी ने बताया कि परिवार ने वैदिक परंपराओं के अनुसार सनातन धर्म स्वीकार किया है और उन्हें हिंदू धर्म की रीति-रिवाजों की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि परिवार के पूर्वज पहले हिंदू थे और अब उन्होंने पुनः घर वापसी की है। धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति शंकर (पूर्व मौ. शहजाद) ने कहा कि उनकी भगवान शिव में गहरी आस्था है और इसी कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस फैसले के बाद उन्हें कुछ लोगों से जान का खतरा महसूस हो रहा है।

## गुवाहाटी में व्यापक स्तर पर जलभराव के बीच आज 3 शव बरामद, अब तक 4 लोगों के शव मिले

**गुवाहाटी।** राजधानी गुवाहाटी में एक दिन की मूसलाधार बरसात के चलते व्यापक स्तर पर जलभराव के बीच 3 शव बरामद हुए हैं। इसके साथ ही एक दिन की बरसात के कारण गुवाहाटी के अलग-अलग हिस्सों से मिले कुल शवों की संख्या 4 हो गई है। जानकारी के अनुसार, आज सुबह साउकुची में राजधानी के हाथीगांव के नटबोमा क्षेत्र निवासी आख्तर अली का शव वशिष्ठ नदी से बरामद हुआ था। इसी बीच दूसरा शव ज्योतिकुची इलाके में मरा भरलु नदी में बरामद हुआ। जिसकी पहचान राजधानी के दातालपारा निवासी असीम कलिता के रूप में हुई है। जबकि, तीसरा शव पामही के लाचितगढ़ में माधुर्य राभा के घर के पास बरामद हुआ। अंतिम सूचना मिलने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी। इसी तरह राजधानी के मालीगांव इलाके में 19 अप्रैल को भारी बरसात और व्यापक स्तर पर जलभराव के बीच पायल नाथ नामक महिला नाले में डूब गयी। महिला का शव 20 अप्रैल की सुबह नाले से बरामद किया गया। बीते 19 अप्रैल को हुई मूसलाधार बरसात के बाद गुवाहाटी में व्यापक स्तर पर जलभराव के चलते फुटपाथ पर खुले मेनहोल में डूबने से मौत हुई।मामले की जांच जारी है।

## मप्र के बड़वानी में टैंकर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, 5 युवकों की मौत

**भोपाल/बड़वानी।** मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में दोपहर हुए सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार टैंकर ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गए। इस हादसे में पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह दुर्घटना जुलवानिया टोल प्लाजा के पास दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। बताया गया हे कि सभी युवक एक बारात से लौट रहे थे। रास्ते में एक वाहन का डीजल खत्म हो जाने पर कुछ युवक दूसरी कार से डीजल लेने निकले थे, तभी खरगोन की ओर से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जुलवानिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों और मृतकों को कार से बाहर निकालने के लिए करीब एक घंटे तक मशक्कत की। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान दो और युवकों ने दम तोड़ दिया।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने वाली है: रेखा गुप्ता

**आसनसोल।** आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल के समर्थन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जेके नगर इलाके में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन किया और जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की तृणमूल सरकार पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में रेखा गुप्ता ने दावा किया कि आप सबका उत्साह और उमंग देखकर मुझे पूरा विश्वास है कि ममता सरकार अब जाने वाली है और बंगाल में भाजपा की सरकार बनने वाली है। आपका यही जोश अग्निमित्रा पाल को दोबारा विधायक बनाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निमित्रा पाल एक साहसी नेता हैं, जो जनता के लिए लड़ती हैं और तृणमूल के गुंडों को करारा जवाब देती हैं। उन्होंने दावा किया कि अग्निमित्रा पाल के रहते किसी भी टीएमसी कार्यकर्ता की हिम्मत नहीं होगी कि वह आम जनता को परेशान करे। उन्होंने आगे कहा कि अग्निमित्रापाल के पीछे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का नेतृत्व है। उनके नेतृत्व में बंगाल ने ठान लिया है कि अब यहां विकास की राजनीति होगी। महिलाओं को सम्मान मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास और विश्वास की राजनीति करती है। रेखा गुप्ता ने खनन माफिया और सिंडिकेट पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर इन पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी और जो भी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

# पश्चिम बंगाल में यूसीसी लागू करवाएंगे, यह मोदी की गारंटी है - अनुराग ठाकुर

एजेंसी

**कोलकाता।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के यूसीसी वाले बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद यूसीसी लागू करेंगे और यह मोदी की गारंटी है। कोलकाता में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने से बातचीत में ममता बनर्जी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि 15 साल के शासन में टीएमसी ने बंगाल को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पलायन का शिकार बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को बंगाल की जनता को टीएमसी से मुक्ति मिल जाएगी और 'सोनार बांग्ला' का सपना साकार होगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि ममता बनर्जी के पास 15 सालों का कोई हिसाब-किताब नहीं है, इसलिए वह डर और भ्रम फैला रही हैं। वह जनता को डराने की कोशिश कर रही हैं। यह



उनका अपना डर और भ्रम है।

उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार व्यभिचार को रोक नहीं पाई, युवाओं को रोजगार नहीं दे पाई और उन्हें पलायन के लिए मजबूर कर दिया। हर बंगाली के ऊपर 77,200 रुपए का कर्ज चढ़ा दिया है और हर परिवार पर करीब 3 लाख रुपए का कर्ज है। अब जवाब न होने पर सीएम ममता बनर्जी झूठ की मशीन बन गई हैं। उन्होंने कहा कि टीएमसी का मतलब है आतंक, हत्या और कट मनी। 4 मई को जनता इन तीनों से मुक्त हो जाएगी। कमल खिलेगा और सोनार बांग्ला का सपना पूरा होगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बंगाल में डर और भ्रष्टाचार का माहौल है, जिसके कारण निवेश नहीं हो रहा है और युवाओं का 'ब्रेन ड्रेन' (पलायन) हो रहा है। उन्होंने आंकड़े देते हुए बताया कि 6,688 उद्योग बंद हो गए। 110 लिस्टेड कंपनियां बंद हो गईं। अनौपचारिक क्षेत्र में 10 सालों में 30 लाख नौकरियां खत्म हो गईं। 23 लाख लोग रजिस्टर्ड बेरोजगार हैं। ये आंकड़े मेरे नहीं, बल्कि राज्य सरकार के अपने हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए की 20 राज्यों में सरकार है, मगर एक भी जगह किसी के बोलने पर, खाने पर, पूजा पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन सीएम ममता बनर्जी के पास 15 साल की कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए भय, भ्रम और अफवाहें फैलाने का काम कर रही हैं। वहीं, राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि मेरा पसंदीदा खाना मछली है और मुझे हर तरह की मछली पसंद है–चाहे वह चिंगड़ी हो, मागुर माछ हो, पाबदा हो, रोहू हो या फिर कतला। मुझे हर तरह की मछली का शौक है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेरा कहने का मतलब यह था कि यह बड़े अफसोस की बात है कि बंगाल के पास समुद्र, नदियां और तालाब–सब कुछ होने के बावजूद, यहां मछली पालन का कोई खास उद्योग नहीं है।

## अमृतसर में पाकिस्तान लिंक वाले ड्रग्स तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार




एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से हो रही हेरोइन तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7.050 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 60 करोड़ बताई जा रही है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार किये गए तस्कर पाकिस्तानी तस्कर के संपर्क में थे और उसके निर्देशों पर पंजाब में नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहे थे। यह नेटवर्क सीमा पार से ड्रग्स की तस्करी कर युवाओं को निशाना बना रहा था, जिससे नशे की समस्या और गहराती जा रही थी। इस मामले में दो अलग-अलग एफआईआर थाना छेहरटा और थाना कैंटोनमेंट में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुई हैं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है, ताकि इसके आगे और पीछे जुड़े सभी कड़ियों का पता लगाया जा सके।

# गुवाहाटी हाईकोर्ट में पवन खेड़ा की जमानत पर सुनवाई, उच्च न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रखा

एजेंसी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की जमानत अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। यह मामला असम पुलिस ने दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने तीखे और एक-दूसरे से बिल्कुल अलग तर्क पेश किए। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने वकील कमल नारायण चौधरी के साथ मिलकर दलील दी कि यह मामला राजनीति से प्रेरित है और बदले की भावना से किया गया है। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपों में कोई ठोस आधार नहीं है और इनका मकसद एक राजनीतिक विरोधी की आवाज दबाना है। इस अर्जी का विरोध करते हुए, असम पुलिस की तरफ से पेश हुए असम के एडवोकेट जनरल देवजीत लोन सैकिया ने कहा कि खेड़ा गंभीर अपराधों में शामिल हैं, जिनमें जालसाजी और धोखाधड़ी शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच में पहली नजर में ऐसे सबूत मिले हैं, जो जानबूझकर की गई गलत हरकतों की ओर इशारा करते हैं। इसलिए, हिरासत में पूछताछ और जमानत न देना सही है। प्रदेश सरकार ने



तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा पवन खेड़ा को दी गई राहत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी, रिंकी भुइयां सरमा के खिलाफ पवन खेड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा ने पहले आरोप लगाया था कि रिंकी भुइयां सरमा का व्योमिंग स्थित एक अमेरिकी कंपनी से संबंध है। उन्होंने मुख्यमंत्री सरमा और उनके परिवार से जुड़ी बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का दावा किया था। इन आरोपों में बड़ी रकम और कई पासपोर्ट होने के दावे शामिल हैं, जिन्हें असम के मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। तेलंगाना हाई कोर्ट ने 10 अप्रैल को खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देते हुए कहा था कि उनकी गिरफ्तारी की आशंका सही लगती है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ शर्तें भी रखीं, जिनमें जांच में सहयोग करना, बिना अनुमति के विदेश यात्रा न करना, और ऐसे बयान न देना शामिल है जिनसे जांच पर बुरा असर पड़ सकता हो। इसके बाद, असम सरकार ने इस राहत को रद्द करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी। इस मामले पर सुनवाई इसी हफ्ते बाद में होने की संभावना है।

## कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं : रंजीत रंजन

एजेंसी

**रायपुर।** कांग्रेस की छत्तीसगढ़ से राज्य सभा सांसद रंजीत रंजन ने कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, बल्कि आपत्ति परिसीमन बिल को लेकर है।

राज्य सभा सांसद रंजीत रंजन ने रायपुर में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, 'राजीव भवन' में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सरकार पर महिला आरक्षण के मुद्दे पर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं को अधिकार देने के बजाय उन्हें गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के दिखाने के दांत अलग और खाने के अलग हैं।

सांसद रंजीत ने सवाल उठाया कि जब पूरा विपक्ष 2023 में ही महिला आरक्षण के समर्थन में था, तो सरकार ने इसे जनगणना और परिसीमन की शर्तों में क्यों उलझाया। उनके अनुसार, सरकार चाहती तो 2024 के चुनावों में ही 543 लोकसभा सीटों पर इसे लागू कर सकती थी। उन्होंने 16 अप्रैल 2026 को अचानक बुलाए गए विशेष सत्र की मंशा पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि यह सत्र आरक्षण देने के लिए नहीं, बल्कि जटिल शर्तें निशाना करार दिया।

उन्होंने कहा कि बिना जनगणना के परिसीमन कैसे किया जा सकता है। जनगणना के बाद ही परिसीमन विधेयक लाया जाना चाहिए। मोदी



फंसाकर बिल को गिरवाने की एक सुनियोजित साजिश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 2026 में होने वाले पांच राज्यों के चुनावों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है, जिसे उन्होंने कहीं पर निगाहें, कहीं पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। वह महिला विरोधी रवैया अपना रही है।

सांसद के साथ प्रेस कांफ्रेंस में विधायक सावित्री मंडावी, अनिला भेड़िया और अन्य महिला पदाधिकारी भी मौजूद थीं।

# तमिलनाडु में स्टालिन बेहद लोकप्रिय, विकल्प की जरुरत नहीं : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

**चेन्नई ।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चेन्नई में मीडिया से बातचीत करते हुए तमिलनाडु की राजनीति और मौजूदा हालात पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने डीएमके और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की जमकर तारीफ की। केजरीवाल ने कहा कि स्टालिन और उनकी पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले पांच सालों में तमिलनाडु में काफी विकास हुआ है और जब भी देश में कोई बड़ा मुद्दा सामने आता है, स्टालिन की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठती है। उन्होंने तमिलनाडु की जनता से अपील की कि वे डीएमके गठबंधन का समर्थन करें। उन्होंने बताया कि सोमवार को उन्होंने और स्टालिन ने एक साथ रोड शो किया था, जिसे लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला। उनके मुताबिक, स्टालिन एक बेहद लोकप्रिय नेता हैं और जनता उन्हें काफी पसंद करती है। स्टालिन और उनके रिश्ते भाई जैसे हैं और उनका समर्थन आगे भी जारी रहेगा।



भाजपा पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि तमिलनाडु के लोग भाजपा की राजनीति को पसंद नहीं करते, इसलिए पार्टी राज्य में अपनी जगह नहीं बना पाई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एआईएडीएमके पूरी तरह भाजपा के प्रभाव में है। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि लोग एनडीए को वोट नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भाजपा को एक भी सीट मिलती है, तो वह यहां सरकार बनाने की कोशिश करेगी और इससे राज्य में हो रहे अच्छे कामों पर असर पड़ सकता है। केजरीवाल ने भाजपा को सबसे भ्रष्ट पार्टी बताते हुए कहा कि दिल्ली में भी लोग भाजपा से जल्दी ही परेशान हो गए हैं। गुजरात का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां लंबे समय से भाजपा की सरकार है, लेकिन हालात अच्छे नहीं हैं। वहीं, उन्होंने साफ किया कि अब वे इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। चेन्नई बहुत सुंदर शहर है और यहां के लोग स्टालिन के कामों की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब जनता खुश है, तो किसी विकल्प की जरूरत नहीं होती, हालांकि लोकतंत्र में हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, इसलिए विजय का चुनाव लड़ना भी स्वाभाविक है। केजरीवाल ने तमिलनाडु की ब्रेकफास्ट योजना की भी सराहना की और इसे एक अच्छी पहल बताया। उन्होंने महिला आरक्षण को लेकर कहा कि यह असल में परिसीमन से जुड़ा मामला है, जो लोकतंत्र को प्रभावित कर सकता है, इसलिए उन्होंने इसका विरोध किया।

## भाजपा नेता बलबीर पुंज की अस्थियां हरिद्वार में गंगा में विसर्जित



एजेंसी

**हरिद्वार।** वरिष्ठ लेखक, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद बलबीर पुंज की अस्थियां हरिद्वार में विधि-विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गईं। कनखल स्थित सती घाट पर अस्थि विसर्जन के समय परिजनों के साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।सती घाट पर अस्थि कलश लेकर पहुंचे परिजनों ने पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ गंगा में अस्थियां प्रवाहित कर उनकी आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना की।श्रद्धांजलि देते हुए सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि बलबीर पुंज एक राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर लेखक और अनुभवी राजनेता थे। उनके विचारों और लेखनी से पार्टी और समाज को निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहा।कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।पूर्व राज्यसभा सांसद बलबीर पुंज का शनिवार को 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

# मेरठ सेंट्रल मार्केट मामला: भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण में 1989 से 2017 तक सुलगती रही आग, योगी सरकार ने दिए थे 3 विकल्प

एजेंसी

**मेरठ।** मेरठ के सेंट्रल मार्केट ध्वस्तीकरण का मामला एक दिन में नहीं बना, बल्कि इसकी जड़ें वर्ष 1989 तक जाती हैं। समय के साथ यह प्रकरण कई स्तरों पर भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और राजनीतिक हीला-हवाले के आरोपों से घिरता रहा। अब जब मामला सुप्रीम कोर्ट के फैसले तक पहुंच चुका है, तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अनिवार्य हो गई है। हालांकि, राज्य सरकार अब भी प्रभावितों को राहत दिलाने के लिए न्यायिक रास्ते तलाशने में जुटी है। इस पूरे घटनाक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए गए, जबकि सरकार का दावा है कि उन्होंने शुरुआत से ही प्रभावितों के हित में समाधान निकालने का प्रयास किया। सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी की ओर से प्रभावितों को तीन विकल्प दिए गए थे, ताकि उन्हें नुकसान से बचाया जा सके और कानूनी जटिलताओं के बीच कोई व्यवहारिक रास्ता निकले। पहले विकल्प के तहत प्रभावितों से कहा गया था कि वे स्वयं सरकार के साथ मिलकर पक्षकार बनें, जिससे न्यायालय में उनका पक्ष मजबूत हो सके। दूसरे विकल्प में आवास विकास



विभाग द्वारा निर्धारित कंपाउंडिंग शुल्क जमा करने की सलाह दी गई थी, ताकि नियमों के अनुरूप समाधान खोजा जा सके और ध्वस्तीकरण को रोक जा सके। तीसरा विकल्प यह था कि सुप्रीम कोर्ट के संभावित रुख को ध्यान में रखते हुए सेंट्रल मार्केट को छोड़ने का निर्णय लिया जाए और सरकार की पुनर्वास योजना को स्वीकार किया जाए, जिसके तहत सभी प्रभावितों के पुनर्वास की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाने को तैयार थी। हालांकि, इन तीनों विकल्पों पर सहमति नहीं बन सकी। इसके चलते मामला पूरी तरह न्यायालय के अंतिम निर्णय पर निर्भर हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने नियमों और कानून के प्रावधानों का हवाला देते हुए जब ध्वस्तीकरण का आदेश दिया, तो प्रशासन के सामने इसे लागू करने की अपरिहार्य स्थिति बन गई।

**सरकारों ने दिया अप्रत्यक्ष तौर पर संरक्षण**

राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भी यह मुद्दा लगातार चर्चा में है। आरोप हैं कि पूर्ववर्ती सरकारों जनता दल, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में इस तरह के निर्माणों को न केवल नजरअंदाज किया गया, बल्कि कई मामलों में अप्रत्यक्ष तौर पर संरक्षण भी मिला। विशेष रूप से वर्ष 2013 से 2017 के बीच ऐसे उदाहरण सामने आए, जिनमें नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्य होते रहे। अब वही पक्ष वर्तमान सरकार पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि सरकार खुद को प्रभावितों के पक्ष में खड़ा बता रही है। मामले में कुछ व्यक्तियों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, जिनमें लोकेश खुराना जैसे नामों का उल्लेख किया जा रहा है, जिन पर जनहित याचिकाओं के माध्यम से ऐसे मामलों में हस्तक्षेप कर लाभ लेने के आरोप लगते रहे हैं।

**अब भी कानूनी विकल्प तलाशने में जुटी है राज्य सरकार**

फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद सेंट्रल मार्केट का ध्वस्तीकरण टलना संभव नहीं दिख रहा, लेकिन राज्य सरकार अब भी कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर ऐसे विकल्पों की तलाश में जुटी है, जिससे प्रभावितों को अधिकतम राहत मिल सके। वर्षों पुराने इस विवाद का समाधान अब कानून के दायरे में ही तय होगा, लेकिन इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभावों को कम करने की चुनौती सरकार के सामने बनी हुई है।

# मप्र के ओंकारेश्वर में हुआ पांच दिवसीय एकात्म पर्व, शंकरदूत के रुप में दीक्षित हुए देश-विदेश के 700 युवा

एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में आयोजित पांच दिवसीय शंकर प्रकटोत्सव एकात्म पर्व का आदि शंकराचार्य की जयंती वैशाख शुक्ल पंचमी पर भव्य समापन हुआ। इससे पूर्व संतों की उपस्थिति में नर्मदा तट पर आयोजित दीक्षा समारोह में देश-विदेश के 700 से अधिक युवा 'शंकरदूत' के रूप में दीक्षित हुए। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर स्थित एकात्म धाम में आयोजित एकात्म पर्व के समापन अवसर पर जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, चिन्मय मिशन के पूर्व वैश्विक प्रमुख स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, मप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, दक्षिणामूर्ति मठ के प्रमुख स्वामी पूर्णानंद गिरी, माँ पूर्ण प्रज्ञा, प्रख्यात शिक्षाविद् गौतम भाई पटेल, महंत मंगलदास त्यागी तथा वेंकटेश्वर वेद विज्ञान पीठम् के प्राचार्य ब्रह्मर्षि



कुप्प शिव सुब्रमण्यम अवधानी की उपस्थिति रही। एकात्म पर्व के समापन समारोह में शैक्षणिक जगत की दो प्रखर विभूतियों को सम्मानित किया गया।

इनमें चिन्मय मिशन के पूर्व प्रमुख स्वामी तेजोमयानंद को उनकी अखंड अद्वैत निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। पद्मभूषण से विभूषित स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती ने 'उपनिषद गंगा' और विभिन्न ग्रंथों की व्याख्या के माध्यम से वेदांत को जन-जन तक पहुँचाया है। साथ ही प्रख्यात विद्वान प्रोफेसर गौतम भाई पटेल को संस्कृत वांग्मय और अद्वैत दर्शन में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रो. पटेल ने आचार्य शंकर की संपूर्ण कृतियों का पहली बार गुजराती भाषा में अनुवाद करने का ऐतिहासिक संकल्प लिया है। पंच दिवसीय एकात्म पर्व में वैदिक अनुष्ठान एवं श्रौत कर्मानुष्ठान के लिए हैदराबाद से पधारे ज्येष्ठ ब्रह्मश्री वेदमूर्ति कुप्पा रामगोपाल वाजपेय्या तथा उनकी धर्मपत्नी कुप्पा कल्पकाम्बा सोमपीठनी को श्रुति परम्परा एवं वैदिक अनुष्ठान के प्रति उनके अपार समर्पण के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए न्यास द्वारा उन्हें आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा, जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

यह दोनों श्रृङ्गेरी शंकराचार्य जगद्गुरु विधुशेखर भारती महास्वामी के पूर्वाश्रम के पितामह-पितामही हैं। इसी क्रम में पंचदिवसीय एकात्म पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रायोगिक समाचार पत्र तैयार करने के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्रों को सम्मानित किया गया। एकात्म पर्व के समापन से पहले ओंकारेश्वर में मां नर्मदा के तट पर भव्य दीक्षा समारोह आयोजित किया गया।

# बंगाल चुनाव प्रचार में अमित शाह ने साधा तृणमूल पर निशाना, महिलाओं की सुरक्षा-घुसपैठ पर उठाए सवाल

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दौर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्य में तीन जनसभाओं को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर हमला बोला। उन्होंने पश्चिम बर्धमान के कुलटी और पश्चिम मेदिनीपुर के शालबनी में आयोजित सभाओं में महिलाओं की सुरक्षा, मुफ्त बस सेवा, घुसपैठ और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कुलटी की सभा में अमित शाह ने घोषणा की कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में सत्ता में आती है, तो एक जून से महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह वादा पार्टी के घोषणापत्र में पहले ही शामिल है और सरकार बनने के बाद इसे लागू किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने संदेशखाली और आरजी कर अस्पताल से जुड़े मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाएं आधी रात में भी सुरक्षित महसूस करेंगी। कुलटी में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मतदान के दिन यदि हिंसा या गुंडागर्दी की



कोशिश हुई, तो भाजपा उसका कड़ा जवाब देगी। उन्होंने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। घुसपैठ के मुद्दे पर अमित शाह ने कहा कि पांच मई के बाद भाजपा सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल से अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर किया जाएगा। शालबनी की सभा में उन्होंने इस बयान को दोहराते हुए कहा कि यह कार्रवाई केवल बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश में की जाएगी।शालबनी में उन्होंने राज्य सरकार पर गरीबों के धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों से पूरा हिसाब लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने अपराधियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही। अमित शाह ने दिन की शुरुआत कर्सियांग में सभा से की, इसके बाद वे कुलटी और फिर शालबनी पहुंचे। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा ने अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारकर प्रचार अभियान को और तेज कर दिया।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और मुम्बई इंडियंस में मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग के इस 19 वे सत्र में दो पूर्व चैम्पियनों चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुम्बई इंडियंस के बीच गुरुवार को यहां के वानखेड़े स्टेडियम में मुकाबला होगा। इस सत्र में इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य ये मैच जीतना रहेगा। मुम्बई की टीम अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी। ऐसे में उसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में दोनो ही टीमों ने अब तक छह में से केवल दो-दो मुकाबले ही जीते है। मुंबई इंडियंस को तीन मैचों में उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है हालांकि गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में तिलक वर्मा के शानदार शतक से उसे जीत मिली थी जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इससे टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर है। वहीं सीएसके 8वें स्थान पर है। मुम्बई की बल्लेबाजी तिलक के अलाव सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या पर आधारित रहेगी। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा फिट नहीं होने के कारण इस मैच में भी नहीं खेलेंगे जिससे भी टीम को झटका लगा है। टीम की गेंदबाजी भी इसबार प्रभावी नहीं रही है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी इस बार असफल रहे हैं, इससे भी टीम की चिन्ताएं बढ़ी हैं। वहीं सीएसक की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही है हालांकि इस मैच में अनुभवी पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की वापसी की संभावनाओं को लेकर टीम में उत्साह है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के खराब फार्म से टीम की परेशानी बढ़ी है। अब तक उसकी ओर से केवल संजू सैमसान ने दो अर्धशतक लगा पाये हैं। ऐसे में उनसे इस मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की कमान अंशुल कंबोज के पास रहेगी। कंबोल ने इस सत्र में सबसे अधिक 13 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ऐसे में मुम्बई के बल्लेबाजों को उनसे सावधान रहना होगा। दोनो टीमों के आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें कुल 39 मुकाबले हुए हैं जिसमें से मुम्बई ने 21 मैच जीते हैं, जबकि सीएसके ने 18 जीते हैं। इस प्रकार देखा जाये तो मुकाबला करीबी रहा है। मुम्बई की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल है, ऐसे में यहां बड़े स्कोर बनना तय है।




### टीम इस प्रकार है

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, शिवम दुबे, एमएस धोनी, जेमी ओवरटन, अकील होसेन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद।

इम्पैक्ट प्लेयरः गुरजापनीत सिंह

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), दानिश मालेवार, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), नमन धीर, सूर्यकुमार यादव,तिलक वर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड, मिशेल सेंटनर, कृष भगत, जसप्रीत बुमराह, एएम गजनफर।

इम्पैक्ट प्लेयरः अश्वनी कुमार

# धोनी वापसी के लिए तैयार नजर आ रहे, बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का किया अभ्यास



**मुम्बई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अब गुरुवार को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में वापसी कर सकते हैं। इसका संकेत इससे मिलता है कि धोनी ने गत दिवस वानखेड़े स्टेडियम में जमकर विकेटकीपिंग का अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने नेट्स में बल्लेबाजी की। धोनी के अलावा सरफराज खान और उर्विल पटेल ने भी अभ्यास किया। आयुष म्हात्रे के टूर्नामेंट से बाहर होने के कारण इस मैच में युवा उर्विल को भी अवसर मिल सकता है। धोनी ने अब तक इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेला है। जिससे सीएसके का प्रदर्शन बेहद खराब हुआ है। अभी टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर है और उनका नेट रन रेट भी निगेटिव है। ऐसे में अगर धोनी को टीम में जगह मिलती है तो ये टीम के लिए फायदेमंद होगा। धोनी निचले क्रम में छोटी-छोटी पारियां खेलते हैं, तो यह सीएसके के लिए बड़ा फायदमंद होगा कयोंकि इस सत्र में सीएसके की बल्लेबाज काफी कमजोर रही है। .वहीं मुंबई इंडियंस की ओरे इंग्लैंड के विल जैक्स भी टीम में वापसी करेंगे। जैक्स ने निजी कारणों से अब तक के मैच नहीं खेले थे। इस खिलाड़ी के आने से मुंबई इंडियंस को लाभ होगा। इस मैच में अगर रोहित शर्मा नहीं खेलते हैं, तो जैक्स को क्विंटन डिकॉक के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है।

# अब तक खेलने का अवसर नहीं मिलने से निराश नहीं हैं होल्डर



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में गुजरात टाइटंस टीम में शामिल वेस्टइंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने कहा है कि अब तक अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से निराश नहीं हैं। होल्डर ने कहा है कि वह अपनी ओर से पूरी तरह तैयार हैं और जो भी अवसर मिलेगा उसमें बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। होल्डर के अनुसार उनका मुख्य काम केवल अपने को तैयार रखना है। अंतिम ग्यारह में किसे अवसर मिलता है ये उसका काम नहीं है।

वहीं होल्डर को अब तक अवसर नहीं मिलने से सभी हैरान हैं। इस सत्र में वह अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाये हैं। इस क्रिकेटर ने कहा , कब खेलना है, कौन खेलेगा इन बातों में वह नहीं पड़ते। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम की जरूरतें उनके लिए सबसे ऊपर हैं और वह किसी भी भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चाहे वह बल्लेबाजी क्रम में कोई भी स्थान हो या गेंदबाजी में , होल्डर का कहना है कि अब उनका ध्यान हालातों के अनुसार अपेन को ढालने पर है। टीम जहाँ भी उन्हें इस्तेमाल करेगी, वही उनके लिए सही भूमिका होगी।

टाइटंस ने अब तक के मैचों में अन्य विदेशी खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है पर इस ऑलराउंडर को अवसर नहीं दिया है। हाल ही में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के बाद टीम संयोजन में बदलाव की संभावना प्रबल हो गई है, जिससे होल्डर जैसे खिलाड़ियों को मौका मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। होल्डर ने बताया, हारना हमेशा कठिनहोता है, लेकिन हमने ड्रेसिंग रूम में बैठकर सुधार के रास्तों पर चर्चा की है। उन्होंने टीम के साथियों में भरोसा जताते हुए कहा कि वे अगले मैचों में निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करेंगे और उनका पूरा ध्यान अब मजबूत वापसी पर केंद्रित है।

# खतरनाक पिच के कारण रद्द हुआ मैच, सील्स नहीं बना पाये रिकार्ड

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज में पारी प्रथम श्रेणी क्रिकेट लीग में त्रिनिदाद एंड टोबैगो के युवा तेज गेंदबाज जेडन सील्स के पास 10 विकेट लेने का अवसर था पर वह ये उपलब्धि हासिल नहीं कर पाये। सील्स लीवार्ड आइलैंड की पूरी टीम को अकेले ऑलआउट करने जा रहे थे पर इस मैच को बीच में ही रोकने के बाद रद्द कर दिया गया। इससे सील्स एक ऐतिहासिक रिकार्ड बनाने से रह गया। मैच रद्द होने का कारण पिच का खतरनाक और अप्रत्याशित व्यवहार था, जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।



यह वाकया लीवार्ड आइलैंड और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच खेला जा रहा था। इसमें लीवार्ड आइलैंड ने अपनी पहली पारी में 131 रन बनाए थे, जिसके जवाब में त्रिनिदाद एंड टोबैगो ने 175 रन बनाकर बढ़त हासिल की। जब लीवार्ड आइलैंड दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी, तो पिच काफी अजीब व्यवहार कर रही थी। गेंद कभी बेहद नीची रहती, तो कभी असामान्य उछाल लेती, जिससे बल्लेबाजों के लिए खेलना बेहद कठिन हो गया था। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के पेसर जेडन सील्स ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले सील्स ने दूसरी पारी में अपनी रफ्तार और सटीकता से विरोधी टीम के शुरुआती सात बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया था। वे अकेले ही पूरी पूरी टीम को आउट करने की ओर बढ़ रहे थे तभी खेल को अचानक रोक दिया गया।

मैच के बीच में रुकने का तात्कालिक कारण एक शॉर्ट पिच गेंद थी, जो लीवार्ड आइलैंड के बल्लेबाज जेरेमिया लुईस के हेलमेट पर जा लगी। गेंद की अप्रत्याशित उछाल ने लुईस को गंभीर रूप से हैरान किया। उन्होंने हेलमेट उतारा और मैदान पर ही गिर गए। इसके बाद उन्होंने निराशा में अपने हेलमेट को पैर से भी मारा, जो पिच की खतरनाक प्रकृति को स्पष्ट रूप से दिखाता था। इससे पहले भी पूरे दिन पिच पर असामान्य उछाल देखने को मिल रहा था, जिसे क्रिकेट में खतरनाक पिच की श्रेणी में रखा गया। ऐसी पिच पर खिलाड़ियों के गंभीर रूप से चोटिल होने का खतरा बहुत अधिक होता है। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मैच के तीसरे दिन ही खेल को रोकने के बाद रद्द कर दिया गया। इस फैसले से सील्स फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पूरी टीम के दस विकेट लेने का रिकार्ड अपने नाम नहीं कर पाये।

# भारतीय मूल के यूएई के क्रिकेटर यशराज ने डेब्यू मैच में किया प्रभावित

नई दिल्ली ।आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे भारतीय मूल के यूएई के क्रिकेटर यश राज पुंजा ने पहले ही मैच में अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है।यश राज को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था। यश राज ने अपने डेब्यू मैच में कोलकाता नाइटराइडराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ उन्होंने चार ओवरों में एक विकेट लिया।यश राज के भाई योधिन ने भी यूएई की ओर से सबसे कम उम्र में जूनियर स्तर पर खेला है पर उसे चोटिल होने के कारण खेल छोड़ना पड़ा था।ऐसे में यश के माता-पिता नहीं चाहते थे कि वह क्रिकेट खेलें पर अपनी जिद से यश ने आईपीएल तक का सफर तय किया है। यश ने अबु धाबी में क्रिकेट खेलने की शुरुआत की थी।वह पहले तेज गेंदबाज थे पर बाद में भाई की सलाह के बाद लेग-स्पिनर बन गये।इससे उन्हें काफी फायदा हुआ।उनकी गेंदों में उछाल ओर विविधता है जिसका सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए परेशानी भरा है।यश साल 2023 में क्रिकेट में कैरियर बनाने भारत आ गये।इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित राहुल द्रविड़ एकेडमी में प्रवेश ले लिया।दो साल के बाद ही साल 2025 में हुए महाराजा टी-20 ट्रॉफी में इस क्रिकेटर ने 10 मैच में 7.45 की इकॉनमी रेट से 23 विकेट लिए और दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये।इसके बाद यश राज को नेट गेंदबाज के तौर पर आईपीएल में अवसर मिल गया। .जिस प्रकार से ये खिलाड़ी निखर रहा है उससे भविष्य में इसके स्टार खिलाड़ी के तौर पर उभरने की संभावना है।



# कप्तान के तौर पर धोनी और रोहित को टक्कर देते नजर आ रहे श्रेयस



मुम्बई ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कप्तानी के आंकड़ों की बात करें तो चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके ) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और मुम्बई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकार्ड सबसे बेहतर माना जाता है।इन दोनों दिग्गजों ने अपनी-अपनी टीमों को पांच-पांच बार खिताब जिताया है।वहीं अब पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इन दोनो ही दिग्गजों को टक्कर देते हुए नजर आ रहे हैं। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जबकि पिछली बार उनकी कप्तानी में पंजाब उपविजेता रही थी।हाल के आंकड़ों को देखें तो अय्यर कप्तानी के मामले में तेजी से आगे आये है।उन्होंने अब तक कुल 93 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है, जिसमें उनकी टीम ने 55 मुकाबलों में जीत हासिल की है, जबकि उसे केवल 35 में ही हार मिली है।इस प्रकार उनका जीत का प्रतिशत 59.13 है, जो उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों की सूची में शीर्ष स्तर पर पहुंचा रहा है।उन्होंने केकेआर और पंजाब के अलावा दिल्ली कैपिल्स की भी कप्तानी की है। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को जबकि रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस को चैम्पियन बनाया पर जीत के प्रतिशत के मामले में श्रेयस इन दोनो के करीब पहुंच गये हैं।धोनी और रोहित ने जहां कई साल तक कप्तानी वहीं अय्यर कम समय में ही तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।श्रेयस एक एक परिपक्व कप्तान नजर आते है।जिस प्रकार उन्होंने साल 2024 में केकेआर की युवा टीम को एकजुट कर विजेता बनाया था उससे पता चलता है कि वह रणनीत बनाने में भी माहिर हैं।जिस प्रकार से वह आगे बढ़ रहे है उससे तय है कि आने वाले समय में वह काफी आगे निकल जाएंगे।

# ला लीगा फुटबॉल में रियल मैड्रिड, बेटिस और एथलेटिक ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**मैड्रिड (एजेंसी)।** यहां जारी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियल मैड्रिड, रियल बेटिस और एथलेटिक क्लब ने जीत के साथ ही खिताबी मुकाबले के लिए अपने-अपने कदम बढ़ाये हैं। रियल मैड्रिड ने जहां अलावेस को 2-1 से हराकर, वहीं रियल बेटिस ने गिरोना को 3-2 से और एथलेटिक क्लब ने ओसासुना को 1-0 से हराया। अब रियल मैड्रिड और नंबर पर चल रही बार्सिलोना के बीच अंतर कम होकर 6 अंक ही रह गया है। इससे खिताबी दौड़ और कड़े होने के संकेत मिले हैं। अब बार्सिलोना का सामना सेल्टा विगो से होगा और एटलेटिको मैड्रिड एल्चे का सामना करेगा।




मैड्रिड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। खेल के 29वें मिनट में ही स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने एक गोल दागकर टी को 1-0 से बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में भी मैड्रिड हावी रही और विनिसियस जूनियर ने एक गोल कर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। अलावेस के लिए टोनी मार्टिनेज ने इंजरी टाइम में एक गोल जरूर किया पर तब तक काफी देर हो गयी थी।

वहीं एक अन्य मुकाबले में, रियल बेटिस ने गिरोना को 3-2 से हराकर सात मैचों के बी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में शुरुआती गोल गिरोना के विक्टर त्सिगांकोव ने किया पर बेटिस की ओर से मार्क रोका और अब्दे एजालजौली ने गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इस जीत से बेटिस की लीग में स्थिति मजबूत हुई है।

एक अन्य मैच में एथलेटिक क्लब ने भी ओसासुना के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। इस जीत उसे उसपर लटक रहा रेलीगेशन का खतरा टल गया। इससे टीम ने तालिका में अपनी स्थिति को और बेहतर की है। टीम के लिए एकमात्र और निर्णायक गोल गोर्का गुरुजेटा ने किया। वहीं, टीम के गोलकीपर उनाई साइमन ने शानदार बचाव करते हुए टीम की जीत पक्की की। की, जिसने मैच का रुख बदलने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी ओर, मैलोर्का और वालेंसिया के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला।।

# डिविलियर्स ने किया था ताजमहल के सामने प्रपोज



जोहांसबर्ग ।दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी एबी डिविलियर्स अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण क्रिकेट जगत में छाये रहे हैं।मैदान पर चारों ओर शॉट खेलने के कारण वह मिस्टर 360 के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं।डिविलियर्स ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ये कहते हुए संन्यास ले लिया था कि उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताना है।उन्होंने अपने 14 साल के शानदार करियर में सबसे तेज शतक सहित कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। खेल के साथ ही मैदान के बाहर भी अपने अफेयर ओर शादी के लिए वह चर्चाओं में रहे हैं।इस दौरान भारत से भी उनका जुड़ाव इस कारण रहा कि उन्होंने शादी के लिए आगरा के ताजमहल के सामने प्रपोज किया था1 डिविलियर्स की पत्नी डेनियल डिविलियर्स भी एक सफल उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता रही हैं।वह प्रिटोरिया में एक इंडोर प्लेग्राउंड और कैफे चलाती हैं।डेनियल अक्सर चैरिटी के कामों में सक्रिय रहती हैं; आईपीएल 2016 के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से शेन वॉटसन के साथ एक गाना भी गाया था, जिससे पता चलता है कि वह सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाती हैं।डिविलियर्स और डेनियल का अफेयर साल 2007 में हुई, जब डिविलियर्स डेनियल के माता-पिता के होटल में दोपहर के भोजन के लिए गए थे।यहीं पहली बार डिविलियर्स ने डेनियल को देखा और प्रभावित हो गये। कुछ साल बाद, डिविलियर्स के भाई की शादी में दोनों की फिर मुलाकात हुई।इस बार डेनियल की सुरीली आवाज से डिविलियर्स मुग्ध हो गये।इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी और धीरे-धीरे प्यार हुआ।पांच साल तक डेटिंग के बाद इस क्रिकेटर ने डेनियल को प्रपोज कर दिया।डिविलियर्स ने साल 2012 में भारत दौरे के समय आगरा के ताजमहल के सामने घुटनों पर बैठकर डेनियल को शादी के लिए प्रपोज किया था।इस यादगार प्रस्ताव के ठीक एक साल बाद, 30 मार्च 2013 को, दोनों ने उसी होटल में शादी की, जहां उनकी पहली मुलाकात हुई थी।आज इन दोनो के तीन बच्चे अब्राहम डिविलियर्स, जॉन रिचर्ड डिविलियर्स और बेटी येंटे डिविलियर्स हैं।ये जोड़ सुखी जीवन जीत रहा है।

# तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतकीय पारी का राज खोला, रोहित शर्मा को दिया श्रेय



मुंबई ।तिलक वर्मा ने IPL में शतक लगाकर अपनी फॉर्म में लौटने में मदद के लिए रोहित शर्मा को धन्यवाद दिया जिन्होंने मैच की स्थिति के बारे में ज्यादा सोचे बिना पहली 15-20 गेंदें खेलने के लिए कहा था।तिलक ने 101 रन बनाकर मुंबई इंडियंस को 99 रनों की बड़ी जीत दिलाई जिससे मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार चार मैच हारने का सिलसिला तोड़ दिया।तिलक का 45 गेंदों पर बनाया गया नाबाद शतक, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे, एक धीमी शुरुआत के बाद आया जो एक समय 22 गेंदों पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। तिलक ने कहा, 'मैं खास तौर पर रोहित भाई से बात कर रहा था।उन्होंने मुझसे कहा, '15-20 गेंदें खेलो' और 'तुम जानते हो कि तुम क्या कर सकते हो।(रोहित ने कहा) अगर तुम 15 गेंदें खेल लेते हो, तो हर कोई जानता है कि उसके बाद तुम क्या करोगे।बस स्थिति या किसी और चीज पर ध्यान मत दो, 15 गेंदें खेलो और हम देखेंगे कि नतीजा क्या होता है।इससे मुझे आत्मविश्वास मिला और मैंने अपने मन में ठान लिया कि मैं 15 गेंदें खेलूंगा और उसके बाद बाकी चीजें देखूंगा।जब मैंने वे 15 गेंदें खेल लीं, तो अपने आप ही वह सहज-ज्ञान आ गया कि अब मुझे मारना है।' तिलक ने कहा कि IPL की खराब शुरुआत के बाद उन्होंने खुद पर कोई दबाव नहीं लिया जिसमें इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 20, 0, 14, 1 और 8 रन बनाए थे।तिलक ने कहा, '(कुछ मैचों में) मुझे विकेट पर ज्यादा समय नहीं मिला और मुझे शुरू से ही तेजी से खेलना पड़ा।कभी-कभी यह मेरे पक्ष में जाता है और कभी-कभी मैं आउट हो जाता हूं, इसलिए मैंने खुद पर ज्यादा (दबाव) नहीं लिया कि मैं अच्छी फॉर्म में नहीं हूं।'

# इटालियन ओपन में भी नहीं खेलेंगे ड्रेपर , फ्रैंच ओपन से कर सकते हैं वापसी

लंदन।इंग्लैंड के टेनिस स्टार जैक ड्रेपर चोटिल हो गये हैं।इस कारण वह इटली की राजधानी रोम में इसी माह के अंत में शुरु होने वाले इटालियन ओपन में भी नहीं खेलेंगे।ड्रेपर के घुटने में चोट लगी है।इसी कारण वह मैड्रिड ओपन से भी बाहर हैं।ड्रेपर के नहीं खेलने से उनके प्रशंसकों को निराशा हुई है।ड्रेपर कुछ समय पहले ही हड्डी में चोट से उबरे थे ।उस चोट के कारण वही व विंबलडन से भी बाहर रहे थे।अब मैड्रिड के बाद रोम से उनके नाम वापस लेने से उनकी फिटनेस को लेकर चिन्ता जतायी जा रही है हालांकि ये भी कहा जा रहा है कि वह 18 मई से शुरु हो रहे फ्रैच ओपन में खेल सकते हैं।घुटने की समस्या से वह पहले भी परेशान रहे है।इसी के कारण वह मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी नहीं खेल पाये थे। इसके अलावा बार्सिलोना में भी क्ले कोर्ट मैच के बीच में ही उन्हें हटना पड़ा था।इससे साफ है कि घुटने की चोट उनके लिए बड़ी परेशानी बन रही है।ड्रेपर ने रोम ओपन से बाहर होने की घोषणा करते हुए कहा, मेरे घुटने की नस में चोट बढ़ जाने के कारण मैं रोम में नहीं खेल पाऊंगा।साथ ही कहा कि मैं इस बार से राहत का अनुभव कर रहा हूं कि मुझे कोई बहुत गंभीर चोट नहीं है और तेजी से सुधार हो रहा है। ऐसे में मुझे उम्मीद है कि मैं फ्रेंच ओपन तक ठीक हो जाउंगा।जिससे मेरा वापसी का इरादा है।



# एकादश से बाहर बैठने का आदी नहीं लेकिन टीम माहौल के मुताबिक ढलना मेरी जिम्मेदारी : वेंकटेश

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की एकादश में नियमित तौर पर जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन यह हरफनमौला खिलाड़ी टीम की उन परिस्थितियों को भली-भांति समझता है जिनकी वजह से उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है। वह टीम मैनेजमेंट द्वारा दी गई भूमिका की स्पष्टता से संतुष्ट हैं। IPL 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के विजयी अभियान का हिस्सा रहे वेंकटेश IPL 2026 से पहले RCB से जुड़े, लेकिन अब तक उन्हें केवल एक ही मैच खेलने का मौका मिला है, क्योंकि बेंगलुरु टीम के शीर्ष और मध्यक्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

वेंकटेश ने यहां चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'मुझे बाहर बैठने की आदत नहीं है, लेकिन यह एक टीम का माहौल है। एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में जो टीम को सबसे ऊपर रखता है, मेरा कर्तव्य है कि मैं इस माहौल का पालन करूं।' वेंकटेश इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि आरसीबी उस संयोजन में बदलाव करने से हिचकेगी जिसने एक साल पहले उन्हें उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया था। उन्होंने कहा, 'हम गत चैंपियन हैं। खिताब दिलाने वाले संयोजन में बदलाव करना मुश्किल होता है। यह समझदारी भरा कदम नहीं होता। ऐसे में टीम से जुडे नये खिलाड़ी के तौर पर मेरा कर्तव्य है यह समझना कि मैं किस भूमिका में योगदान दे सकता हूं। इसका श्रेय मो (बोबाट), एंडी (फ्लावर) और डीके (दिनेश कार्तिक) को जाता है।'

उन्होंने कहा, 'उन्होंने टीम में मेरी भूमिका को लेकर बातचीत में शानदार स्पष्टता दी है। ईमानदारी से कहूं तो बाहर बैठना मुश्किल है। यह ऐसी चीज है जिसके लिए आप तैयारी नहीं कर सकते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं उनकी योजनाओं का हिस्सा नहीं हूं। यह 'अगर' नहीं बल्कि 'कब' का सवाल है।' RCB ने IPL 2025 से पहले हुई नीलामी में 31 वर्षीय वेंकटेश को सात करोड़ रुपए में खरीदा था, जो इससे पहले च्यक्रसे मिले 23.75 करोड़ रुपए की तुलना में काफी कम है। उनकी कीमत में आई गिरावट की तरह उनके लिए ऋष्टक्रमें खेलने के मौके भी कम हुए हैं, लेकिन वेंकटेश का मानना है कि इससे उनकी प्रेरणा पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, 'यह आसान नहीं है, लेकिन प्रेरित रहना बेहद जरूरी है क्योंकि आप आसानी से हताश हो सकते हैं और अपनी कार्यशैली को पीछे छोड़ सकते हैं। इसलिए मैं अपने मन को इस तरह तैयार करता हूं कि मैं हर मैच खेलने वाला हूं। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के साथ कुछ भी हो सकता है।'



200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग केस :

# जैकलीन की अप्रूवर बनने की अर्जी पर सुनवाई टली

### अब 8 मई को होगा फैसला



200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बार फिर नया मोड़ सामने आया है। दरअसल, बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की ओर से सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने के लिए दाखिल अर्जी पर पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी। जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा है, साथ ही एजेंसी ने जैकलीन की इस अर्जी का विरोध भी किया है। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत के सामने कहा कि जैकलीन की ओर से दायर की गई अर्जी आधारहीन है। साथ ही कोर्ट से अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार किया। इससे पहले पिछली सुनवाई में कोर्ट ने जैकलीन की अर्जी पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा हुआ है, जिस पर 200 करोड़ रुपए की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं। इस हाई-प्रोफाइल केस में जैकलीन फर्नांडिस का नाम तब सामने आया था, जब जांच एजेंसी ने दावा किया कि सुकेश ने ठगी के पैसों से उन्हें कई महंगे गिफ्ट्स दिए थे। इसी आधार पर ईडी ने उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया था।



# अक्षय के छूटे पसीने!

### वामिका गब्बी के 'बेतुके' जोक्स ने खिलाड़ी कुमार को किया परेशान

**अभिनेता** अक्षय कुमार इंडस्ट्री में अपने प्रैंक्स को लेकर काफी मशहूर हैं। उनके प्रैंक और मजाकिया लहजे को लेकर प्रशंसकों के बीच चर्चा रहती है। अक्सर इंडस्ट्री के सेलेब्स भी उनके इस लहजे से परेशान रहते हैं, लेकिन इस बार अक्षय किसी से परेशान होते नजर आ रहे हैं। दरअसल, अभिनेत्री वामिका गब्बी ने अपने बेतुके जोक्स से अक्षय को परेशान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अभिनेत्री अक्षय से कुछ पंजाबी जोक्स पूछ रही हैं, और अभिनेता का रिएक्शन देखने लायक है। पहले जोक में वामिका कहती हैं, 'सर, अगर किसी की मौसी दूर रहती है तो उसे इंग्लिश में क्या कहेंगे?' इसका जवाब खुद अभिनेत्री देते हुए कहती हैं, 'फार्मेसी।' इसके बाद वामिका ने दूसरा सवाल पूछते हुए कहा, 'दो लोग बैडमिंटन खेल रहे थे, पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। क्यों?' जब अक्षय जवाब नहीं दे पाए तो वामिका ने बताया, 'क्योंकि वे रैकेट का इस्तेमाल कर रहे थे। फिर वामिका ने तीसरा जोक मारा - 'ऐसी जगह का नाम बताओ जहां गाना गाने की इजाजत नहीं है?' उन्होंने जवाब दिया, 'नागालैंड'। ये सुनकर अक्षय कुमार हंसते हुए बोले, 'बस करो यार।' वामिका ने इस क्लिप को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 'प्रेमिका के पीजे पर हंसी हुई फरार, अक्षय सर बोले, 'बस करो यार।' भूत बंगला अब सिनेमाघरों में है। अपने टिकट अभी बुक करें।' ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है।

यूजर्स वामिका के जोक्स और अक्षय के रिएक्शन पर खूब हंस रहे हैं। फिल्म 'भूत बंगला' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल के अलावा, राजपाल यादव और मिथिला पालकर भी अहम रोल में नजर आ रहे हैं। हॉरर- कॉमेडी फिल्म को अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म प्रियदर्शन की दूसरी हिंदी हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 'भूलभुलैया' बनाई थी। यह फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।

# जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म की रिलीज टली

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अपने एक्शन अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का एक धमाकेदार पोस्टर रिलीज हुआ। इसमें फिल्म से जुड़ी जानकारी और बदली हुई रिलीज डेट भी मेकर्स ने साझा की है।

साउथ फिल्म 'आरआरआर' और बॉलीवुड फिल्म 'वॉर 2' में अपने एक्शन से जूनियर एनटीआर ने सबको अपना कायल बना दिया था। आगे भी उनका एक्शन अंदाज फैंस को देखने को मिलेगा। वह अपनी नई एक्शन भी फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। मंगलवार को मेकर्स ने जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म का एक पोस्टर साझा किया है। साथ ही बताया है कि यह फिल्म कब रिलीज होगी?

### एक्टर के जन्मदिन पर मिलेगी फिल्म की पहली झलक

जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म के पोस्टर में उनका इंटेंस लुक नजर आ रहा है। साथ ही इसकी पहली झलक या टीजर दर्शकों को 20 मई को देखने को मिलेगा। यह दिन मेकर्स ने इसलिए चुना है क्योंकि इस दिन जूनियर एनटीआर का जन्मदिन होता है। इस फिल्म को प्रशांत नील निर्देशित करेंगे।

कब रिलीज होगी जूनियर एनटीआर की फिल्म?

जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म पहले 25 जून 2026 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह टल गई है। जूनियर एनटीआर की फिल्म की नई रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। अब यह फिल्म अगले साल तक बनकर तैयार होगी। मेकर्स ने पोस्टर पर ही 11 जून 2027 की तारीख दी है।



### फिल्म की कहानी को लेकर भी दिया हिंट

फिल्म के पोस्टर को इंस्टाग्राम पर जूनियर एनटीआर ने भी साझा किया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, 'उसका राज, उसकी धरती।' इस एक लाइन से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह फिल्म में कोई दमदार किरदार करेंगे। साथ ही इस फिल्म में एक्शन की डबल डोज भी दर्शकों को मिल सकती है।

# सैयारा फेम एक्ट्रेस अनीत पड्डा पर टूटा दुखों का पहाड़, दादा के निधन से टूटीं अभिनेत्री

यश राज फिल्म्स की फिल्म 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाली अनीत पड्डा एक बार फिर निर्देशक मोहित सूरी की अपकमिंग फिल्म 'सतरंगा' में अहान पांडे के साथ दिखने वाली हैं, लेकिन इसी बीच अभिनेत्री पर दुखों का पहाड़ टूट चुका है क्योंकि जीवन के सबसे प्यारे इंसान ने उन्हें अलविदा कह दिया है। अनीत पड्डा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने दादा जी के निधन की जानकारी दी है, जो काफी समय से अल्जाइमर रोग से जूझ रहे थे। अभिनेत्री ने अपने दादा के हाथ की फोटो शेयर की है और अपने इमोशन को शब्दों के जरिए जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'मेरे जीवन का एकमात्र प्यार। आप मुझसे दूर जा रहे थे, लेकिन मक्खन (अनीत का निकनेम) को नहीं भूले। आपने प्यार को थामे रखा, भले ही आप यादों को थामे नहीं रख सके। मैं दोनों को थामे रहूंगी। मैं हमारे साथ बिताए सभी पलों को संजोकर रखूंगी। मैं एक अच्छा इंसान बनूंगी। मैं आपके चुटकुले याद रखूंगी और जब भी मौका मिलेगा उन्हें दोहराऊंगी। मैं आपकी दयालुता और आपकी रोशनी को हर अंधेरे कमरे में ले जाऊंगी। मैं आपकी कहानियां याद रखूंगी और दुनिया को सुनाऊंगी। मैं आपके प्यार को थामे रहूंगी। आपने मुझे सबसे शुद्ध और सबसे निशर्त प्यार करना सिखाया।' अनीत पड्डा ने लिखा, 'आज मैंने आकाश में सबसे चमकीला तारा देखा और मैं जान गई कि आप कहां गए। मैं आपसे प्यार करती हूं दादाजी और हमेशा अपनी सीमाओं से परे करती रहूंगी। अभिनेत्री के पोस्ट से साफ है कि वे अपने दादाजी के साथ कितना लगाव रखती थीं। बता दें कि सैयारा रिलीज के समय भी अभिनेत्री के दादाजी की तबीयत खराब होने के वजह से थिएटर नहीं आ पाए थे, लेकिन फोन में कुछ वीडियो को देखकर उन्होंने अनीत को पहचान लिया था और चेहरे पर बड़ी स्माइल आ गई थी। यह पल अभिनेत्री के लिए बहुत खास रहा था।





# पहली बार इस एक्टर संग काम करेंगे सूरज बड़जात्या

'हम साथ साथ हैं', 'हम आपके हैं कौन' और 'विवाह' जैसी हिट फिल्मों के डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने अपनी अगली फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म 'ऊंचाई' डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट भी डायरेक्टर ने कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ये अपडेट शेयर किया, और फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी भी दी।

### क्या है फिल्म का नाम?

सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है।

### फिल्म की स्टार कास्ट

इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अब तक इस प्रोजेक्ट की ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई थी, लेकिन मंगलवार सुबह मेकर्स ने फिल्म का टाइटल और रिलीज डेट दोनों अनाउंस कर दिए।

### हिमेश रेशमिया देंगे म्यूजिक

फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। आने वाले हफ्तों में फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आने की उम्मीद है।



# 'अब मैं बस वरुण का पापा रहूंगा'

### डेविड धवन की आखिरी फिल्म होगी 'है जवानी तो इश्क होना है'? डायरेक्टर बोले-

डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। हाल ही में 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म जल्द ही थिएटर्स में रिलीज होगी, लेकिन इससे पहले डेविड ने अपने करियर से जुड़ा एक बड़ा बयान दिया है, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जानिए उन्होंने क्या कहा।

एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए।




# 'राजा शिवाजी' के ट्रेलर लॉन्च पर छलके रितेश के आंसू

**अभिनेता** रितेश देशमुख की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा फिल्म 'राजा शिवाजी' का ट्रेलर सोमवार को जारी कर दिया गया। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा है, जो मई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर लॉन्च के लिए मुंबई में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम मौजूद नजर आई। इस दौरान रितेश और जेनेलिया काफी भावुक नजर आए। दोनों की आंखों में आंसू साफ नजर आ रहे थे। भावुक रितेश ने कहा, 'मैंने पहले सभी से कहा था कि अपने रुपए संभालकर रखिए। हमारे सिर पर छत्रपति शिवाजी महाराज का हाथ है। मुझे अच्छे से याद है कि स्कूल के समय एनुअल डे के दौरान बांसुरी बजाई थी और एक राजा का रोल भी किया था। वही मेरा घर था। आज वही शिवाजी महाराज का सैनिक इस मंच पर खड़ा है। महाराज की कृपा से मुझे आप सभी की तरफ से जोरदार तालियां मिल रही हैं। चाहे मंच हो, दिवाली हो, शिव जयंती हो या कोई भी नाटक-कला का रूप हो, वह इंसान बहुत भाग्यशाली होता है जिसे कोई किरदार निभाने का मौका मिलता है। मुझे यह मौका बचपन में ही मिल गया था।' उन्होंने आगे कहा, 'जियो स्टूडियोज और ज्योति देशपांडे ने इस प्रोजेक्ट में पूरा जोर लगाया है। मैं उनका बहुत आभारी हूं। संजू सर का भी मैं दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।' अभिनेता संजय दत्त ने भी फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म बहुत खास है। रितेश मेरा छोटा भाई जैसा है। मैं खुश हूं कि हमारे पिता के समय से ही हमारा परिवार एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। इस फिल्म में काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। ज्योति और पूरी टीम को बहुत बहुत धन्यवाद।' अभिनेता अभिषेक बच्चन ने ट्रेलर की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'ट्रेलर देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए। ज्योति, रितेश और पूरी टीम को शानदार फिल्म बनाने के लिए बधाई। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि, एक भावना है।

# यह करें जब बच्चे दें पलटकर जवाब



**कई बार बच्चे माता-पिता की बातों पर ठीक से जवाब नहीं देते हैं या फिर चिल्लाकर जवाब देते हैं। उनके ऐसे तौर-तरीकों से माता-पिता का आहत होना स्वाभाविक है लेकिन माता-पिता को ऐसे समय अपने बच्चों को समझना चाहिए। उनका दिल टटोलना चाहिए और उनके साथ मित्र की तरह पेश आना चाहिए। अगर बच्चों के उग्र व्यवहार को माता-पिता सही दिशा नहीं देते हैं तो बच्चे लगातार उसी तरह का व्यवहार दोहराते हैं। आइए जानें उन तरीकों को जिनके जरिए बच्चों के व्यवहार को संतुलित किया जा सकता है।**

### उसकी बात सुनें

जब भी बच्चा पलटकर जवाब दे तो माता-पिता को अपनी प्रतिक्रिया बहुत सावधानी से देना चाहिए क्योंकि यह बच्चे के साथ उनके संबंध को खराब कर सकती है। जब बच्चा गुस्से में है तब उसके प्रति अधिक उदार बनने की जरूरत है। ऐसे समय अगर आप सख्ती से पेश आएंगे तो बच्चे को लगेगा कि आप उसे कुछ भी बोलने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। इसके बजाय उसके मन में जो भी बात है उसे निकल जाने दें।

अगर माता-पिता बच्चे से कहते हैं कि 'हम तुम्हारे माता-पिता हैं और तुम इस तरह से कैसे बात कर सकते हो?' तो यह बात बच्चे को और चिढ़ाने वाली ही होगी। अगर आप ऐसे समय बच्चे से कह सकें कि इस विषय पर आप उसके साथ बाद में बात करेंगे तो बेहतर होगा।

### बच्चे की परेशानी जानें

बच्चे के चिढ़ने पर माता-पिता का गुस्सा करना जायज नहीं होगा बल्कि उन्हें बच्चे के चिढ़ने की वजह जानने की कोशिश करना चाहिए। हो सकता है कि बच्चा इसलिए गुस्सा कर रहा हो क्योंकि वह स्कूल में खुद को ठीक स्थितियों में नहीं पा रहा हो या फिर वह अपने दोस्तों के साथ ठीक तरह की स्थिति में न हो। स्कूल के होमवर्क का दबाव भी उसे चिढ़ा सकता है। जब भी वह पलटकर जवाब दे तो शांति के साथ उससे पूछिए कि आज उसके साथ क्या हुआ। वह बहुत सहजता के साथ आपके साथ बातचीत करेगा।



### बातचीत से समझाएं

जब भी बच्चा तेज आवाज में आपको पलटकर जवाब दे तो उसे बहुत शांति के साथ समझाएं कि उसका इस तरह का व्यवहार ठीक नहीं है। बच्चे अक्सर अपने दोस्तों को देखकर इस तरह का व्यवहार करना सीखते हैं और अगर उन्हें समझाया जाए कि इस तरह का व्यवहार के कारण उन्हें कोई पसंद नहीं करेगा तो वे इस तरह का व्यवहार दुबारा नहीं करेंगे।

### वह आपसे ही सीखता है

अगर आप बच्चों को कुछ सिखाना चाहते हैं तो उसके लिए आपको खुद मॉडल बनना होगा। अगर माता-पिता आपस में ठीक से बातचीत नहीं करते हैं या उपयुक्त संबोधनों का उपयोग नहीं करते हैं या एकदूसरे से ऊंची आवाज में बात करते हैं तो बच्चे भी उन चीजों को सीखते हैं। इसलिए अगर बच्चे को उपयुक्त व्यवहार सिखाना है तो माता-पिता को अच्छा व्यवहार करना होगा।

### उसकी तारीफ करें

जब भी बच्चे कोई अच्छा काम करते हैं तो उसकी तारीफ करने से न चूकें। ऐसा होने पर अगली बार वे उस तरह का व्यवहार करने को प्रेरित होंगे।



**महंगाई भरे इस जमाने में आज घर के सारे सदस्य ही जॉब या बिजनेस में व्यस्त है। बहुत सारे पैरेंट्स ऐसे हैं जो नौकरी करते हैं। ऐसे में उनके सामने बच्चों की देखभाल करने की कड़ी चुनौती होती है। बच्चों को अकेला घर में छोड़ कर जाना आसान काम नहीं है। अगर बच्चा समझदार नहीं हैं तो ऐसी परिस्थिति में उसे अकेला छोड़कर काम पर जाना मां-बाप की बेवकूफी कहलाएगी लेकिन अगर काम पर जाना आपकी मजबूरी है चो कुछ बातों का ख्याल रखें तो आप बच्चे को बिना किसी परेशानी के घर पर छोड़कर जा सकते है।**

## ध्यान दें

# बच्चे को घर पर अकेले छोड़कर जा रहे हैं!

1. बच्चे के पास कोई मोबाइल जरूर छोड़ें ताकि वह समय-समय पर आप से बात करता रहे और आप भी वक्त-वक्त पर उसकी खोज-खबर लेते रहें।
2. बच्चे को कुछ इमरजैंसी नंबर देकर जाएं ताकि कोई अनहोनी होने पर वह मदद बुला सके।
3. बच्चे को घर के किसी एक कोने या कमरे में बंद मत करें। वरना वह मुश्किल के समय में वहां से बाहर नहीं निकल पाएगा।



4. बच्चे को अपने सामने दरवाजा बंद करना और खोलना सिखाएं।
5. बच्चे के खाने-पीने की चीजें डाइनिंग टेबल पर ही रखकर जाएं ताकि भूख लगने कुछ खा सके।
6. उन्हें कोई न कोई क्रिएटिव काम देकर जाएं, जिससे उसका समय भी जल्दी बीत जाए और वह कुछ ऐसा नहीं करेगा जो उसके लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

# बच्चों को सर्दी-खांसी से बचाने के घरेलू उपचार



**हर साल सैकड़ों नवजात एवं छोटे बच्चे, विशेष कर कमजोर इम्यून सिस्टम की कमजोरी के कारण, सर्दी-खांसी का शिकार होते हैं। बच्चे इन्फेक्टेड हवा या किसी इन्फेक्टेड व्यक्ति की समीपता के कारण, विभिन्न प्रकार के इन्फैक्शन फैलाने वाले जर्म के संपर्क में आ जाते हैं। बीमार बच्चे की देखरेख, माँ-बाप समान रूप से मुश्किल हो सकती है। अमेरिकन बाल-रोग अकादमी, छः वर्ष से कम आयु के बच्चों को सर्दी-खांसी की दवाईयां ना देने की सलाह देती है क्योंकि माना जाता है कि बच्चों के लिए दवाईयों के प्रयोग से घातक दुष्परिणाम हो सकते हैं। इस कंडीशन में प्राकृतिक तरीकों से ही उपचार करना श्रेष्ठ है। घरेलू उपचार बच्चों की सर्दी-खांसी में राहत पहुंचा कर उनके इम्यून सिस्टम को शक्तिशाली बनाते हैं।**

**बच्चों को सर्दी-खांसी में कारगर नौ टॉप ट्रीटमेंट:**

### 1. स्पंज-स्नान

छोटे बच्चों का बुखार कम करने एवं शरीर के तापमान को ठीक करने हेतु, उन्हें दिन में दो से तीन बार ठन्डे पानी से अथवा स्पंज-स्नान करवाएं । स्पंज को कमरे के तापमान के बराबर-तापमान वाले पानी में भिगोकर उसका अतिरिक्त पानी निचोड़ लें । और फिर बच्चे के तापमान को कम करने के लिए उसके हाथ-पैर, कांख एवं उसके कमर से नीचे के हिस्से को पोंछे । एक अन्य विकल्प के तहत आप बच्चे के माथे पर गीली पट्टियां भी रख सकते हैं । गीली पट्टियों को कुछ-एक मिनटों के अंतराल पर बदलते रहें ।

### 2. नींबू

एक कढाई में चार-नींबू का रस, उनके छिलके और एक चम्मच अदरक की फांके लें । इसमें पानी डालें। इसे ढक कर 10 मिनट तक काढें । इस प्रकार तैयार पानी को अलग कर लें। अब इस तरल पेय में उतनी ही मात्रा में गर्म-पानी तथा स्वाद के लिए शहद मिलाएं। बच्चे को इस प्रकार तैयार गर्म नींबू-पानी दिन में दो-बार पीने को दें।

### 3. शहद

एक-वर्ष या फिर उससे कम आयु के बच्चों के लिए, जोकि सर्दी-खांसी से पीड़ति हों, शहद एक सुरक्षित उपचार है। दो चम्मच कच्चा शहद और एक चम्मच नींबू का रस मिला लें । हर, कुछ एक घंटों के अंतराल के बाद राहत दिलाने के लिए पिलायें । एक गिलास गर्म-दूध, शहद मिलाकर पीने से सूखी खांसी एवं सीने के दर्द में राहत मिलती है।



### 4. अदरक

छः कप पानी में, आधा कप बारीक कटे हुए अदरक की फांके और दालचीनी के दो छोटे टुकड़ों को 20 मिनट तक धीमी आंच पर पकायें। फिर इसे छानकर चीनी या शहद मिलाकर दिन में कई बार बच्चे को पीने के लिए दें । एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को बराबर मात्रा में गर्म-पानी मिलाकर पिलायें।

### 5. सेब का सिरका

एक हिस्सा कच्चा, बिना छाना हुआ सेब का सिरका और दो हिस्से ठंडा पानी मिलाकर उसमें दो पट्टियां भिगोयें। फिर उन्हें निचोड़कर एक को माथे पर और एक को पेट पर रखें। दस- दस मिनट के बाद पट्टियां बदलते रहें। प्रक्रिया को बुखार कम होने तक दोहरायें।

### 6.ब्रेस्ट फीड

ब्रेस्ट फीड बच्चों के लिए अति महत्वपूर्ण है, खासकर जब वे बीमार हों। जोकि उन्हें संक्रमण से लड़ने और शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता करते हैं। छः माह से कम आयु के शिशुओं को, सर्दी-खांसी से निजात दिलवाने के लिए, स्तनपान कराना चाहिए।

### 7. तरल पदार्थ

सुनिश्चित करें की आपके बच्चे को भरपूर तरल-पदार्थ मिलें। अन्यथा वह निर्जलीकरण का शिकार हो सकता है, जिससे समस्या अधिक गंभीर हो सकती है । शरीर में पानी का उचित स्तर, मल - निकास को पतला करके आपके बच्चे के शरीर से कीटाणुओं का निकास करने में और बंद-नाक,छाती जमने आदि की समस्या से बचाता है।



**इस मॉडर्न जमाने में लैपटॉप, स्मार्ट फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ बच्चों का सारा दिन व्यस्त रहना तो आप सी बात है। यहां तक की रातभर भी इन सब में व्यस्त रहते हैं। इन सबका उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।**

# देर रात जगने वाले बच्चे हो जाते हैं इस बीमारी का शिकार!



हाल ही में एक शोध में यह बात सामने आई है कि जो बच्चे देर रात तक जागते हैं, वह मोटापे का शिकार हो जाते हैं। उनका वजन में ही बढ़ना शुरू हो जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-बर्कले में काम करने वाले बाल-विशेषज्ञ लॉरेन असरनाउ की अध्यक्षता में यह शोध किया गया। इसके लिए 3,300 से भी अधिक किशोरों एवं वयस्कों पर शोध किया गया।

शोध के दौरान किशोर अवस्था से लेकर उनके व्यस्क होने तक उनमें होने वाले शारीरिक बदलाव का बड़ी बारीकी से अध्ययन किया गया। ये सारे आकंडे भी जुटाए गए कि इस अवधि के दौरान उन्होंने कितने घंटे की नींद ली है। उन्होंने पाया कि रात्रि के दौरान जब उन्होंने नींद नहीं ली तो उनकी बॉडी मास इन्डेक्स 2.1 प्वॉइंट बढ़ गया। इसी तरह उनका मोटापा 5 साल में बढ़ता ही गया। अधिकांश किशोर रात में 9 घंटे की सामान्य नींद भी नहीं लेते हैं। इस कारण स्कूल में उन्हें जगे रहने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ जो किशोर समय के अनुसार सोते रहे उनका शरीर सुडौल बना रहा है।

# बच्चे का वजन बढ़ाना है तो उन्हें खिलाएं ये आहार



अक्सर बच्चों को लेकर माता-पिता टेंशन में रहते हैं। बच्चों को पौष्टिक आहार न खाना, पढ़ाई और उनका जरूरत से ज्यादा मोटा और पतला होना भी उन्हें परेशान करता है। डब्लूएचओ ने भी हाल ही में घोषित किया है कि आजकल बच्चों का खानपान सही न होने की वजह से उनका वजन उम्र के हिसाब से सही नहीं होता है। बच्चों के सही वजन में भोजन सबसे ज्यादा सहायक होता है लेकिन आजकल के बच्चे खाने के मामले में बहुत नखरीले और अपनी मर्जी के मालिक होते है। ऐसे में बच्चों को क्या खिलाया जाएं कि वह स्वस्थ बने रहें और उनका वजन भी संतुलित रहे।

1. **मलाई सहित दूध:** अगर बच्चे का वजन कम है तो उसे मलाई वाला दूध पिलाएं। अगर उसे पीने में अच्छा नहीं लगता है तो शेक बनाकर दें ताकि उसके शरीर में मलाई पहुंच जाए।
2. **घी और मक्खन:** बच्चे को घी और मक्खन खिलाएं। इसे दाल में डालकर दें तो सबसे ज्यादा असर होगा।
3. **सूप, सैंडविच, खीर और हलवा:** ये चारों चीजें बच्चे के लिए फायदेमंद हैं। बस ध्यान रहें सारी चीजें सही मात्रा में ही बच्चों को दें।
4. **आलू और अंडा:** अंडा और आलू, दोनों में ताकत होती है। एक में प्रोटीन काफी ज्यादा होता है दूसरे में कार्बोहाईड्रेट। ऐसे में आप बच्चे को ये दोनों ही उबालकर खिला सकती हैं।
5. **स्प्राउट:** बच्चे को स्प्राउट खिलाएं, इससे उसका वजन सही होगा। अगर बच्चा बहुत छोटा है तो उसे दाल का पानी पिलाएं।
6. **दिनचर्या सही रखें:** बच्चे को स्वस्थ बनाना है तो उसकी दिनचर्या पर ध्यान दें। सही समय पर उसे आहार खिलाएं।

# कुछ हटकर होनी चाहिए बर्थ डे पार्टी

ज्यादातर परिवारों में बच्चों का बर्थ डे मनाने से थोड़ा संकोच किया जाता है और परिवार वाले मिलकर ही बच्चे का जन्मदिन मना लेते है। वैसे तो हर माता-पिता चाहते है कि उनके बच्चे का जन्मदिन कुछ इस ढंग से मनाया जाएं ताकि बच्चा अपना जन्मदिन कभी भूल न सकें। बच्चों को सबसे ज्यादा खुशी तब मिलती है जब उसके बर्थ डे पर पार्टी का आयोजन किया जाए और उसके दोस्तों को निमंत्रण दिया जाए , इसलिए याद रहे बच्चों को बर्थ डे मनाने से बहुत खुशी मिलती है। वे अपने आपको किसी से कम नहीं समझते।

### आमंत्रण पत्र

आप कम्प्यूटर से रंग-बिरंगे डिज़ाइन के आमंत्रण पत्र बना लें । अब बच्चे के बर्थ डे के आमंत्रण पत्र उन लोगों के घर भेजें, जिनके बच्चों को आप बुलाना चाहती हैं।

### बर्थ डे की शॉपिंग

बर्थ डे से तीन दिन पहले बाज़ार जाएं और अपनी डायरी पर लिखे अनुसार शॉपिंग करें। बच्चे की खुशी के लिए आप केक का चयन बच्चे से पूछ कर भी कर सकती हैं।

### स्कूल में बर्थ डे

अक्सर स्कूलों में बच्चों को बर्थ डे वाले दिन बर्थ डे ड्रैस डालने की इजाज़त होती है। आप इस दिन बच्चे को स्पेशल तैयार करें और खुशी से सामान देकर स्कूल भेजें। स्कूल में अध्यापक से इजाज़त लेकर सब बच्चों को गिफ्ट बांटना चाहिए।

### घर में बर्थडे पार्टी

जिस कमरे में केक काटने वाले हैं उसे कुछ बढ़िया से सजाएं । उस में हैप्पी बर्थ डे का बैनर भी लगाएं और केक रखने के लिए टेबल भी सजाएं।



केक से थोड़ा हट के चमकीली से भरे बड़े गुब्बारे को लटकाएं ताकि जब आप उसे फोडें तो उसकी सुनहर केक पर न गिरे।

### बर्थ डे गेम्ज़

अपने बच्चे के बर्थडे पर आप बच्चों से छोटी-छोटी गेम्स करवा सकती हैं। आप कई किस्म के खेल सोच सकती हैं जैसे आप एक टैडी बीयर ले लें और एक गोल दायरे में बच्चों को बिठा लें । कोई अभिभावक पीठ करके म्यूजिक लगाए। जब तक म्यूजिक चलता रहे बच्चे उस टैडी बीयर को एक तरफ से एक-दूसरे के आगे दें। जहां पर म्यूजिक रुके आप देखें, जिस बच्चे के हाथ में टैडी बीयर है उस बच्चे को कुछ सुनाने को कहें। ऐसा करने से बच्चों को खूब आनन्द आएगा।

### बर्थडे के पश्चात

आप चाहें तो डैकोरेशन का सारा सामान उतार कर ठीक-ठाक ढंग से रख लें। उसी में कुछ और डाल कर आप अगले बच्चे का बर्थडे भी मना सकते हैं।